रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 5 फरवरी 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 164 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### भाजपा ने प्रधान को बनाया कर्नाटक का चुनाव प्रभारी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधान को कर्नाटक में विधानसभा चुनाव का प्रभारी तथा तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई को सह प्रभारी नियुक्त किया है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव मई में होने हैं।

### नागालैंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 21 उम्मीदवार किए घोषित

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने नगालैंड विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। कांग्रेस के चुनाव प्रभारी महासचिव मुकुल वासनिक ने उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों का चयन किया है। पार्टी के प्रमुख उम्मीदवारों में के थेरी, एस आमेंटो चिशी, वी लासुह, एसके संगतम, टी थॉमस कोन्याक और रोज़ी थॉमसन शामिल हैं।

# नहीं थम रहा वन्यजीवों के मौत का सिलसिला

## बलौदाबाजार में राष्ट्रीय पक्षी मोर तथा धरमजयगढ़ में एक हाथी की मौत

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार/रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में लगातार वन्यजीवों की दर्दनाक मौत हो रही है। विगत सालों में तकरीबन 3 दर्जन से अधिक हाथियों की मौत विभिन्न कारणों से हो चुकी है। ताजा मामला धरमजयगढ़ का है जहां पर शनिवार को एक और हाथी की मौत हो गई। धरमजयगढ़ वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गेरसा गांव के जंगल में मादा जंगली हाथी की संदिग्ध परिस्थिती में मौत हो गई। विभाग के अफसर मौत के कारणों को प्राकृतिक बता रहे है तो वही वन्यजीव प्रेमी लगातार हो रहे मौत के बीच सवाल खड़ा कर रहे है। कुछ लोगों का कहना है कि यह हाथी कुछ दिनों से बीमार थी। वही वनमण्डलाधिकारी अभिषेक जोगावत का कहना है कि हाथी की उम्र 70 से 75 वर्ष थी और मौत के दौरान स्टाफ वहा मौजूद थे। हाथी को पानी पिलाने की भी कोशिश की गई। बताया जा रहा है कि मादा हाथी के साथ एक शावक भी सुबह तक मौजूद रहा, बाद में वह जंगल में वापस चला गया। पायनियर को बताते हुए वनमण्डाधिकारी ने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह शावक इसी मादा हाथी का बच्चा है। बहरहाल पूरा विभाग जांच में जुट गया है। पोस्टपार्टम रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक जानकारी सामने आ सकेगी।

## सुरक्षा भगवान भरोसे, राष्ट्रीय पक्षी मोर समेत 18 पक्षियों की मौत

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में शिकारियों के हौसले बुलंद है, वन्य एवं पर्यावरण कानून कायदे को उन्हें कोई डर नहीं है। जंगलों में शिकारियों के बिछाए करंट प्रवाहित तार, जहर से वन्य प्राणियों की मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा कि अब राष्ट्रीय पक्षी मोर की भी दर्दनाक मौत हो गई। ताजा मामला सोनाखान रेंज अंतर्गत हतौद बीट का है, स्थानीयों से मिली जानकारी के अनुसार जंगली पक्षियों को मारने के लिए शिकारियों ने नदी किनारे दाना डाल और पानी मे यूरिया मिला दिया था, जिसके खाने एवं पानी पीने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की दर्दनाक मौत हो गई। हिरण के मौत का मामला एक दिन नहीं बीता था कि अब इस घटना से वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग ने राष्ट्रीय पक्षी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर दाह संस्कार करा दिया है। बताया जा रहा है कि इस घटना में मोर समेत 18 जंगली पक्षियों की मौत ही गई। गश्त के दौरान उक्त घटना सूचना पर मौके पर पहुंचे वन दस्ते को देखते ही शिकारी भाग खड़े हुए, वहीं वन दस्ते ने सभी पक्षियों को अपने कब्जे में लिया और पशु चिकित्सक ने पोस्टमार्टम कर सभी का दाह संस्कार करवा दिया। पशु चिकित्सक ने बताया कि मामला प्रथम दृष्ट्या जहर खुरानी का है।

# सीएम बघेल ने प्रदेश के पहले मोबाइल मिलेट कैफे 'मिलेट ऑन व्हील्स' को खरसिया में हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## 'मिलेट ऑन व्हील्स' है प्रदेश का पहला चलता फिरता मिलेट कैफे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ जिले के खरसिया में प्रदेश के पहले मोबाईल मिलेट कैफे 'मिलेट ऑन व्हील्स' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर रागी से बना केक काटा। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे मिलेट के उपभोग के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने इस मोबाइल कैफे का संचालन करने वाली महिला समूह को अपनी शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि जिला प्रशासन रायगढ़ की पहल पर शुरू हुआ यह 'मिलेट ऑन व्हील्स' कैफे एक चलता फिरता मिलेट कैफे होगा। जिसमें रागी, कोदो, कुटकी से बने लजीज व्यंजन परोसे जायेंगे। इसे अनुभव महिला समूह संचालित करेगा। इस मोबाइल मिलेट कैफे में रागी का चीला, डोसा, मिलेट्स पराठा, इडली, मिलेट्स मंचूरियन, पिज्जा, कोदो की बिरयानी और कुकीज जैसे पकवान चखने को मिलेंगे। गौरतलब है कि मोटे अनाजों के उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर मिलेट मिशन चलाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट ईयर के रूप में मनाया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी, रागी की समर्थन मूल्य पर की जा रही है खरीदी

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में मिलेट्स को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी और रागी का ना सिर्फ समर्थन मूल्य घोषित किया गया अपितु समर्थन मूल्य पर खरीदी भी की जा रही है। इस पहल से छत्तीसगढ़ में मिलेट्स का रकबा डेढ़ गुना बढ़ा है और उत्पादन भी बढ़ा है। मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में विधायकों और मीडिया के लिए मिलेट्स से बने व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए दोपहर भोज का भी आयोजन किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ में मिलेट कैफे भी प्रारंभ हो चुका है। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के नथिया-नवागांव में मिलेट्स का सबसे बड़ा प्रोसेसिंग प्लांट भी स्थापित किया जा चुका है। मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए गौठानों में विकसित किए जा रहे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में मिलेट्स प्रोसेसिंग प्लांट लगाए जा रहे हैं।

# राज्यपाल उइके ने पंजाब के राज्यपाल से की सौजन्य भेंट



पायनियर संवाददाता < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके अपने प्रवास क्रम में शनिवार को राजभवन चंडीगढ़ पहुंची। राजभवन में उन्होंने पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से सौजन्य भेंट की। दोनों ही राज्यपालों ने एक-दूसरे का कुशलक्षेम जाना और विभिन्न समसामयिक गतिविधियों तथा अपने-अपने प्रदेशों से जुड़े विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल उइके ने राज्यपाल पुरोहित को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। राज्यपाल उइके के राजभवन चंड़ीगढ़ पहुंचने पर सचिवालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी उनका आत्मीय स्वागत किया।

## अभा कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पवन बसंल, प्रभारी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल एवं महासचिव तारिक अनवर आज राजधानी में

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पवन बंसल, प्रभारी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, महासचिव तारिक अनवर आज सुबह 9.40 को रायपुर पहुंचेंगे। सुबह 11.30 बजे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 85वां महाधिवेशन स्थल पर चल रहे तैयारियों का जायजा लेंगे। दोपहर 3 बजे महाधिवेशन हेतु चल रहे तैयारियों की समीक्षा बैठक में शामिल होगे। शाम 6 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा रायपुर से नई दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

## कांग्रेस ने शराब घोटाले को लेकर केजरीवाल से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कथित शराब घोटाले को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर एक बार फिर निशाना साधा और उनसे तथा उनके मंत्रिमंडल के दो सदस्यों मनीष सिसोदिया एवं सत्येंद्र जैन के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेता अजय माकन ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शराब घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय-ईडी के आरोप पत्र में अरविंद केजरीवाल को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है और कहा गया है कि इसमें कम से कम 100 करोड़ रुपये की रिश्वत ली गई है। उनका कहना था कि एक अदालत ने गुरुवार को आरोपपत्र पर संज्ञान लिया है। और सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने की अनुमति दी है।


## हरित ईंधन के प्रति लोगों को जागरूक करने रैली को दिखाएंगे हरी झंडी

# पीएम मोदी सोमवार को कर्नाटक में हेलीकाप्टर कारखाने का करेंगे उद्घाटन

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को कर्नाटक के दौरे पर जाएंगे और बेंगलुरु में भारत ऊर्जा सप्ताह, 2023 का उद्घाटन करेंगे और पेट्रोलियम में एथेनॉल मिश्रण उत्तरोत्तर बढ़ाने के लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत प्रधानमंत्री ई-20 ईंधन को आरंभ करेंगे। पीएम मोदी तुमकुरु में हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लि (एचएएल) के हेलीकॉप्टर कारखाने का लोकार्पण भी करेंगे। यह एशिया की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर निर्माण सुविधा है। इसकी आधारशिला भी 2016 में प्रधानमंत्री ने ही रखी थी। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक कर्नाटक के इस दौरे में श्री मोदी हरित ईंधन के प्रति लोगों में जागरुकता के लिये ग्रीन मोबिलिटी रैली को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और इंडियन ऑयल की 'अनबॉटल्ड' पहल के तहत कुछ वर्दियों का अनावरण करेंगे जो प्लास्टिक की पुरानी बोतलों के पुनर्चक्रण से तैयार सामग्री से बनायी जा रही हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक प्रधानमंत्री इंडियन ऑयल इंडोर सौर कुकिंग प्रणाली के ट्विन-कुकटॉप मॉडल का लोकार्पण करेंगे, यह घर के भीतर सौर ऊर्जा से खाना पकाने का क्रांतिकारी समाधान है, जो सौर के साथ-साथ सहायक ऊर्जा स्रोतों से भी काम करता है। प्रधानमंत्री तुमकुरु औद्योगिक टाउनशिप और तुमकुरु में दो जल जीवन मिशन परियोजनों की आधारशिला भी रखेंगे। बेंगलुरु में तीन दिन के भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन कार्यक्रम दिन में साढ़े ग्यारह बजे होगा और श्री मोदी लगभग साढ़े तीन बजे तुमकुरु में हेलीकॉप्टर कारखाने का लोकार्पण में भाग लेंगे तथा वहां विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्देश्य ऊर्जा अंतरण महाशक्ति के रूप में भारत की बढ़ती क्षमता को प्रदर्शित करना है। इस आयोजन में पारंपरिक और गैर-पारंपरिक ऊर्जा उद्योग, सरकारों और अकादमिक जगत की हस्तियां एकत्र होंगी। कार्यक्रम में 30,000 से अधिक प्रतिनिधि, 1000 प्रदर्शनकर्ता और 500 वक्ता भारत के ऊर्जा भविष्य की चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करेंगे।इसमें विभिन्न देशों के 30 से अधिक मंत्रियों के आने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री वैश्विक तेल और गैस संस्थानों के सीईओ के साथ गोलमेज संवाद करेंगे। वह हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अनेक पहलों का शुभारंभ भी करेंगे। भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिये एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को बढ़ावा दे रही है। इथेनॉल उत्पादन क्षमता में 2013-14 से छह गुना वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2014 से 2022 के दौरान एथेनॉल आपूर्ति के लिये लगभग 81,800 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया तथा किसानों को लगभग 49,000 करोड़ रुपये से अधिक का हस्तांतरण किया गया है। एथेनॉल मिश्रण रोडमैप के अनुरूप पीएम मोदी इस कार्यक्रम में 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में तेल विपणन कंपनियों के 84 खुदरा पंप में ई-20 ईंधन की शुरुआत करेंगे। ई-20 ईंधन के तहत पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल का मिश्रण किया गया है। सरकार का उद्देश्य है कि 2025 तक एथेनॉल का मिश्रण पूरी तरह 20 प्रतिशत तक पूरा कर लिया जाये। इसके साथ ही तेल विपणन कंपनियां 2जी-3जी एथेनॉल संयंत्र लगा रही हैं, जिससे इस कार्य में प्रगति होगी।



# विधायक अनूप नाग के प्रयासों से अंतागढ़ विधानसभा को मिली करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात

## कुल 4 करोड़ 14 लाख 11 हजार रुपए के विकास कार्य हुए स्वीकृत, शिक्षण संस्थाओं पर ज्यादा रखा गया ध्यान

■ छात्रावास, आश्रम भवनों में मरम्मत, विद्युतीकरण, पेयजल, भवन निर्माण एवं अन्य लघु मरम्मत कार्यों की मिली स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◄ पखांजुर
www.dailypioneer.com

अंतागढ़ विधायक अनूप नाग ने अपने विधानसभा क्षेत्र में एक बार फिर 4 करोड़ 14 लाख 11 हजार रुपयों के विकास कार्यों की सौगात दी है। विधायक अनूप नाग की अनुशंसा पर अंतागढ़ विधानसभा अंतर्गत अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा ब्लॉक के विभिन्न बालक-बालिका आश्रम, छात्रावासो, स्कूल विद्यालय सहित विभिन्न पंचायतों के विभिन्न गांवों में विद्युतीकरण, पेयजल के लिए बोरिंग निर्माण, मरम्मत कार्य, शौचालय निर्माण, किचन शेड, आदिवासियों के देवस्थल देवगुड़ी निर्माण, रंगमंच निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, शालाओं में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य सहित कई विकास कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है । बालक आश्रम तालाबेड़ा में दरवाजा खिड़की मरम्मत एवं आहता निर्माण सहित प्लास्टर कार्य के लिए 5.20 लाख रुपए, बालक आश्रम बैहासाल्हेभाट में शाला भवन निर्माण एवं आहता निर्माण के लिए 15 लाख रुपए, बालक आश्रम अमोड़ी में शाला भवन छत मरम्मत, बोरवेल खनन एवं आहता निर्माण के लिए 6.30 लाख रुपए, बालक आश्रम पोडगांव में विद्युत मरम्मत, रंगाई पुताई के लिए 5 लाख रुपए, प्री. मै.कन्या छात्रावास अंतागढ़ क्र.1 में छत मरम्मत, विद्युत मरम्मत, रंगाई पुताई, बार्वेड वायरिंग, नवीन बोरवेल खनन एवं आहता ऊंचाई के लिए 4.20 लाख रुपए, आदर्श प्री.मै.कन्या छात्रावास अंतागढ़ क्र.2 में छत मरम्मत, फर्श मरम्मत, विद्युत मरम्मत, रंगाई पुताई के लिए 6.50 लाख रुपए, आदर्श प्री.मै.कन्या छात्रावास ताड़ोकि में प्लास्टर रिपेयरिंग एवं रंगाई पुताई के लिए 2.5 लाख रुपए, आदर्श प्री.मै.बालक छात्रावास कोदागाव में विद्युत मरम्मत एवं 3-3 शौचालय स्नानघर निर्माण के लिए 5.50 लाख रुपए, प्री.मै.बालक छात्रावास भैसासुर में भवन मरम्मत एवं रंगाई पुताई के लिए 3.50 लाख रुपए, प्री.मै.बालक छात्रावास सरंडी में छत मरम्मत एवं नवीन बोरवेल खनन के लिए 2 लाख रुपए, प्री.मै.बालक छात्रावास बोंदानार में किचन सह स्टोर निर्माण, खिड़की दरवाजा मरम्मत कार्य के लिए 3.50 लाख रुपए, प्री.मै.बालक छात्रावास करेंगाव में 4-4 शौचालय स्नानघर निर्माण एवं नवीन बोरवेल खनन के लिए 6.80 लाख रुपए, पो.मै.कन्या छात्रावास अंतागढ़ में किचन शेड एवं नवीन बोरवेल खनन के लिए 2.80 लाख रुपए।



### विद्यालयों में भवन निर्माण के लिए हुए 55 लाख स्वीकृत

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमाबेड़ा, भैसासुर, ताडोकी, बोंदानार, पोडगांव, कोयलीबेड़ा, बड़गांव, बांदे, गोंडाहुर, एसेबेड़ा, छोटे बेटिया में 5-5 लाख रुपए की लागत से भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई ।

### दर्जनों गांवों में सामुदायिक भवन, रंगमंच निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों की स्वीकृति

टेमरूपानी में 4 लाख रुपए से सामुदायिक भवन निर्माण, लामकन्हार में शेड निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, उसेली में शेड निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, बोंदानार में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, कोलर में शेड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रुपए, मासबरस में रंग मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, बेलोण्डी में शेड निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, कोयलीबेड़ में रंग मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, तुरसानी में रंग मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, दुर्गापुर में मुक्ति धाम निर्माण के लिए 4.80 लाख रुपए, ताड़वायली में सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, मायापुर विद्यालय में साइकिल स्टैंड निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, कन्हारगांव-घोड़ागाव-देवदा में देवगुडी निर्माण के लिए 5-5 लाख रुपए, कोरेनार में रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए।

# एटम बम के दौर में, गांधी विचार ही प्रकाश स्तंभ : महेंद्र विरदी

पायनियर संवाददाता ◄ थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com




स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उ मा वि में पिछले दिनों एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा देश की रक्षा में कुर्बान हो जाने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। प्रारंभ में प्रमुख अतिथियों जिला भाजपाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, महेन्द्र विरदी तथा विनोद शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर तथा माँ सरस्वती, भारत माँ, ऊँ के छायाचित्रों की पूजा अर्चना की गयी। अतिथि राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय सलाहकार महेंद्र विरदी ने संबोधित करते हुए कहा सैनिक और भगवान विपत्ति में काम आते हैं सैनिकों की शहादत से हम और हमारा राष्ट्र सुरक्षित है, किसी विचारक ने कहा था इस सदी में या तो गांधी बचेंगे या एटम बम बचेगा पर हम देख रहे हैं एटम बम बनाने वालों की संख्या बढ़ रही है और गांधी के विचार सिकुड़ता जा रहा है इस संकीर्णता के दौर से गांधी का रास्ता बचा सकता है और इस आपाधापी भरी दुनिया में गांधी और उनके विचार ही प्रकाश-स्तंभ है।कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुये पुरूषोत्तम अग्रवाल ने कहा कि नागरिकों में राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत करने, देश की रक्षा में मर मिट जाने वाले शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के ध्येय से प्रतिवर्ष एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। विद्यालय के भैया - बहनों के अलावा बलराम सिंह ठाकुर, ढाल सिंह राजपूत, कमलकिशोर शर्मा, राकेश जोशी, पुरूषोत्तम अग्रवाल, विनोद शर्मा, बृजमोहन साहू आदि ने देशभक्ति की रचनायें प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि देश में दो विचारधारा के लोग हैं एक भारत को भूमि का टुकड़ा मानते हैं तो दूसरे इसे माँ का दर्जा देते हैं। देश को भूमि का टुकड़ा मानने वाले लोग यहाँ के संसाधनों का तो भरपूर दोहन करते हैं लेकिन अपने कर्तव्य से विमुख हो जाते हैं,जोशी ने बताया कि देश के शहीदो के बारे में ठीक से नहीं पढ़ाया गया कुछ लोग एक ही परिवार खानदान को शहीदों में गिनते हैं। शिव केडिया ने भी विचार रखे। इस अवसर पर सुरेश सिंघानिया, पुरूषोत्तम सिंघानिया, देवकुमार ताम्रकार, देवानंद त्रिपामठी, अनिल सिंघानिया, बजरंग केडिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक, आचार्य बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन साहू ने किया।

# मंडी में किसानों के लिये बनेगा खाद गोदामः गिरीश देवांगन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com





खाद गोदाम के भूमि पूजन के अवसर पर खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए खाद गोदाम और पंप हाऊस का निर्माण किया जाएगा। कृष ऊपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविंद्र चोबे,खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवाँगन के अनुशंसा से मंडी से भेजे सभी प्रस्ताव पर स्वीकृति के उपरांत भाटापारा विधान सभा के धान उपार्जन केंद्र पाटन, मोपका, धनेली, मिरगी, खेरी (क़), देवरी, धुर्राबांधा, मनोहरा, बनसंकरा, कामता, डोंगरिया, तुलसी, सिंगारपुर, गोड़ीं(टी), गाँव गाँव के धान उपार्जन केंद्रो में खाद गोदाम का निर्माण 500 मेट्रिक टन और इसी तरह धान उपार्जन केंद्र गुर्रा,केशला, निपानिया,टेहका,खेरा,पोसरी,मर्राकोना,धेकुना,दामाखेड़ा,,केसदा,मोहभट्टा में 200 मेट्रिक टन की छमता वाले खाद गोदाम सहित बोर खनन सह पम्प हाउस का निर्माण होगा, खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवाँगन ने अनेक धान उपार्जन केंद्रो में खाद गोदाम का भूमिपूजन कर उपस्तिथ किसानो का तिरंगा गमछा पहना कर सम्मानित कर जन समुदाय को सम्बोधित करते हुये कहा कि किसान का बेटा भूपेश बघेल मुख्यमंत्री आपके आशीर्वाद से बना है,भूपेश बघेल स्वयं किसान होने के कारण किसानो की समस्याओं से पूरी तरह परिचित है,किसानों के हितार्थ सभी कार्य कराये जा रहे है खाद गोदाम निर्माण होने से किसानो को बहुत फ़ायदा होगा, मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के सभी प्रस्ताव पर कार्य संपन किया जा रहा है आगे भी अनेक गाँवों के धान उपार्जन केंद्रो में किसान भवन और किसान कुटीर का निर्माण शीघ्र ही किया जायेगा,भाटापारा मंडी के द्वारा किसान हित में करोड़ों रुपयों के कार्य सम्पन्न कराया जा चुका है हमारी कांग्रेस सरकार में विकास के लिये पैसों की कोई कमीं नही होने देंगे। कार्यक्रम के दौरान किसानो ने गाँव की अन्य समस्याओं से भी गिरीश देवांगन को अवगत कराया गया।

# अभा यदुवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु ने नियुक्ति पत्र से किया सम्मानित

## ईन्दरू यदु बने अभा यदुवंशी महासभा के युवा जिलाध्यक्ष

■ यादव समाज के साथ मानव जात के लिए कार्य करने लिया शंकल्प

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



अभा यदुवंशी महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष व शिवसेना के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु ने अपनी कार्यकारणी का विस्तार कर अकलतरा भाटापारा निवासी ईन्दरू यदु को उनके द्वारा लगातार सतत रूप से समाज के लोगों के लिए किये जा रहे अग्रणी कार्यो के लिए उन्हे सम्मानित करते हुए अभा यदुवंशी महासभा बलौदाबाजार - भाटापारा का जिलाध्यक्ष बनाया गया साथ ही लक्ष्मीनारायण यदु को जिला सचिव, रेशम यदु को जिला उपाध्यक्ष, राजेश्वरी यादव को जिला कानुनी सलाहकार, दिनेश यदु को भाटापारा ब्लाँक महासचिव , संदीप यदु को भाटापारा नगर अध्यक्ष एवं बलदाऊ प्रसाद यादव को बिलासपुर जिला महासचिव के पद पर न्युक्ति पत्र देते हुए मंच में सम्मानित करते हुए यादव समाज व मानव जाति की सेवा करने दबे कुचले असहाय लोगों की रक्षा करने का शंकल्प दिलाया गया। सभी की न्युक्ति से बलौदाबाजार जिले के यादव समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त बधाई एवं शुभकामनाए दिया हैं जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव भीखम यदु, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण यदु, खोमलाल यदु, शंकर यादव, प्रदेश संगठन मंत्री भावेश यदु, प्रदेश मिडिया प्रभारी पेखन यदु, जिला महासचिव मनोज यदु, किशोर यादव, दिनेश यादव, गीता यादव , पुष्पा यादव, भुरू यादव, रितेश यादव, पवन यादव, दुर्गेश यदु, शुभम यादव, मेलन यादव, अनिल यादव, अजय यदु, एवं यादव समाज के लोगों ने बधाई दिया हैं।

# छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज ने किया 54 वर्षीय साइक्लिस्ट इंद्रसेन अग्रवाल का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज का 47वा वार्षिक अधिवेशन इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि करने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि इंद्रसेन अग्रवाल जो कि शहर के साइकिलिस्ट है, जिन्होंने एक ही साइकिल सत्र में 200,300,400 एवम 600 किमी साइकिल चलाकर सुपर रेंडोनियर्स का खिताब अपने नाम कर अग्रवाल समाज के प्रथम सुपर रेंडोनियर बन चुके है। साथ ही इंद्रसेन अग्रवाल पिछले वर्ष मनाली से खारदुंगला जो की विश्व की सबसे ऊंची मोटरेबल सड़क में साइकिल चलाकर एक नया मुकाम तय किया था। वर्तमान में इन्होंने नर्मदा परिक्रमा जोकि अमरकंटक से गुजरात तक जाकर, एवम वापस अमरकंटक आकर साइकिल से परिक्रमा संपन्न की। उनकी यह यात्रा 34 दिनों में लगभग 3200 किलोमीटर चलाकर संपन्न हुई। समाज के इस वार्षिक अधिवेशन पुरखा के सुरता मंच पर, जिसके विशेष अतिथि गिरीश देवांगन, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम, गिरीश चंदेल, कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय, रायपुर, दाऊ सुशील सन्नी अग्रवाल, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवम संनिनिर्माण कर्मकार मंडल, एवम कार्यक्रम अध्यक्ष अजय दानी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज उनका सम्मान किया गया । इस अवसर पर इंद्रसेन अग्रवाल को समाज के सदस्यों ने बधाई दी।

# बजट को ऐतिहासिक बताते हुए भाजपा नेताओं ने स्वागत किया

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



Mohan Bandhe

केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को ऐतिहासिक बताते हुए भाजपा नेताओं ने स्वागत किया है एक संयुक्त बयान में भाजपा के अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ मोहन बांधे ,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर सिंह सोनी महामंत्री योगेश अनंत, गोपाल देवांगन ने प्रस्तुत बजट को सभी वर्गों की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला बताते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जब काम धंधे पूरी तरह से चौपट हो गए थे तब रोज कुआ खोद कर प्यास बुझाने वाले लोगों के लिए भोजन का संकट मिटाने के लिएमोदी सरकार ने गरीबों को राहत पहुंचाने की दृष्टि से पूर्व में मिल रहे मुफ्त अनाज के अतिरिक्त देश के 80लाख परिवारों को 5 किलो अनाज प्रति व्यक्ति देने की व्यवस्था की जो कि दुनिया में कहीं किसी देश के द्वारा यह नहीं दिया जाता है। विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल ने कहा किइस वर्ष के बजट ने बिगड़ी अर्थव्यवस्था में नई परंपरा के साथ राहत की सांसे दी है विशेकर मध्यमवर्गीय परिवार को आयकर की सीमा 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख करने से लाखों छोटे व्यापारियों को लाभ होगा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील यदु ने कहा कि कौशल योजना से शिक्षा को रोजगारनमुखी बनाने के लिए डेढ़ लाख युवाओं को कौशल उन्नयन योजना के तहत 3 वर्षों तक उनके खाते में राशि प्रदान करने की घोषणा युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी. महिला मोर्चा की अध्यक्ष नीरा साहू ने बजट को सप्त ऋषि बताते हुए कहा कि दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 81 लाख स्वयंसेवी बनाने का प्रावधान है।

# रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से प्रदेश में 5 वें और बस्तर संभाग में पहले स्थान पर हैं कोंडागांव जिला

■ पंजीकृत जॉब कार्डधारी परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने के दिए निर्देष

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा ने विगत दिवस जिला पंचायत सभागार में जिले में मनरेगा के तहत स्वीकृत और संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मनरेगा के रोजगारपरक कार्यो को नियमित तौर पर संचालित कर अधिक से अधिक पंजीकृत जॉब कार्डधारी परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। इस दिशा में हर एक ग्राम पंचायत में एक कार्य की समाप्ति पर स्वीकृत दूसरा कार्य शुरू किए जाने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में अमृत सरोवर व नरवा विकास कार्यो सहित वनाधिकार पट्टेधारकों के भूमि में हितग्राहीमूलक कार्यों की प्रगति और उन्हें 100 कार्यदिवस रोजगार की सुलभता, सामाजिक अंकेक्षण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, सेग्रीग्रेशन शेड निर्माण इत्यादि की समीक्षा करते हुए उन्होंने मनरेगा के कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण 7 तकनीकी सहायकों को शो-कॉज नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। जिसके तहत नरवा विकास के कार्यो को प्रारंभ नहीं करने के लिए तकनीकी सहायक गेवेश सोनेवरा व पिंकी ठाकुर, वनाधिकार पट्टेधारकों के भूमि में हितग्राहीमूलक कार्यों में अद्यतन प्रगति नहीं लाने हेतु तकनीकी सहायक दुर्गेश मरकाम तथा सामाजिक अंकेक्षण में लापरवाही बरतने के लिए तकनीकी सहायक पिंकी ठाकुर, भानू वट्टी, मोहन ध्रुव, स्नेहा साहू एवं प्रियंका ठाकुर को शो-कॉज नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए गए।

## आसिक मेमन बने झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ कोंडागांव जिलाध्यक्ष



**कोंडागांव।** कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अमजद ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, सह प्रभारी चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का के निर्देश पर कोंडागांव जिला कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसंशा पर झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ कोंडागांव जिलाध्यक्ष के पद पर कोंडागांव निवासी आशिक मेमन को नियुक्त किया गया हैं।

# कोंडागांव मुरारीपारा, बड़ेबेंदरी व बाजारपारा ने बस्तर लोक नृत्य, बस्तर छेरछेरा व कारगिल विजय पर दी प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स व गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा राज्य स्तरीय कब-बुलबुल उत्सव का आयोजन तीन दिवसीय भारत स्काउट व गाइड राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी अभनपुर, रायपुर में आयोजित किया गया था। जिसमें राज्य भर से कोंडागांव जिले के कब -बुलबुल के अलावा मुख्य रूप से रायपुर, कोरबा, बालोद, धमतरी, गरियाबंद, कोरिया व मुंगेली जिले के कब-बुलबुल टीम, कब-मास्टर व फ्लॉक, लीडर सहित लगभग 160 प्रतिभागी आयोजन में शामिल हुए। जिसमें भारत स्काउट व गाइड संरक्षक व जिला कलेक्टर दीपक सोनी, जिला मुख्य आयुक्त स्काउट बंगाराम सोडी, जिलाध्यक्ष राजेश नेताम, जिला आयुक्त स्काउट अशोक पटेल के निर्देशानुसार और जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्यामलाल कोर्राम, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड नीलम श्रीवास्तव, जिला सचिव चमनलाल सोरी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार दुबे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी, बीआरसी रामलाल नेताम, संकुल प्राचार्य शिवकुमार तिवारी, संकुल समन्वयक उमेश भारती के मार्गदर्शन में और कब मास्टर पवन कुमार साहू प्राथमिक शाला मुरारी पारा, फ्लॉक लीडर दीपमाला वैष्णव शासकीय प्राथमिक शाला बाजार पर के नेतृत्व में कब सेक्शन मुरारी पारा से हर्षवर्धन, मौसम, प्रियांशु, अंशु, ज्ञानेश्वर, गोविंद व बुलबुल सेक्शन बाजारपारा कोंडागांव से कुमारी मनीषा, आभा, समृद्धि, ओजस्वी आरुषि और काव्या ने राज्यस्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सा लिया। इस उत्सव में सभी जिले के कब-बुलबुल टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिसमें कोंडागांव जिला कब सेक्शन मुरारी पारा की ओर से बस्तर छेरछेरा व कारगिल विजय पर प्रस्तुति दिया। शासकीय प्राथमिक शाला बाजारपारा बुलबुल टीम की ओर से बस्तर लोक नृत्य पर आधारित सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर समस्त प्रतिभागी कब-बुलबुल टीम, कब-मास्टर व फ्लॉक लीडर को गिफ्ट भेंट कर और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# संवाद व समाधान शिविर में बम्हनी, कुसमा के 13 हितग्राहियों को वनाधिकार किया पट्टा वितरित

## अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों से सुनी समस्या

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



जिले के कोंडागांव तहसील अंतर्गत सम्बलपुर में आयोजित संवाद व समाधान शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्या-शिकायतें सुनी व निराकरण के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य प्रेमसिंह पोयाम व विधायक प्रतिनिधी बुधराम नेताम ने आदिम जाति और अन्य परम्परागत वन निवासी अधिकार अधिनियम के तहत बम्हनी व कुसमा के पात्र 13 हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र प्रदान किया। इन दोनों जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की इस सराहनीय पहल से वन भूमि में काबिज काश्त करने वाले पात्र हितग्राहियों को अपने भूमि का हक मिला हैं और उन्हें उन्नत खेती-किसानी कर घर-परिवार को खुशहाली की ओर अग्रसर करने में मदद मिली हैं। उन्होंने उक्त हितग्राहियों को शासन की अन्य योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास की दिशा में सहभागिता निभाने का आग्रह किया। शिविर में वन, पंचायत व ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, आदिवासी विकास, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यपालन, पशुपालन, महिला और बाल विकास इत्यादि विभागों के मैदानी अधिकारियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

# 80 वर्ष की उम्र पश्चात पेंशनरों व परिवार पेंशन धारकों को मिलेगी अतिरिक्त पेंशन

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा वर्ष 2006 के पूर्व सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों से संबंधित पेंशन धारकों और पेंशनधारकों को पेंशन व परिवार पेंशन का पुनरीक्षण करने सहित पुनरीक्षण के अनुरूप अतिरिक्त पेंशन राशि प्रदान किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में जारी परिपत्र के अनुसार 80 वर्ष से और 85 वर्ष से कम आयु वर्ग के पेंशनरों व परिवार पेंशन धारकों को पुनरीक्षित मूल पेंशन या परिवार पेंशन का 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन राशि प्रदान की जाएगी। इसी तरह 85 वर्ष से व 90 वर्ष से कम आयु वर्ग के पेंशनर और परिवार पेंशनरों को पुनरीक्षित मूल पेंशन अथवा परिवार पेंशन का 30 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन राशि, 90 वर्ष से और 95 वर्ष से कम आयु वर्ग के पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों को पुनरीक्षित मूल पेंशन या परिवार पेंशन का 40 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन राशि, 95 वर्ष से और 100 वर्ष से कम आयु वर्ग के पेंशनरों व परिवार पेंशनरों को पुनरीक्षित मूल पेंशन अथवा परिवार पेंशन का 50 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन राशि और 100 वर्ष या अधिक आयु वर्ग के पेंशनरों व परिवार पेंशन धारकों को पुनरीक्षित मूल पेंशन अथवा परिवार पेंशन का 100 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन राशि की पात्रता होगी। उक्त अतिरिक्त पेंशन या परिवार पेंशन राशि की स्वीकृति की कार्यवाही विद्यमान पेंशन अधिकारी यथा सार्वजनिक बैंकों के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

# 10 किलो का जिंदा आई ईडी बम बरामद पुलिस की सूझबूझ से टली बड़ी घटना

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव पुलिस को नक्सल प्रभावित बयानार थाना क्षेत्र अंतर्गत बयानार से पेरमापाल जाने के निर्माणाधीन रोड में मडानार व पेरमापाल के बीच आई ई डी लगाने की सूचना मिली थी। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने आई ई डी से संभावित बड़ी दुर्घटना रोकने तत्काल कोंडागांव के बम डिस्पोजल टीम और थाना बयानार की फोर्स को आई ई डी लगने के संभावित स्थानों पर डिमाइनिंग करने आदेश दिया गया। बम डिस्पोजल टीम द्वारा डिमाइनिंग के दौरान बयानार से पेरमापाल जाने के रास्ते में डोकरी घाट के पास सड़क पर 10 किलो का जिंदा आईईडी लगा हुआ मिला। माओवादियों द्वारा पुलिस फोर्स को नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाया गया था। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आई ई डी से बड़ी दुर्घटना रोकने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश से बम डिस्पोजल टीम व पुलिस फोर्स द्वारा सावधानी पूर्वक कार्य करते हुए तत्काल मौके पर ही आईडी बम को विस्फोट कर नष्ट किया गया। जिससे बयानार थाना क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना होने से रोका गया।

# महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के रसायन शास्त्र विभाग की केमिकल सोसायटी के द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता हैं। इसी कड़ी में इस वर्ष केमिकल सोसायटी द्वारा विज्ञान संकाय के छात्र छात्राओं के लिए लेक्चर सीरीज का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें प्रथम लेक्चर में भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर के रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिन्हा द्वारा स्पेक्ट्रोस्कोपी विषय पर लेक्चर दिया गया। उन्होंने सबसे पहले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन, इनकी रेंज और इनके गुणों से अपने वक्तव्य को शुरू किया। इसके बाद बड़े ही सरल अंदाज में छात्र छात्राओं को स्पेक्ट्रोस्कोपी के विभिन्न प्रकारों के बारे में समझाया। एनएमआर स्पेक्ट्रोस्कॉपी, ईएसआर, एनक्यूआर, माइक्रोवेव, इंफ्रारेड और यूवी विजिबल स्पेक्ट्रोस्कॉपी के बारे में उदाहरण देते हुए, बड़ी ही सूक्ष्मता के साथ अपना व्याख्यान दिया। आगे उन्होंने बताया कि, विज्ञान के सभी शोधकार्यों निर्मित नवीन पदार्थो के कैरेक्टराईजेशन स्पेक्ट्रोस्कोपी की विभिन्न विधाओं का ही प्रयोग होता हैं। छात्र छात्राओं ने उनके व्याख्यान के दौरान बहुत से प्रश्न भी पूछे जिनका उत्तर सिन्हा ने बड़ी ही सहजता के साथ रोचक अंदाज में दिया।

# कैरियर मार्गदर्शन व मोटिवेशनल कार्यक्रम में कलेक्टर और एसपी ने युवाओं के सवालों के दिए जवाब

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

स्थानीय नगरपालिका परिषद ऑडिटोरियम में एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन व मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन जिला कौशल विकास प्राधिकरण के द्वारा किया गया। जिसमें कलेक्टर दीपक सोनी और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने युवाओं को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करने सहित उनके सवालों का जवाब दिए। इस दौरान हैदराबाद के प्रेरक वक्ता प्रिन्स वर्मा ने अपने प्रेरक उद्बोधन से महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, स्वयं के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने हेतु सकारात्मक सोच के साथ निर्णय लेकर स्वयं को समर्पित करेंगे, तो सफलता अवश्य मिलेगी। कलेक्टर और एसपी ने युवाओं से रूबरू होकर खुली चर्चा करते हुए उन्हे मार्गदर्शन देने के साथ उनके शंकाओं का समाधान किया। इस दौरान जहां युवाओं द्वारा उनसे सिविल सेवा परीक्षा की तैयारियों से लेकर तनाव दूर करने, कैरियर के चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शैक्षणिक योग्यता, पढ़ने व तैयारी करने के



तरीके, परीक्षा के भय से निपटने और परीक्षा में सफलता हासिल करने संबन्धी सवाल किए गए। जिसपर कलेक्टर और एसपी के द्वारा सहजतापूर्वक अपने अनुभवों को साझा करते हुए युवाओं के सवालों के जवाब दिये गए।

सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन केन्द्र सहित स्टार्ट-अप इंक्यूबेशन सेंटर होगी शुरू-कलेक्टर

इस मौके पर कलेक्टर दीपक सोनी ने युवाओं से कहा कि कैरियर मार्गदर्शन जीवन में महत्वपूर्ण है, जब शिक्षा के क्षेत्र में 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण करने का पड़ाव आता है इस दिशा में पूरी तरह सोच-समझकर निर्णय लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कैरियर का चयन बुद्धिमता के साथ करना चाहिए साथ ही विकल्पों को भी तैयार रखना चाहिए। स्वयं जिस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कर सकते हैं अपनी अमिट पहचान स्थापित कर सकते हैं ऐसे क्षेत्र का चयन करें। वहीं इसे हासिल करने के लिए पूरे आत्मविश्वास के साथ सही समय पर सही निर्णय लेकर स्वयं कर्मठता से मेहनत करेंगे, तो सफलता निश्चित ही मिलेगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटले ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सही मार्गदर्शन और बेहतर रणनीति के साथ भरसर प्रयासों से सफलता अवश्य मिलती है। वे स्वयं मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई के दौरान वरिष्ठों के द्वारा उन्हे मिली सिविल सेवा की तैयारी संबन्धी जानकारी से इस क्षेत्र में आने प्रेरित हुए और बिना किसी बड़े कोचिंग संस्थान में गये अपने मित्रों के साथ गुजराती भाषा में तैयारी की। उन्होने आगे कहा कि सकारात्मक माहौल एवं मार्गदर्शन से समर्पित प्रयास करने पर बगैर किसी बड़े स्थान में गये भी चयनित हो सकते हैं। इसके लिए केवल सही राह चुनना एवं निरंतर प्रयास आवश्यक है। सिविल सेवाओं के अतिरिक्त भी हर क्षेत्र में निरंतर प्रयास से प्रावीण्यता प्राप्त कर सफलता हासिल की जा सकती है।

इस ओर आवश्यकता केवल अथक प्रयासों की हैं। इस अवसर पर कलेक्टर बताया कि, जिले में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं हेतु जिला ग्रंथालय में मार्गदर्शन केन्द्र शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

बाबा रामदेव के इस्लाम धर्म पर टिप्पणी

# कोंडागांव के मुस्लिम समाज ने आक्रोश जताकर बाबा रामदेव का जलाया पोस्टर

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

बाबा रामदेव ने राजस्थान के बाड़मेर में आयोजित एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि, इस्लाम धर्म सिर्फ एक नमाज पढ़ना जरूरी हैं और नमाज के बाद कुछ भी करो सब जायज हैं कहकर इस्लाम धर्म के उपर टिप्पड़ी की थी, जिसके विरूद्ध में शुक्रवार को मुस्लिम समाज कोंडागांव ने जुमे की नमाज़ के बाद बाबा रामदेव के खिलाफ आक्रोश रैली निकाल कर रामदेव के ईस्लाम के लिए विवादित बयानबाज़ी को लेकर नगर के बस्टैंड में जमकर नारेबाजी की और पोसटर जलाया गया। रामदेव के विवादित बयान से मुस्लिम समाज में बहुत रोष देखा गया और पतंजलि के सामानों का आजीवन बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। इस तरह की घटिया बयानबाजी को मुस्लिम समाज आगे नही करेगा और उग्र आंदोलन को तत्पर रहेगा। राजिस्थान के बाड़मेर में बाबा राम देव ने सभा




को सम्बोधित करते हुए मुस्लिम समाज के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी की गई, जिसका विरोध पूरे भारत के मुसलमानों ने किया हैं, इसी तारतम्य में कोंडागांव जिला मुख्यालय में भी आज मुस्लिम समुदाय के द्वारा भी विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मामले में कोंडागांव मुस्लिम समाज के अध्यक्ष मोहम्मद याशीन ने कहा कि, बाबा राम देव द्वारा मुसलमानों पर की गई टिप्पणी बेहद ही निंदनीय हैं, इसका हम विरोध करते है और अपने समाज से अपील करते हैं कि, पतंजलि के घटिया उत्पादों का बहिष्कार करें। किसी भी समुदाय के लोगों के धर्म पर अनर्गल बयानबाजी करने वालों का समाज में कोई जगह नहीं हैं ऐसे लोग देश का माहौल खराब कर अपना धंधा चला रहे हैं, ऐसे बाबाओ का विरोध होना चाहिए। वहीं इस मामले में मुस्लिम समाज के सचिव इरशाद खान ने भी कहा कि, विदेशी समान को देसी बता कर बेचने वाले बाबा रामदेव का आज हम पोस्टर जला कर विरोध कर रहे हैं, जो मुस्लिम समाज पर टिप्पणी करना गलत हैं।

# संतराम ने बड़ेराजपुर ब्लॉक के बालेंगा में 285 हितग्राहियों को प्रदान किया वनाधिकार पट्टा

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

विधायक केशकाल व उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा संतराम नेताम ने जिले के बड़ेराजपुर ब्लॉक अंतर्गत बालेंगा में आदिम जाति और अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम के तहत पात्र 285 हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र व ऋण पुस्तिका का वितरण किया। बालेंगा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष व केशकाल विधायक संतराम नेताम के हाथों से वनाधिकार पट्टे मिलने पर बड़ेराजपुर ब्लॉक के पलना, बैजनपुरी, ढोडरा, टाटीपारा, छिंदली, हात्मा, बालेंगा, जोड़ेकेरा, करमरी, किबड़ा, मांडोकी खरगांव, खलारी, सलना, होनावण्डी, नौकाबेड़ा, तितरवण्ड, पीटिसपाल, हल्दा, कोरगांव, टेंवसा, कोपरा, मचली और उड़ीदगांव के कुल 285 हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद देते हुए अपने काबिज काश्त भूमि का हक मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।



**वनाधिकार पट्टे से उन्नत खेती-किसानी को मिला बढ़ावा-संतराम**

इस मौके पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी और परंपरागत निवासियों के अधिकारों का संरक्षण करने के लिए सराहनीय पहल की गई हैं। जिसके फलस्वरूप वन भूमि में काबिज काश्त करने वाले पात्र हितग्राहियों को उनके भूमि का हक प्राप्त होने के साथ ही इन हितग्राहियों को उक्त भूमि में उन्नत खेती-किसानी कर आय संवृद्धि करने का बेहतर अवसर मिला हैं। राज्य शासन ने इन हितग्राहियों को मनरेगा एवं अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के लिए सुविधा प्रदान किया हैं। जिससे इन हितग्राहियों के परिवारों को खेती किसानी के साथ ही मछलीपालन, साग-सब्जी उत्पादन, कुक्कुटपालन, बकरीपालन जैसी आयमूलक गतिविधियों के जरिये आमदनी बढ़ाने में मद्द मिली हैं और उक्त परिवारों में खुशहाली आई हैं। विधानसभा उपाध्यक्ष नेताम ने कहा कि, पूरे प्रदेश में कोंडागांव जिले में सर्वाधिक हितग्राहियों को वनाधिकार मान्यता पत्र वितरित गया हैं। हमारा प्रयास हैं कि, प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को यह अधिकार पत्र मिले और इन हितग्राहियों का घर-परिवार खुशहाली और समृद्धि की ओर अग्रसर होकर प्रदेश के विकास में सक्रिय सहभागिता निभा सकें।

## जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा कोंडागांव में आगामी नेशनल लोक अदालत संबंध हुई बैठक



**कोंडागांव**। राष्ट्रीय सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार उत्तरा कुमार कश्यप जिला और सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन में और अम्बा शाह सचिव प्राधिकरण के नेतृत्व में जिला व सत्र न्यायालय परिसर कोंडागांव में आगामी 11 फरवरी को नेशनल लोक अदालत के संबंध में परिर्चचा जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के विश्राम कक्ष में जिले के समस्त बैंकों के बैंक शाखा और नगर पालिका परिषद्, विद्युत विभाग के अधिकारियों का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सभी विभागों में लंबित योग्य प्री-लिटिगेशन प्रकरणों पक्षकारों से आपसी समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण करते हुए, नेशनल लोक अदालत को सफल व सुलभ बनाने की परिचर्चा इस बैठक में की गई।

# विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जिले भर में जन जागरूकता रैली का आयोजन




पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कलेक्टर राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन एवम प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके के कुशल संचालन में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में बैठक कर कैंसर रोग के लक्षण बचाव और उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न स्थानों में जन जागरूकता रैली का आयोजन कर आम लोगों में कैंसर रोग के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

वर्तमान परिदृश्य में दुनिया भर में कैंसर के मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि हो रही है। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति एवम उसका परिवार आर्थिक, शारीरिक एवम मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है। समय रहते इसके लक्षणों का पता नही लगना या रोगी को स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर परामर्श नही लेने से यह बीमारी लाईलाज हो जाती है। इसी बात को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले भर में विभिन्न आयोजनों, बैठक, रैली आदि का आयोजन कराया गया। इसकी जानकारी एचडब्ल्यूसी के सहायक जिला नोडल अधिकारी नीलकंठ जोशी ने दी।

## राजीव युवा मितान क्लब के विधानसभा समन्वयक ने ली बैठक

**कोंडागांव**। राजीव युवा मितान क्लब के विधानसभा समन्वयक अमन सागर ने माकड़ी ब्लाक जनपद पंचायत के सभाकक्ष मे बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला समन्वयक श्रीपाल कटारिया, केशकाल विधायक प्रतिनिधि कमलेश ठाकुर, प्रवीण मिश्रा, आकाश महाजन, ललित नेताम, जनपद पंचायत अधिकारी योगेश भारती के साथ सभी ब्लॉक के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सह समन्वयक और राजीव मितान युवा क्लब के सदस्य उपस्थित रहें। इस अवसर पर अमन सागर ने कहा कि, छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के योजना को गांव-गांव तक हमें कैसे पहुंचाना हैं और हमें बस्तर संभाग में भाईचारा बना कर एक दूसरे के साथ रहना हैं हर समाज को आगे बढ़ाना रहेगा।

# जाति प्रमाणपत्र,जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा, बुनियादी साक्षरता सहित विभिन्न विषयों पर हुई व्यापक समीक्षा

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

ज़िला शिक्षा अधिकारी ज़िला बीआर बघेल ने भोपालपट्टनम ब्लाक के खंड स्तरीय समीक्षा बैठक ली।बैठक मे जाति प्रमाण - पत्र , जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा वर्ष - 2023 ऑनलाइन आवेदन , सुध्घर पढ़वैया , बुनयादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान , उपचारात्मक शिक्षण, सरल कार्यक्रम , सीख कार्यक्रम , परीक्षा पूर्व तैयारी , सहित विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई है । एवं समीक्षा बैठक में उपस्थित विकास खंड के समस्त संस्था प्रमुखों एवं प्रधान पाठको को संस्थाओ मे नियमित विद्यालय मे समय से उपस्थित होकर शिक्षण कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया , एवं कर्त्तव्य निर्वहन मे कोताही होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की बात कहीं है । बेहतर शिक्षा गुणवत्ता हेतु टीम भावना एवं सकारात्मक सोच के साथ काम करने के लिए कहा गया है । बैठक मे कंडिक नारायण खंड शिक्षा अधिकारी भोपालपटनम ने विभागीय योजनाओं को समय - सीमा एवं प्रभावी ढंग से करते हुए सकारात्मक परिणाम से छात्र / छात्राओ को लाभान्वित करने की बात उपस्थित समस्त संस्था प्रमुखों से कहीं है।

## महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष तबस्सुम बानो के आतिथ्य में सरस्वती साइकिल का वितरण



**कोंडागांव**। जिला मुख्यालय के बाजार पारा स्कूल में विद्यालयीन बच्चों को छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल वितरण किया गया। अतिथि के रूप मे कोंडागांव महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष तबस्सुम बानो के साथ किशोर ध्रुव, गुड्डू यादव, रितेश गोयल, बब्बू दहिया, सहित अन्य मौजूद रहें। महिला शहर अध्यक्ष तबस्सुम बानो ने कहा कि, सरस्वती साइकिल योजना शासन की एक महती योजना है, जिसमें बालिकाओं के स्कूल आवागमन को सुलभ बना दिया हैं।

# आईटीबीपी ने छोटेडोगर में किया सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

नक्सल प्रभावित कोंडागांव और नारायणपुर में भारत तिब्बत सीमा बल के जवानों द्वारा उन्मूलन अभियान के साथ-साथ अंचल जरूरतमंद लोगों की मदद व हर संभव सहायता भी करते आ रहे रहे हैं। इसी क्रम में समर बहादुर सिंह, सेनानी 29वीं वाहिनी मार्गदर्शन में नीरज उप सेनानी और अनिल सहायक सेनानी द्वारा ÷एफ÷ समवाय 29वीं वाहिनी छोटेडोगर में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों रेडियो सेट, साडी, कम्बल, टी-शर्ट और स्कूली बच्चों को लेखन का वितरण किया गया। जिसमें छोटेडोगर, बड़गांव, चमेली, महोरनार और बांहकर के लगभग 750 ग्रामीणों व छात्रों छात्रों को लाभान्वित



किया गया। इस कार्यक्रम में नीरज सिंह उप सेनानी द्वारा को संबोधित करते हुए बताया कि, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस इस क्षेत्र में आप सबकी सेवा व सुरक्षा के के लिए तैनात हैं, किसी भी व युवाओं को कोई समस्या होती हैं हमसे मिल सकते हैं। भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल हमेशा आप की सेवा के लिए तत्पर ग्रामीणों को वाहिनी द्वारा छात्रों युवाओं के लिए चलाए जा रहे भर्ती परीक्षा में निशुल्क कोचिंग के बारे में बताते हुए, अभिभावकों को अपने बच्चों अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने को कहा। इस कार्यक्रम के दौरान अनिल चौहान सहायक सेनानी पैकरा उप पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र, थाना प्रभारी (छोटेडोगर) अमित निरीक्षक, सरपंचों और ने भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल के द्वारा किए गए कार्य की सराहना की और आभार व्यक्त किया।

## हैदराबाद मैराथन में किरन्दुल डीएवी के छात्र शेख आशिर हिस्सा लेकर नगर का मान बढ़ाया



**किरंदुल**। हैदराबाद मैराथन 2023 का आयोजन जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में हैदराबाद में किया गया। जिसमें भाग लेने के लिए पूरे भारतवर्ष से 14 राज्यों से एक से बढ़कर एक धावक पहुंचे।ओपन मैराथन में भाग लेने उमंग और उत्साह से लौह नगरी किरंदुल डीएवी स्कूल के 11 वी के छात्र शेख आशिर भी पहुंचे। मैराथन में विभिन्न आयु वर्ग के 5 हजार से भी ज्यादा एथलीट ने भाग लिया जिसमें 17 वर्षीय शेख आशिर 66 वां रैंक हासिल कर नगर का गौरव बढ़ाया ।इस ओपन 21 किलोमीटर की प्रतियोगिता में वे सबसे कम उम्र के धावक रहे। आशिर के पिता शेख रहिस ने बताया कि आशिर के साथ-साथ कई बच्चे लगातार दौड़ का अभ्यास कर रहे हैं। इससे पूर्व वैज़ाग मैराथन में भी वो भाग ले चुका हैं।उन्हने डीएवी के प्राचार्य सहित उन सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद किया जिनके कुशल मार्गदर्शन में शेख आशिर आगे बढ़ रहा हैं।

आरोपी शेख सलीम के निशान देही से जब्त किया लोहा

# लोहा चोरी करने वाले गिरोह के फरार सदस्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

वाहन चोरी करके आधी रात को लोहा चोरी का घटना को अंजाम देने वाले गिरोह को किरंदुल पुलिस ने धर दबोचा है। थाना प्रभारी जितेंद्र ताम्रकार के अनुसार प्रार्थी सुभाष दान के ओमनी वेन अज्ञात चोर घर के सटर को खोलकर चोरी कर ले गया था।प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना किरन्दुल में अपराध दर्ज कर धारा 380, 457 के तहत विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान छापेमारी कर संदेही को हिरासत में लिया गया जिसमें शेख सलीम से पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल कर लिया और राहुल शर्मा सहित दो नाबालिग साथियों का नाम बताया। आरोपी ने बताया कि एनएमडीसी प्लांट से लोहा चोरी करने के बाद



वेन में भरते समय चौकीदारों के द्वारा देखकर चिल्लाने से चोरी किये वाहन में बैठकर भागे वाहन को राहुल शर्मा चला रहा था। चोरी किये वाहन को ग्राम मदाड़ी एवं कड़मपाल के जंगल में छुपाकर रखे थे जिससे आरोपी शेख सलीम के निशानदेही पर जप्त किया गया है। आरोपी शेख सलीम को गिरफ्तार कर उसके 02 नाबिलक साथियों का सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट भरकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। फरार आरोपी राहुल शर्मा के सतत पता तलाशी की जा रही थी जो पता तलाश के दौरान आरोपी राहुल शर्मा के बचेली में होने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी किरन्दुल जितेन्द्र ताम्रकार द्वारा फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना किया गया जो आरोपी राहुल शर्मा पिता स्व. भावनाथ शर्मा, उम्र-19 वर्ष, निवासी - पुराना भट्टीपारा, किरन्दुल द्वारा चोरी की घटना में संलिप्त था उन्हें गिरफ्तार किया।फरार आरोपी राहुल शर्मा को आज दिनांक 3 फरवरी 2023 को पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी राहुल शर्मा की गिरफ्तारी में ए एस आई भीमा कड़ती, के सीमाचलम, आरक्षक सोना ताती, भोजराम ध्रुव की मुख्य भूमिका रही।

## काकोड़ी में हुआ विशेष कार्यक्रम



**कोंडागांव**। जिले के सीओबी काकोड़ी में 41 वीं 0 वाहिनी भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस के द्वारा जिले के आस पास नक्सल प्रभावित गावों में प्रभावित क्षेत्रों में विषेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां इस कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय कमान 41 वीं वाहिनी द्वारा उपयोगी समान जैसे कि, घरेलु बर्तन, मच्छरदानी और रोपण करने के लिए उत्तम किस्म बीज वितरण किया गया। आज के समय में भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल समाज में शांति और सद्भावना करने के लिए एक उपक्रम हैं।

# मुस्लिम समाज ने केशकाल थाने में दिए 7 बैरिकेड, पुलिस ने जताया आभार

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com

केशकाल नगरीय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बनाए रखने एवं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मुस्लिम समाज ने एक विशेष पहल की है। मुस्लिम समाज के सौजन्य से केशकाल थाना में 7 नग बैरिकेड दिया गया है। इस सम्बंध में मुस्लिम समाज के युवाओं ने बताया कि केशकाल घाट में आए दिन जाम लगने के कारण नगर में वाहनों की लंबी कतार लगी होती है। जिससे स्कूल के बच्चों सहित आम राहगीरों को चौक चौराहों से अपने घर तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में चौक चौराहों में बैरिकेड लगे होने से मोटरसाइकिल और पैदल चलने




वाले राहगीरों को काफी राहत होगी। साथ ही स्टॉपर लगने से शहर में तेज रफ्तार से चलने वाली वाहनों में भी अंकुश लगेगा। जिससे दुर्घटना होने की संभावना भी कम होगी।

इस अवसर पर केशकाल थाना प्रभारी विनोद साहू ने बैरिकेड दिए जाने पर मुस्लिम समाज को धन्यवाद दिया। साथ ही समस्त नगरवासियों से केशकाल नगर में यातायात व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव पुलिस का सहयोग करने की बात कही है।

# 15 दिवसीय राजिम माघी पुन्नी मेला : आस्था आध्यात्म और संस्कृति का त्रिवेणी संगम

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में स्थित पवित्र धार्मिक नगरी राजिम में प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक पंद्रह दिनों का मेला लगता है। राजिम में तीन नदियों का संगम है इसलिए इसे त्रिवेणी संगम भी कहा जाता है, यहाँ मुख्य रूप से तीन नदिया बहती है, जिनके नाम क्रमशः महानदी, पैरी नदी तथा सोंढूर है। संगम स्थल पर कुलेश्वर महादेव जी विराजमान है। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2001 से राजिम मेले को राजीव लोचन महोत्सव के रूप में मनाया जाता था, वर्ष 2005 से इसे कुम्भ के रूप में मनाया जाता रहा था, और अब 2019 से राजिम माघी पुन्नी मेला के रूप में मनाया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन धर्मस्व एवं पर्यटन विभाग एवम स्थानीय आयोजन समिति के तत्वाधान में होता है। मेला की शुरुआत कल्पवाश से होती है।

पखवाड़े भर पहले से श्रद्धालु पंचकोशी यात्रा प्रारंभ कर देते है पंचकोशी यात्रा में श्रद्धालु पटेश्वर, फिंगेश्वर, ब्रम्हनेश्वर, कोपेश्वर तथा चम्पेश्वर नाथ के पैदल भ्रमण कर दर्शन करते है तथा धुनी रमाते है। 101 किमी की यात्रा का समापन होता है और माघ पूर्णिमा से मेला का आगाज होता है। राजिम माघी पुन्नी मेला में विभिन्न जगहों से हजारो साधू संतो का आगमन होता है, प्रतिवर्ष हजारों के संख्या में नागा साधू, संत आदि आते है, तथा विशेष पर्व स्नान तथा संत समागम में भाग लेते है, प्रतिवर्ष होने वाले इस माघी पुन्नी मेला में विभिन्न राज्यों से लाखो की संख्या में लोग आते है और भगवान श्री राजीव लोचन तथा श्री कुलेश्वर नाथ महादेव जी के दर्शन करते है और अपना जीवन धन्य मानते है। लोगो में मान्यता है की भनवान जगन्नाथपुरीजी की यात्रा तब तक पूरी नहीं मानी जाती जब तक भगवान श्री राजीव लोचन तथा श्री कुलेश्वर नाथ के दर्शन नहीं कर लिए जाते, राजिम माघी पुन्नी मेला का अंचल में अपना एक विशेष महत्व है। राजिम अपने आप में एक विशेष महत्व रखने वाला एक छोटा सा शहर है राजिम गरियाबंद जिले का एक तहसील है। प्राचीन समय से राजिम अपने पुरातत्वों और प्राचीन सभ्यताओं के लिए प्रसिद्ध है। राजिम मुख्य रूप से भगवान श्री राजीव लोचन जी के मंदिर के कारण प्रसिद्ध है। राजिम का यह मंदिर आठवीं शताब्दी का है। यहाँ कुलेश्वर महादेव जी का भी मंदिर है। जो संगम स्थल पर विराजमान है। राजिम माघी पुन्नी मेला प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चलता है। इस दौरान प्रशासन द्वारा विविध सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन होता है।

### अवकाश पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंधित

गरियाबंद जिले में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 2023 में राजिम माघी पुन्नी मेला 5 फरवरी माघ पूर्णिमा से 18 फरवरी महाशिवरात्रि तक आयोजित किया गया है। मेला के सुव्यवस्थित संचालन के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक ने राजिम माघी पुन्नी मेला अवधि तक गरियाबंद जिला में कार्यरत समस्त अधिकारी-कर्मचारियों का अवकाश प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर के आदेशानुसार विशेष परिस्थितियों में अवकाश पर स्पष्ट औचित्य प्रतिपादित करने पर अवकाश स्वीकृत की जायेगी।

### 5 से 18 तक राजिम के देशी विदेशी मदिरा दुकानें रहेगी बंद

कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिले के राजिम स्थित त्रिवेणी संगम में आयोजित होने वाले राजिम माघी पुन्नी मेला प्रारंभ तिथि 5 फरवरी से समापन तिथि 18 फरवरी तक कुल 14 दिवस तक जिले के राजिम बाह्य देशी विदेशी फुटकर मदिरा दुकानों को बंद रखने के लिए आदेशित किया है। साथ ही आबकारी विभाग को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा है।

## बिरला ग्रुप अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ पर चारागाह भूमि को हथियाने का आरोप

- गोद ग्राम टंडवा को चार वर्षो से निर्यात कर देना किया बंद

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

रायपुर जिला तिल्दा नेवरा विकासखंड क्षेत्रांतर्गत वर्षो से संचालित हो रहे सिमेंट उद्योग पर उद्योग अधिनियम के विपरीत उद्योग संचालित करने एवं गोद ग्राम के शासकीय भूमि पर कब्जा किये जाने का आरोप लग रहा है। क्षेत्र में संचालित बिरला ग्रुप के सिमेंट उद्योग जो एक दशक पूर्व सेंचुरी सिमेंट उद्योग के नाम से जाना जाता था वह अब अल्ट्राटेक सीमेंट उद्योग से जाना जाता है, कथित उद्योग पर उद्योग अधिनियम के विपरीत उद्योग संचालन करने का आरोप लग रहा है, बैकुंठ क्षेत्र में संचालित अल्ट्राटेक सीमेंट उद्योग के प्रभावित ग्राम में विकास के नाम पर मूलभूत सुविधाओं का दरकार है, कहा जावे तो सी एस आर के तहत उद्योग अधिनियम के अनुसार गोद ग्रामो को जो सुविधाएं कथित उद्योग के मार्फत मिलनी चाहिए,इन मूलभूत सुविधाओं से गोद ग्राम वंचित हैं।वहीं पर चारागाह भूमि को भी बिड़ला समूह अट्राटेक उद्योग के द्वारा हथियाने का आरोप लग रहा है, कथित सिमेंट उद्योग का गोंद ग्राम,टंडवा जो अभी भी उद्योग के साये में रहते हुए भी सुविधाओं का मोहताज है। मिली जानकारी के अनुसार प्रभावित ग्रामो को बतौर टैक्स इस उद्योग से जो करोड़ों रुपए हासिल होनी चाहिए,उनसे गोद ग्राम अछूता है। बताया जा रहा है कि विगत चार वर्षो से गोद ग्राम टंडवा को नियमितः मिलने वाली निर्यात कर को अल्ट्राटेक सीमेंट प्रबंधन के द्वारा मनमानी पूर्वक बंद कर दिया गया है। जिससे गोद ग्राम का विकास कार्य अवरूद्ध हो गया है, इससे पंचायत क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। वहीं कथित उद्योग के मुख्य द्वार के सामने का हिस्सा ग्राम पंचायत टंडवा का सीमा क्षेत्र है उस पर भी अल्ट्राटेक सीमेंट उद्योग प्रबंधन के द्वारा बलात कब्जा किया गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि क्षेत्र विकास में भागीदारी का डीढोरा पीटने वाले अल्ट्राटेक सीमेंट उद्योग बैकुंठ का असल चेहरा कुछ और ही बंया कर रही है। गोद ग्रामो के शासकीय भूमि पर बलात कब्जा ,सी एस आर के तहत गोद ग्रामो के विकास कार्य में सहभागिता के विपरीत शोषण, उद्योग अधिनियम के तहत गोद ग्रामो को बतौर निर्यात कर जो टैक्स अदा करनी चाहिए ,उसे मनमानी पूर्वक बंद करना , उद्योग अधिनियम का खुला उलंघन करते हुए कथित उद्योग के असल चेहरा को दर्शा रहा है।

## शास.उ.मा.कन्या शाला में वार्षिक उत्सव में शामिल हुई विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव



पायनियर संवाददाता < नगरी
www.dailypioneer.com

शास. उ.मा.वि. नगरी के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिंदगी मे अगर आगे बढ़ना है तो कभी दूसरों पर निर्भर मत रहना क्योकि मंजिल उन्ही को मिलती है जो खड़े होते है अपने पैरों पर कभी उनकी बातों पर ध्यान मत देना जो पीठ पीछे बाते करते है। क्योकि इसका मतलब यह है कि आप अभी भी उससे दो कदम आगे है। मनुष्य की जिंदगी में सुख और दुख लगा रहता है। लेकिन दुख के समय में कई लोग बुरी तरह से टूट जाते है और आगे बड़ने की उम्मीद छोड़ देते है। ऐसे समय में उन लोगों को कई बार प्रेरणा की जरूरत होती है वहीं छात्रों के जीवन में भी पढ़ाई का और अच्छे अंक लाने का काफी टेंशन रहता है। कई बार पड़ाई करने के बाद भी अच्छे अंक नही आते या फिर उनका मन पढ़ाई में नहीं लगता है जिसकी वजह से वे बेहतर प्रदर्शन नही कर पाते। उक्त कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विमला मरकाम, शाला प्रतिनिधि नंदनी कंचन, विधायक प्रतिनिधि रूद्रप्रताप नाग, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सोनू चैहान, एन.एस.यू.आई विधानसभा अध्यक्ष अंकुश देवांगन, प्रमोद कुंजाम, एवं स्कूल के प्रभारी प्राचार्य कमलनारायण नाग, मंच संचालक अनीता सोम, महेश मरकाम, वरूण किरण, किरण साहू, धर्मेन्द्र साहू एवं स्टाफ उपस्थित थे।

## प्रमिला निषाद ने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर समाज का नाम गौरवान्वित किया

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ निषाद समाज प्रदेश संगठन का जिला इकाई महासमुंद की महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमिला निषाद ने समाज में तो बेहतर कार्य कर समाज के लिए प्रेरणा बनकर सामाजिक लोगों को जागरूक कर रही हैं वहीं प्रमिला निषाद समाज के साथ साथ खेल क्षेत्र में भी बेहतर खिलाड़ी का परिचय देते हुए समाज को गौरवान्वित कर समाज के बेटियों के अलावा महिलाओं के लिए आदर्श के रूप प्रसिद्ध प्राप्त कर रही है गौरतलब हो कि विगत दिनों प्रमिला निषाद ने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ सरकार ,समाज एवं अपने जिले का नाम गौरवान्वित कर समूचे प्रदेश में अपना एक अलग मुकाम हासिल किये हैं।इस सम्बंध में छत्तीसगढ़ निषाद समाज की हेमलता निषाद ने वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त से चर्चा करते हुए बताया कि श्रीमती प्रमिला निषाद हम सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं।महिला शसक्तीकरण के लिए आदर्श स्थापित कर समाज को आत्मनिर्भर बनाने की निरंतर प्रेरणा देते आ रही हैं।वास्तव में किसी भी महिला का राज्य स्तरीय खेल कूद कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त करना कड़ी मेहनत का ही परिणाम है जो संघर्ष की कहानी बयां करती हैं।प्रमिला निषाद की सफलता से जंहा राज्य सरकार हर्षित हैं वंही समूचे छत्तीसगढ़ निषाद समाज के लोग भी हर्षित होकर बधाई और शुभकामनाएं दिये हैं।बधाई और शुभकामनाएं देने वाले लोगों में जानकी निषाद, रामेश्वरी निषाद, संतोषी निषाद, हेमलता निषाद, दीना निषाद, जीना निषाद, हेमिन निषाद, पिंगला निषाद, पार्वती निषाद, सुनीति निषाद, जया निषाद, सविता निषाद, चमेली निषाद, कमला निषाद, रजनी निषाद, लता निषाद ,अनसूइया निषाद, सेवती निषाद, महासमुंद खीर सागर निषाद सहित पूरे प्रदेश के निषाद समाज के लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दिये हैं।

## बिरझूली में हुआ रामायण प्रतियोगिता का आयोजन



- सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने की शिरकत, रंगमंच के सामने 3 लाख के शेड निर्माण की घोषणा

पायनियर संवाददाता < नगरी
www.dailypioneer.com

त्रिदिवसीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम बिरझूली सिंगपुर में किया गया। समापन व विसर्जन कार्यक्रम में सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव उपस्थित हुई। उन्होंने कहा कि रामायण सिर्फ एक ग्रंथ ही नहीं बल्कि धर्म का समग्र रूप है। धर्म, समाज, राजनीति समेत जीवन के सभी क्षेत्र में रामायण का महत्व है। रामायण से हमें सदाचार की सीख मिलती है, हमारे जीवन में अच्छाईयों के प्रकाश की रौशनी हम रामयण का अनुसरण कर पहुंचा सकते है। रामायण से हमें प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के साक्षात दर्शन प्राप्त होते हैं। यदि हम राम के व्यक्तिव के कुछ गुणों को भी अपने चरित्र में धारण कर लें तो अवश्य ही वर्तमान समाज को किसी हद तक रामराज्य बनाने में सफल हो सकते हैं। स्वच्छ, स्वस्थ्य और उज्ज्वल माहौल की परिकल्पना को साकार करने के लिए गांव-गांव में रामायण का आयोजन जरूरी है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गीतेश साहू युवा कांग्रेस, राजेंद्र साहू सेक्टर अध्यक्ष, विशाल सिन्हा, लोकनाथ सिन्हा, सोनबेर सर, राजा खान, पुरुषोत्तम सिन्हा, हरीराम साहू सेक्टर अध्यक्ष, अनवर खान उपसरपंच बिरझुली, कांति कवर जिला पंचायत सदस्य, ज्योति ठाकुर, राजेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, मोहम्मद खान, राकेश सेन मीडिया प्रभारी जोन मगरलोड उपस्थित थे। विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने रंगमंच के सामने शेड निर्माण हेतु लाख रुपए की घोषणा की। यह घोषणा ग्रामवासी, आयोजक समिति व कार्यकर्ताओं के मांग पर की गई, जिस पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक को धन्यवाद दिया।

### चुनवाी वर्ष होने के कारण मध्यमवर्गीय परिवार को साधने की कोशिश

## कांग्रेस ने कहा बजट में महंगाई और बेरोजगारों लिए कुछ भी नहीं है भाजपा ने कहा अमृत काल का बजट आम आदमी के हित में

दिलीप माहेश्वरी < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से बुधवार को देश का आम बजट पेश किया गया भाजपा ने अमृत काल में सप्तषि बिंदुओं के बजट से देश के उद्धार होने का दावा किया वहीं कांग्रेस ने बेरोजगारी महंगाई एवं ग्रामीण अधोसंरचना को नजरअंदाज करने का आरोप मोदी सरकार पर लगाया केंद्र सरकार के बजट 2023 पर प्रतिक्रिया आई है हमारे संवाददाता ने बजट पर लोगों की प्रतिक्रिया ली नगर व क्षेत्र के प्रमुख नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने अपनी अपनी प्रतिक्रिया दी है बजट में सात लाख तक कोई टैक्स नहीं होने की घोषणा पर लोगों ने कहा कि इससे आम लोगों को काफी राहत मिलेगी कुछ लोगों ने कहा चुनावी वर्ष होने के कारण आम बजट में मध्यम वर्गीय परिवार को साधने की कोशिश की गई है इस बजट को भाजपा ने काफी सराहा है तो वहीं कांग्रेस ने इसे नकार दिया है इसे केवल चुनाव जुमला बताया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार का नया बजट देश की जनता को निराशा करने वाला है इस बजट में आम आदमी को राहत देने वाला कुछ नहीं है मोदी सरकार ने ज्यादा कमाई वालों के लिए बजट बनाया है गरीब के लिए बजट में कुछ नहीं है आंकड़ों की कालाबाजारी और झूठ का पुलिंदा है 20000000 रोजगार कैसे आएगा किसानों की आय कैसे बढ़ेगी इस बजट में कुछ नहीं है डीजल पेट्रोल पर एक्साइज कम करने के कुछ भी प्रधान नहीं है रसोई गैस की रेट कम होने की कोई संभावना नहीं है यह बजट भ्रम फैलाने वाला तथा ठगने वाला है बजट से देश के लोगों को कोई फायदा नहीं होगा।

### सभी वर्गों के लिए निराशाजनक




कांग्रेसी नेता ज्वेलरी व्यापारी कैलाश सोनी ने कहा केंद्र का बजट सभी वर्गों के लिए निराशाजनक है रोजगार के अवसर न होने के बीच युवाओं के स्किल डेवलपमेंट की बातें हवा-हवाई ही है दो करोड़ रोजगार देने की बात से मुकर ने वाली केंद्र सरकार निजीकरण को बढ़ावा दे रही है इससे महंगाई को लेकर किसी तरह की राहत आम आदमियों को नहीं मिली है ईंधन रसोईघर जैसी तमाम मूलभूत जरूरत के लिए जूझने वाले मध्यमवर्गीय और गरीब परिवार बजट से उपेक्षित है किसानों की मांग पर भी कोई अमल नहीं किया गया है यह बजट केंद्र सरकार की असफल नीतियों का परिचायक है।

### केंद्रीय बजट में छत्तीसगढ़ के लिए कुछ नहीं



केंद्र सरकार द्वारा लाया गया 2022-23 की बजट के बारे अगर हम बात करे तो यह पूरी तरह से निराश करने वाला बजट हैं। मंदी की मार झेल रहे ट्रांसपोर्ट जगत को एक बार फ़िर से निराशा हाथ लगी हैं, क्योंकि पिछली बार की तरह इस बार भी हमें दरकिनार कर दिया गया है, पिछली बार तो उल्टा विदेशों से आने वाले एसपेयर पार्ट्स पर कस्टमड्यूटी लगाकर उसके दामो में वृद्धि कर दी गई थी। IT Act की धारा 194 C, व 194 N जो TDS के साथ deel करते हैं जिसकी माँग बरसों से की जा रही पर भी विचार नही किया गया, commercial goods carrier and passenger vehicle पर भी 12 GST लगायी जाती हैं को खत्म करने की हमारी माँग पर विचार नहीं हुआ मंदी की मार झेल रहे एवं कर्ज के तले दबे कुचले ड्राइवर एवं ट्रक मालिको को इस बजट से कुछ राहत की उम्मीद थी पर कुछ भी निकलकर सामने नजर नही आया जिससे राहत मिल सके।

### सीनियर सिटीजन निराश



समाजसेवी अर्चना ठाकुर कहां केंद्रीय बजट पेश होने के बाद सोशल मीडिया के हर एक प्लेटफार्म पर आम लोगों का दर्द झलक रहा है लोगों का कहना है कि इस बजट में कुछ नया नहीं है और सरकार उनके लिए कुछ नहीं किया वही इनकम टैक्स के स्लैब में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है हेल्थ पर भी कई काम नहीं किए गए सीनियर सिटीजन के लिए हेल्थ स्कीम आएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ बजट से सीनियर सिटीजन निराश हैं।

### देश में महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध



भाजपा महिला मोर्चा एवं अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य समाज की अध्यक्ष राजनारायण रजनी केसरवानी ने कहा देश में महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है बजट में महिलाओं को पर्याप्त प्राथमिकता दी गई है किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कदम उठाए गए हैं युवाओं के कौशल उन्नयन पर फोकस है आज भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर पर पहुंच गई है इस बजट से गांव गरीब किसान और सभी वर्गों का सपना पूरा होगा महिलाओं के लिए विशेष बचत योजना शुरू की गई है सरकार ने जनहित में कई कदम उठाए हैं।

### मोदी सरकार का बजट दूरदर्शी



वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीमती नीलम सोनी ने कहां मोदी सरकार का बजट दूरदर्शी है बजट के प्रधान से देश आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर होगा भारत के सपनों को पंख देने वाला बजट बताया बजट को जन उपयोगी और हर वर्ग की फायदेमंद बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार का बजट सभी वर्ग के लोगों को राहत देने वाला बजट है।

### सर्वहारा वर्ग के लिए लाभकारी



भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला ने कहा मोदी सरकार ने शानदार बजट पेश किया है सरकार ने गरीब किसान मजदूर युवा बेरोजगारों को ध्यान में रखकर बजट पेश किया है बजट में मध्यम वर्गीय परिवार की शान कर्मचारी करदाता व्यापारी सैनिक उद्यमी के लिए राहत वाला बजट है प्रधानमंत्री आवास के लिए फडीग के लिए 66 बढ़ोतरी की गई है गांव गरीब और किसान वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

### अमृतकाल का यह बजट देश के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा : टेसूलाल धुरंधर



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व विधानसभा चुनाव में बलौदाबाजार विधानसभा प्रत्याशी रहे टेसूलाल धुरंधर ने प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का यह बजट सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर आधारित है। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों के दूरगामी हितों का समुचित ध्यान रखा गया है जिसका सकारात्मक परिणाम आगामी दिनों में देखने को मिलेगा, उन्होंने बताया कि बजट में किसानों के लिए 20 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान है, भारत को ग्लोबल हब आफ मिलेट बनाने 'श्री अन्न योजना' की महत्वपूर्ण शुरूआत करते हुए बजट में प्रावधान किया गया है, बागवानी के लिए 2200 सौ करोड़ व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने 459 करोड़ का बजट में प्रावधान किया गया है,किसान सम्मान निधि के लिए 60 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, 63000 कृषि साख सहकारी समितियों को कंप्यूटरीकृत कराने का प्रावधान किया गया है, गरीबों हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना में 66 की राशि में बढ़ोत्तरी करते हुए 79000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है,81 करोड़ गरीबों को साल भर मुफ्त अनाज देने 2 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, कौशल उन्नयन योजना के तहत् 43 लाख युवकों को तीन साल तक स्टायफंड देने का प्रावधान किया गया है, महिलाओं के हितों का ध्यान रखते हुए दो लाख रुपए तक की बचत पर 7.5 ब्याज देने का प्रावधान किया गया है, वरिष्ठ नागरिकों की मासिक आय योजना के तहत निवेश की सीमा 4.50 लाख से बढ़ाकर 9 लाख व संयुक्त खाते के मामले में 15 लाख कर दिया गया है, 157 नये मेडिकल कॉलेज में सभी जगह नर्सिंग कॉलेज की स्थापना व एकलव्य आवासीय विद्यालयों के लिए 39000 शिक्षकों की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 10 लाख करोड़, रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए, ट्रांसपोर्ट के लिए 75 हजार करोड़ रुपए,शहरी विकास के लिए सालाना 10 हजार करोड़ रूपए बजट का प्रावधान किया गया है तथा सबसे बड़ी बात मध्यम वर्ग के लोगों को राहत प्रदान करते हुए टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है अब आयकर की सीमा को 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दिया गया है, 7 लाख तक का संपूर्ण आय करमुक्त कर दिया गया है इसके साथ ही कर्मचारियों को 52500 रूपए का स्टैंडर्ड डिडक्शन का लाभ भी दिया गया है, इस प्रकार अमृतकाल का यह बजट देश के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

# जल एवं स्वच्छता मिशन: योजना के कार्य की प्रगति व जानकारी के लिए समीक्षा बैठक

## उद्देश्य की पूर्ति के लिये हर घर में संयोजन जुड़े इस पर ध्यान दे अधिकारी: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभागार में ''जल एवं स्वच्छता मिशन'' योजना की समीक्षा की। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी, विभाग में कार्यरत ठेकेदार व क्रियान्वयन सहायक एजेंसी के सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर समीक्षा ने कहा कि हर घर तक जल पहुंचाने के लिए चलाई जा रही जल जीवन मिशन योजना बेहद महत्वपूर्ण है। इसके जरिये लोगों को घरों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों को योजना बनाने तक ही सीमित न रहने बल्कि हर घर में संयोजन जोड़ने की बात कही ताकि योजना का उद्देश्य पूरा हो, उन्होंने सभी विकास खण्डो में योजना की प्रगति एवं कनेक्शन से संबंधित स्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होने उपस्थित अधिकारियों को योजना के लक्ष्य को निर्धारित समय से पूर्व ही पूरा करने के लिए कहा । बैठक में सदस्य, सचिव कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराई । कलेक्टर ने 10 बचे हुए गांव के वर्क ऑर्डर जारी कर, कार्य प्रारंभ करने के लिए आदेशित किया। जिन गाँव में कार्य शुरू नही किया गया है, उनका टेंडर निरस्त कर रिटेंडर की प्रकिया करने की सलाह दी। पेयजल के लिए टंकियों के स्थल चयन में होने वाली समस्या को तहसीलदार व एसडीएम से चिन्हांकित कर एवं विभागीय सामंजस्य स्थापित कर समस्या के जल्द से जल्द निराकरण के निर्देश दिये। सड़क निर्माण विभाग पीडब्लूडी , पीएमजीएसवाई व अन्य विभागों के सड़क निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हुए पाईप लाइन , सड़क चौड़ीकरण के लिए रोके गए पाइप लाइन कार्य को आपसी सामंजस्य स्थापित कर कार्य को जल्द पूर्ण करने के साथ ही रोड कटिंग की समस्या का निराकरण करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिये गये। विद्युत विभाग द्वारा क्लोरिनेटर व पम्प हाउस के लिए बिजली कनेक्शन सम्बन्धी समस्या को 15 दिवस के भीतर पूर्ण किये जाये इसके अनुमति के लिये आदेश दिए । इसके साथ ही उन्होंने ठेकेदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मापदंड व गुणवत्ता युक्त होने के साथ - साथ तय समयसीमा में पूर्ण किया जाए। निर्माण में उपयोग किये जाने वाले सभी सामग्री, गुणवता परीक्षण के उपरांत निर्धारित मापदण्ड पाये जाने पर ही उपयोग मे लाये जांए।उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में जलस्त्रोत व उपलब्धता को ध्यान में रखकर ही कार्य शुरू करे ताकि किसी भी प्रकार की समस्या में सम्बंधित विभाग के सहयोग से तत्काल निराकरण किया जा सके। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित क्रियान्वयन सहायक एजेन्सी के सदस्यों को जल जीवन मिशन योजना के प्रचार प्रसार के लिये भी निर्देशित किये।

# बाघ के हमले से ग्रामीण की मौत, वनांचल में खौफ

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



बाघ के हमले से ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक नदी में मछली मारने गया था। घटना से पूरे वनांचल क्षेत्र में दहशत का वातावरण निर्मित है। वनांचल क्षेत्र में जंगली जानवरों के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पहले आदमखोर तेंदुए ने एक के बाद एक 4 लोगों को अपना शिकार बनाया वहीं अब बाघ ने एक ग्रामीण को मौत की नींद सुला दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कछौड़ अंतर्गत गुंडरूपारा निवासी 40 वर्षीय बुधलाल अगरिया पिता चैतूलाल अपने साथी पंचू के साथ शुक्रवार की शाम गुंडरू नदी में मछली मारने गया था। साथी पंचू के अनुसार वह बुधलाल से करीब डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर मछली मार रहा था। अंधेरा होने पर शाम करीब 6 बजे जब वह बुधलाल के पास लौटा तो उसकी चप्पल, पैर का पंजा, मछली और मछली मारने वाली बंशी बिखरी पड़ी थी और बुधलाल गायब था। अनहोनी की आशंका पर उसने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन आसपास बिखरे मांस व खून तथा रात हो जाने की वजह से खतरे को भांपते हुए ग्रामीणों ने वापस लौटकर केल्हारी रेंजर रामसागर कुर्रे को घटना की जानकारी दी। रात हो जाने की वजह से वन अमला भी तत्काल कुछ कर पाने में असमर्थ रहा। दूसरे दिन शनिवार की सुबह रेंजर रामसागर कुर्रे वन अमले और ग्रामीणों को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और शव की खोजबीन शुरू की। नदी से कुछ दूरी पर विभाग द्वारा ग्रामीण बुधलाल का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया।

### पंजे के निशान मिलने पर विभाग ने किया था अलर्ट

जिसका भय था वही हुआ।सुबह बाघ के पंजे के निशान पाए जाने पर वन अमले के सतर्कता बरते जाने के साथ ही ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने की समझाईश दी गई थी, लेकिन विभाग की समझाईश को नजरअंदाज करते हुए ग्रामीण बुधलाल अपने साथी पंचू के साथ गुंडरू नदी में मछली मारने गया और बाघ के हमले का शिकार हो गया। यदि विभाग की समझाईश को गंभीरता से लिया गया होता तो ग्रामीण बाघ का शिकार होने से बच जाता।

### विधायक ने व्यक्त की शोक-संवेदना

सविप्रा उपाध्यक्ष एवं भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने बाघ के हमले से ग्रामीण कीदुःखद मौत पर अपनी गहरी शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए वन क्षेत्र से लगे रहवासियों से सावधान रहने और शाम के वक्त घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। उन्होंने वन अमले को भी क्षेत्र में बाघ के विचरण पर नजर बनाए रखने व संभावित जनहानि को रोकने हरसंभव प्रयास किए जाने निर्देशित किया है।

# अंकेक्षण दल के समक्ष पीएम आवास हितग्राहियों ने माना शासन का आभार

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा सभागार में अजय त्रिपाठी आयुक्त से प्राप्त अनुमति पश्चात् 2 फरवरी को प्रधानमंत्री आवास योजना मोर जमीन-मोर मकान के सफल क्रियान्वयन उपरांत सामाजिक अंकेक्षण, राज्य शहरी विकास अभिकरण, रायपुर के निर्देशन पर किया गया। इस आयोजन में सामाजिक अंकेक्षण दल नव आस्था जन विकास सेवा समिति अंबिकापुर की ओर से राज्य समन्वयक सागर भट्टाचार्य परियोजना समन्वयक मनीष कुमार, निगम के कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, उपअभियंता मुकेश रात्रे, आवास प्रेरक अंकित साहू टिकेन्द्र शर्मा, जया पमनानी एवं संयुक्त संचालक कार्यालय से आवास प्रेरक जीवन लाल ताम्रकार मौजूद रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभ प्राप्त कर चुके 75 हितग्राहियों ने अपने अनुभवों से अंकेक्षण दल को अवगत कराते हुए शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। 3 फरवरी को भौतिक रूप से अंकेक्षण दल द्वारा विभिन्न स्थानों पर जन चौपाल के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से बातचीत कर एवं घर-घर पहुंचकर लोगों से इस योजना की धरातल पर वस्तुस्थिति को जाना। उल्लेखनीय है कि भिलाई-चरौदा निगम द्वारा अद्यतन 2500 मकान बनाकर लोगों को दिये जा चुके हैं तथा इतने ही निर्माणाधीन हैं। वहीं नये 1628 मकान शासन से स्वीकृत किये जा चुके हैं जिन्हें नये वित्तीय वर्ष में पूरा किया जाना है।

# कामधेनु विश्वविद्यालय में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com




दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा के सभागार में 3 फरवरी 2023 को भारत सरकार की राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना अंतर्गत मैत्री/प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.(कर्नल) एन.पी.दक्षिणकर के मुख्य आतिथ्य, निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ.संजय शाक्य की अध्यक्षता, मैत्री/ प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी तथा प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. एम.के. अवस्थी, कृषि विज्ञान केंद्र के समन्वयक डॉ. व्ही.एन.खुणे, विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी एवं प्रशिक्षणार्थियों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर 28 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। नोडल अधिकारी डॉ.एम.के.अवस्थी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में बताया कि भारत सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के अंतर्गत मैत्री/प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण के लिये चार केंद्रों जिसमें पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा, वेटनरी पॉलिटेक्निक जगदलपुर, सूरजपुर एवं महासमुंद को मान्यता प्रदान की है। बहुउद्देशीय कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन ग्रामीण भारत का संक्षिप्त नाम मैत्री है। निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ.संजय शाक्य ने इस अवसर पर बताया कि 3 माह की अवधी का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को एक माह वेटनरी कॉलेज अंजोरा एवं 2 माह की अवधि अन्य प्रक्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया गया। भारत सरकार का लक्ष्य है कि पूरे भारतवर्ष में चालीस हजार मैत्री कृत्रिम गर्भाधान केंद्र खोले जाएंगे ताकि अच्छी नस्ल के दुधारू पशु प्राप्त किए जा सके। छत्तीसगढ़ राज्य में कृत्रिम गर्भाधान की संख्या बढ़ाने के लिए मैत्री कार्यकर्ता की अहम भूमिका होगी।

# भिलाई-चरोदा निगम में बन रहा आयुष्मान कार्ड



पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई- चरौदा कार्यालय में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने शिविर आयोजित किया जा रहा है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई-3 एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 3 फरवरी 2023 से प्रारंभ कर अगले तीन दिवस तक ये शिविर आयोजित रहेंगे। शासन की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत योजना के तत्वावधान में संचालित आयुष्मान कार्ड पंजीयन योजना का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को चिकित्सा सुरक्षा का कवच प्रदान करना है। सभी कर्मचारीयों हेतु पंजीयन की व्यवस्था निगम कार्यलय मे हि की गई है । निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी ने स्वास्थ्य अधिकारी को निकाय में शिविर हेतु समस्त प्रबंध करने निर्देशित किया, साथ ही स्वयं उपस्थित होकर शिविर प्रारंभ कराया। यह शिविर निगम में कार्यरत सभी प्लेसमेंट एवं नियमित कर्मचारियों हेतु लगाया गया है। स्व सहायता समूह की सभी महिला सदस्य, सभी स्वच्छता मित्र-स्वच्छता दीदी इन्हे भी इसका लाभ मिलेगा। निगम जनसंपर्क विभाग द्वारा यह जानकारी प्रदान की गयी।

# जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर जनचैपाल में प्राप्त आवेदनों की गहन समीक्षा की और लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिले के नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि आमजनों की समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बरतने पर व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधितों पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कई ऐसे ग्राम पंचायत जहां पंचायत सचिवों के परफार्मेंस ठीक नहीं है, उनकी बैठक लेकर बेहतर कार्य हेतु समझाईश देने के भी निर्देश दिए। में कलेक्टर ने बैठक में जनचैपाल के प्राप्त आवेदनों की ग्रामवार समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकतर आवेदन सामाजिक पेंशन, राशन, पशुशेड, मुक्तिधाम, पेयजल, आवास, व्यक्तिगत शौचालय, जर्जर स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों की मरम्मत, बिजली, राजस्व प्रकरण, मुआवजा राशि, अतिक्रमण आदि से संबंधित हैं। इन आवेदनों को सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर निराकरण करें और आवेदकों को राहत पहुंचाएं। आवेदकों को समस्या के निराकरण के संबंध में जानकारी भी दें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, संयुक्त कलेक्टर अजीत पुजारी, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया ग्राम मसना में हाट बाजार क्लिनिक का निरीक्षण

## ग्रामीणों से चर्चा कर ली उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने जिले में हाट बाजार क्लीनिक योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु कल 02 फरवरी को विकासखण्ड लोरमी के ग्राम मसना पहुंचे। उन्होंने वहां ग्रामीणों से चर्चा कर मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि घर के समीप ही हाट बाजार क्लिनिक से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। इससे समय और पैसे की बचत हो रही है। कलेक्टर ने हाट बाजार क्लीनिक में स्टॉफ की संख्या एवं उनकी उपस्थिति, दवाई की उपलब्धता व जांच की सुविधा, आवश्यक उपकरण आदि की जानकारी ली। उन्होंने हाट बाजार क्लिनिक के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। ब्लाक मेडिकल आफिसर ने बताया कि विकासखण्ड लोरमी में हाट बाजार क्लिनिक योजना के तहत आवश्यकता अनुरूप तथा गांवों से स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी के आधार पर हाट बाजारों का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें प्रत्येक हफ्ते डेडिकेटेड टीम के माध्यम से इन हाट बाजारों में आने वाले ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा उन्हें आवश्यक उपचार की सुविधा दी जा रही है।

### कलेक्टर ने किया तहसील कार्यालय लोरमी का औचक निरीक्षण



**मुंगेली।** कलेक्टर ने कल 02 फरवरी राजस्व प्रकरणों पर नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों को समय पर पंजी में दर्ज नहीं करने पर तहसील कार्यालय लोरमी में कार्यरत सहायक ग्रेड 02 फुलसिंह को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होने राजस्व अधिकारियों से कहा कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यो में कसावट लाते हुए राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें।

# कृत्रिम गर्भाधन से उत्पन्न गौवंशों की प्रदर्शनी का कलेक्टर ने किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने कल 02 फरवरी को लोरमी विकासखण्ड के ग्राम झाफल में पशुधन विकास विभाग द्वारा लगाई गई उन्नत नस्लों के गौवंशों की एक दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में गिर, साहीवाल, जर्सी, एचएफ के संकर उन्नत नस्ल के 42 वंश रखे थे। इस दौरान कलेक्टर ने कृत्रिम गर्भाधान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रदर्शनी में कृत्रिम गर्भाधान के लिए जागरूक पशुपालकों को प्रमाण पत्र और प्राथमिक पशु स्वास्थ्य किट प्रदान किया। कलेक्टर ने प्रदर्शनी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालकों के मध्य जागरूकता लाने के लिए झाफल में उन्नत गौवंश प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि देशी गौवंशी एवं भैंस वंशी के कृत्रिम गर्भाधान से उन्नत नस्ल की वत्स प्राप्त होते हैं। साथ ही कृत्रिम गर्भाधान विधि में नर से मादा तथा मादा से नर में फैलने वाले संक्रामक रोगों से पशुओं को बचाया जा सकता है। उन्नत नस्ल के पशुओं में दूध उत्पादन क्षमता अधिक होती है।

उन्होंने वहां उपस्थित पशुपालक किसानों से भी चर्चा की और उन्हें उन्नत नस्ल के पशुपालन के लिए प्रोत्साहित किया। पशु चिकित्सा सेवाएं के उपसंचालक डॉ. आर. एम. त्रिपाठी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कृत्रिम गर्भाधान से पशु नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु पशुपालकों को जागरूक करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान की प्रासंगिकता एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के संबंध में जानकारी दी। स्थानीय जनपद सदस्य होरीलाल राजपूत एवं पशुपालक लोकेन्द्र राजपूत द्वारा पशुपालन के बारे में अपना अनुभव साझा किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी प्रमोद नामदेव सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## भूपेश सरकार ने माताओं- बहनों का अपमान किया : जैन

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की मांगों का भाजपा ने समर्थन किया

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं द्वारा कई सालों से चरणबद्ध तरीके से अपनी मांग की जा रही थी परंतु कांग्रेस सरकार के द्वारा जब उनकी मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई तो उन्हें मजबूरन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाना पड़ा। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी का समर्थन उक्त आंदोलन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ जिससे सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकुर जैन ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने माताओं बहनों का अपमान किया है कांग्रेस के जन घोषणा पत्र में जो वादे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से किए गए थे उन्हें पूरा क्यों नहीं किया गया भूपेश सरकार ने केवल वोट के लिए कभी गंगाजल का अपमान किया, तो कभी माताओं बहनों को मजबूर किया कि वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएं आने वाले समय में निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी कांग्रेस ने घुटने टेक दिए हैं और अपनी हार मान कर बस पैसा बटोरने में लगे हैं। विधायकों का मानदेय मैं 60 से 70,000 प्रति महीने की बढ़ोतरी की गई लेकिन साहिका?3250 महीने में कैसे अपना घर का खर्च पूरा कर पाएंगे । विधायक का मानदेय बढ़ जाता है मगर आंगनबाड़ी सहायकों का मानदेय बढ़ाने में इतनी तकलीफ क्यों? भूपेश बघेल जी को तत्काल संज्ञान में लेकर कार्यवाही करनी चाहिए आज तक सरकार का कोई भी व्यक्ति ना इनका दुख दर्द जानने आया नाही प्रयास किया गया कि यह हड़ताल बंद हो।

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सिंह ने कहा कि 2018 चुनाव में जो घोषणा कांग्रेस सरकार ने की और उसे ही पूरा नहीं किया गया जो कि बहुत बड़ा अन्याय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ हुआ है मैं जब यहां से निकलता हूं और देखता हूं कि इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं अपना घर का काम, अपना आंगनबाड़ी का काम छोड़ कर यहां भूपेश सरकार को जगाने के लिए हड़ताल पर बैठी हैं तो देख कर बहुत पीड़ा होती है। एक महिला के यहां हड़ताल में बैठने से उसके पूरे परिवार को कितनी पीड़ा होती होगी यह हर व्यक्ति समझ सकता है इसलिए मैं चाहूंगा कि आप की मांग जल्द से जल्द पूरी हो और आपको यह हड़ताल समाप्त करना पड़े और आपको भाजपा परिवार की जो भी जरूरत होगी उसके लिए हम सभी आपके साथ हैं।

भाजपा कार्यकर्ता आनंद ताम्रकार ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के द्वारा कांग्रेस सरकार के वादा खिलाफी के खिलाफ चलाया जा रहा आंदोलन, जिसमें कांग्रेस पार्टी के द्वारा 2018 में अपने घोषणा पत्र में लोकलुभावन वादे किये थे, लेकिन सरकार बनने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ छल किया है एवं अपने वादों को अभी तक पूरा नहीं किया है,भारतीय जनता पार्टी, मनेंद्रगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के आंदोलन का पूर्ण रूप से समर्थन करता है और यह मांग करते है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से 2018 में घोषणापत्र के माध्यम से जो वादे किये एवं कोरोना काल में जो वादे उसको तत्काल पूरा करें।भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रवीण सिंह ने कहा कि नारियों का अपमान का बदला तो छत्तीसगढ़ की पूरी कांग्रेस सरकार से चुनाव में लिया ही जाएगा लेकिन दुख इस बात का है कि मेरी बहने इस तरह जमीन पर बैठकर इतनी तेज धूप में अपना पूरा समय बिताने पर मजबूर है। कांग्रेस के भूपेश सरकार से हम कोई नई मांग नहीं कर रहे हैं जो उन्होंने अपने घोषणापत्र पर लिखा है उसी को पूरा करने के लिए हमें संघर्ष करना पड़ रहा है यह हम सभी के लिए दुख की बात है। इस दौरान भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकुर जैन, भाजपा मंडल महामंत्री रामचरित द्विवेदी, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रवीण सिंह, युवा मोर्चा से आनंद ताम्रकार, अखिलेश मिश्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल महामंत्री इकबाल सिंह, रिचेन सिंह, आशीष जैन एवम बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहे।



# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 को

**मुंगेली।** इस वर्ष का पहला नेशनल लोक अदालत 11 फरवरी 2023 का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा इस वर्ष का पहला नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी 2023 दिन शनिवार को किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ अध्यक्ष जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर मुंगेली में 10.30 बजे दीप प्रज्वलन के साथ किया जावेगा।

## हिंडेनबर्ग रिपोर्ट अडाणी पर संकट

**हिंडेनबर्ग** रिपोर्ट के बाद अडाणी की कंपनियों पर संकट मंडरा रहा है। ऐसे में सरकार व नियामकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि अडाणी समूह पर आए इस संकट का असर आम शेयरधारकों पर न पड़े। यूक्रेन युद्ध मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से कहा था कि 'आज का युग युद्ध का नहीं है।' आजकल प्रकारान्तर से दलाल स्ट्रीट पर 'रक्तपात' हो रहा है, ऐसे में सरकार को विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को भी यही संदेश देना चाहिए जो संभवतः अपने चुनावी लाभ के कारण सरकार पर हमलावर हैं। हिंडेनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद अडाणी समूह की सात सूचीबद्ध कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी में लगभग 100 बिलियन डालर की कमी आई। अपने निवेशकों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए अडाणी समूह ने देश में सबसे बड़े 20,000 करोड़ रुपये की 'पब्लिक आफरिंग'-एफपीओ को रद्द करने का निर्णय लेना पड़ा है। समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने एक बयान में कहा, एफपीओ पर आगे बढ़ना 'नैतिक रूप से सही नहीं होगा।' वास्तव में पूरा शेयर बाजार, खासकर बैंकों के शेयर अडानी के शेयरों का मूल्य गिरने से प्रभावित हुए हैं। यहां तक आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने वाले शानदार केन्द्रीय बजट के बावजूद निवेशकों का उत्साह नहीं बढ़ा। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, अडाणी के शेयरों में तेज गिरावट का संबंध केवल उनके संस्थागत या खुदरा प्रमोटरों व निवेशकों की चिन्ता से नहीं है, बल्कि इसका असर उन बैंकों पर भी पड़ सकता है जिन्होंने इस समूह को कर्ज दिया है। इससे सरकारी खजाने पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि देश के अधिकांश बैंक सार्वजनिक क्षेत्र में हैं और उनका नुकसान होने पर उनके पुनः पूंजीकरण की जरूरत होगी जिसका बोझ करदाताओं को वहन करना होगा। इस तथ्य पर गौर किया जाना चाहिए कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को पुनः पूंजीकरण के लिए केवल चार साल में 2016-17 से 2020-21 के बीच करदाताओं के पैसे से 310,997 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए।

इस पृष्ठभूमि में देखें तो अमेरिकी शार्ट-सेलर हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट पर राजनेता वर्ग की प्रतिक्रिया जिम्मेदार नहीं कही जा सकती है। संकट के सीधे समाधान पर जोर देने के बजाय कुछ राजनेता इससे लाभ उठाना चाहते हैं। संसद में विपक्षी दलों ने अडाणी समूह के शेयरों में तेज गिरावट को देखते हुए भारतीय निवेशकों को पैदा जोखिम पर चर्चा की मांग की। उन्होंने एक संसदीय समिति या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति से जांच की मांग भी की। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इन मांगों को मानने से इनकार कर दिया जिससे दोनों सदनों में गतिरोध पैदा हो गया। इस प्रकरण का समाधान होना चाहिए क्योंकि गतिरोध किसी के हित में नहीं है। अडाणी समूह निवेशकों को समझाने में विफल रहा है। हालांकि, उसने हिंडेनबर्ग द्वारा उठाए सवालों का विस्तृत जवाब देते हुए हिंडेनबर्ग को 'मैनहटन का पागल' कहा है जिसकी 'कोई विश्वसनीयता या नैतिकता' नहीं है। अडाणी समूह ने यह भी कहा है कि हिंडेनबर्ग के आरोप 'केवल किसी खास कंपनी पर अनावश्यक हमले न होकर भारत पर सुनियोजित हमला हैं।' हालांकि, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारत के दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद 'भारत-विरोधी' शक्तियां किसी भी रूप में सक्रिय हो सकती हैं, लेकिन शायद निवेशक इसे फिलहाल समझने को तैयार नहीं हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि भारत की नियामक संस्थायें जल्द ही मामले पर कार्रवाई कर 'दूध का दूध और पानी का पानी' कर देंगी। भारत की औद्योगिक व आर्थिक प्रगति के लिए भारतीय उद्यमों में निवेशकों तथा आम जनता का विश्वास बनाए रखना जरूरी है।

# धर्मनगरी राजिम का माघ मेला

### कुलेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र बना हुआ है। यह मंदिर महानदी में टापू की भांति ऊंचाई पर निर्मित है। विशाल पीपल बृक्ष तले यहां शिवभक्तों की मण्डली का जमावड़ा बना रहता है।

**विजय मिश्रा**
**'अमित'**
पूर्व अति महाप्रबंधक
(जन) छग.पावर
कंपनी



भारत के इतिहास में नवप्रदेश के रूप में नवम्बर 2000 से अंकित छत्तीसगढ़ प्रांत अति प्राचीन काल से मेला मड़ाई का गढ़ रहा है। प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा पर यहां के प्रतिष्ठित शिवालयों नदी,तालाबों के तट पर पारम्परिक मेले लगते रहे हैं।ऐसे मेलों में सर्वाधिक जनप्रिय मेला धर्म नगरी राजिम का माघी पुन्नी मेला है। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में स्थित राजिम राजधानी रायपुर से करीब पचपन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसे 'छत्तीसगढ़ का प्रयाग' तथा 'शिव-वैष्णव धर्म संगम तीर्थ' के नाम से भी राष्ट्रीय पहिचान प्राप्त है।

यहां पैरी,सोढूर और महानदी का पवित्र संगम है। इस त्रिवेणी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के गंगा- यमुना- सरस्वती संगम स्थल की तरह मान्यता प्राप्त है।इसका प्राचीन नाम कमल क्षेत्र रहा है।यहां प्रदेशवासी अपने परिजनों की मृत्युपरांत के अनुष्ठानों सहित अस्थि विसर्जन, पितृतर्पण भी करते हैं।

**सर्वाधिक दीपदान का विश्व कीर्तिमान :** राजिम के त्रिवेणी तट पर प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक विशाल मेला भरता है। मेला में महाकाल की नगरी उज्जैन,प्रयाग, हरिद्वार जैसे धर्मधाम से संतजन- श्रद्धालुजन त्रिवेणी संगम में स्नान करने बड़ी संख्या में आते हैं।पविउ स्नान उपरांत महानदी की रेत से शिवलिंग तैयार करके बेलपत्र,धतूरा आदि से पूजा अर्चना करते है। महानदी की धार में श्रद्धालुजन दीपदान करते हैं। यहां पर एक ही दिन में तीन लाख इकसठ हजार दीपदान करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। यहां संध्या कालीन महाआरती के समय शंख,घंटी की गूंज से मन भक्ति भाव में डूब जाता है।

**माता सीता ने की रेत से शिव लिंग की स्थापना :** धार्मिक मान्यतानुसार भगवान श्रीराम ने वनवास काल के दस वर्ष छत्तीसगढ़ के वनांचल में बिताए थे। इसी दौरान माता सीता और श्रीराम ने अपने कुलदेव महादेव की पूजा अर्चना राजिम में महानदी के तट पर की थी। महानदी की रेत से शिवलिंग निर्मित कर माता सीता ने जिस स्थल पर आराधना की थी। उसी स्थल पर निर्मित कुलेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र बना हुआ है। यह मंदिर महानदी में टापू की भांति ऊंचाई पर निर्मित है। विशाल पीपल बृक्ष तले यहां शिवभक्तों की मण्डली का जमावड़ा बना रहता है।

**उड़ीसा से राजिम आते हैं प्रभु जगन्नाथ :** महानदी के तट पर भगवान श्री राजीव लोचन का विशालकाय मंदिर निर्मित है। मंदिर में नक्काशीदार पत्थरों से निर्मित स्तंभ, आकर्षक मूर्तियां अद्भुत वास्तु कला को प्रदर्शित करते हैं। प्रभु श्री राजीव का जन्मोत्सव माघ पूर्णिमा को यहां धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसी पौराणिक मान्यता है, इस दिन उड़ीसा से भगवान जगन्नाथ भी श्री राजीवलोचन का जन्मोत्सव मनाने राजिम आते हैं।यही वजह है इस दिन उड़ीसा स्थित जगन्नाथ मंदिर का पट बंद रहता है। मेला में आए श्रद्धालुओं को निकट स्थित ग्राम चम्पारण में श्री महाप्रभु वल्लभाचार्य जी प्रकाट्य स्थल, लोमश ऋषि आश्रम,भक्त माता कर्मा,और अन्य देवालयों का दर्शन लाभ सहज मिल जाता है।



महानदी के तट पर ही स्थित राजीव लोचन मंदिर से लगा स्थल सीताबाड़ी है। जहां कि मौर्यकालीन तथा सम्राट अशोक काल के मंदिर,सिक्के,मूर्तियां प्राप्त हुई हैं।

**पंचकोशी परिक्रमा करते हैं श्रद्धालु :** माघी पुन्नी मेला स्थल से श्रद्धालुगण पंचकोशी परिक्रमा की शुरुआत करते हैं।यहां के कुलेश्वर महादेव का दर्शन करके धर्मालुओं का जत्था हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए ग्राम पटेवा के पटेश्वर महादेव,चम्पारण के चम्पेश्वर महादेव,फिंगेश्वर के महादेव और कोपरा ग्राम के कोपेश्वर महादेव स्वयंभू शिवलिंग का दर्शन कर परिक्रमा पूरी करते हैं।

**धार्मिक -सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम :** ग्राम्य संस्कृति का संरक्षण और नव पीढ़ी तक परम्पराओं का संचार की दृष्टि से इस मेले की बड़ी उपादेयता है।पखवाड़े भर के मेला में दर्शनार्थियों को प्रत्येक शाम सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रम देखने का भी आनंद भव्य मंच पर मिलता है। महानदी की पसरी रेत पर सरकारी विभागों की प्रदर्शनी, खेल तमाशे,एवं साज श्रृंगार, खान-पान के स्टाल का मजा लाखों दर्शकों के भीतर नवऊर्जा का संचार करता है।

सैकड़ों साल से भरते आए राजिम माघी पुन्नी मेला स्थल पर बना लक्ष्मण झूला, लेज़र शो जनमन को मोहित करता है। आस्था, अध्यात्म और संस्कृति का त्रिवेणी संगम माघी पुन्नी मेला धार्मिक, सांस्कृतिक दृष्टि के साथ ही सामाजिक समरसता को भी सार्थक करते आ रहा है।

# तकनीकी शिक्षा एवं साइबर सुरक्षा का बढ़ता महत्व

**अभिषेक मित्रा**
(लेखक इंडियन सायबर सिक्योरिटी साल्यूशंस के संस्थापक व सीइओ हैं)



स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार मौजूदा और नए व्यवसायों के लिए वैश्विक यूनिकॉर्न बनने के लिए एक अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित पहल चलाने में सबसे आगे रही है। इसलिए, भारतीय साइबर सुरक्षा के द्वार पर युवा प्रतिभाओं को पेश करने के लिए भारतीय छात्रों को साइबर सुरक्षा को करियर विकल्प के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहित करने का सबसे अच्छा समय है। भारत में शिक्षा क्षेत्र युवाओं के बीच तकनीकी शिक्षा की सुविधा प्रदान करने और एक साथ इसकी प्रवृत्ति से निपटने के लिए विस्तृत मास्टरक्लास और क्रैश कोर्स दोनों के साथ उभर रहा है। यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रहती है तो भविष्य में साइबर सुरक्षा रोजगार की भारी मांग होगी। भारत के साइबर सुरक्षा कॉलेज विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों की पेशकश कर रहे हैं जो स्थानांतरण स्थितियों के लिए प्रासंगिक हैं। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की भारत में भारी मांग को देखते हुए, साइबर सुरक्षा शिक्षा का अध्ययन करने में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति को लंबे समय में लाभ होगा। तकनीकी शिक्षा जनशक्ति विकास को बढ़ावा देती है और व्यक्तियों को कौशल से लैस करती है जो उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग बनाने, विकसित करने और स्थापित करने में सक्षम बनाती है।

साइबर सुरक्षा और तकनीकी शिक्षा से संबंधित शिक्षा क्षेत्र में चर्चा के कई कारण हैं। भारतीय छात्रों को साइबर सुरक्षा और तकनीकी शिक्षा-आधारित पाठ्यक्रमों की ओर अधिक झुकाव देने वाले प्रमुख कारकों में से एक इन विषयों में कुशल संसाधनों की मांग की वैश्विक लहर है। मांग में यह उछाल प्रौद्योगिकी आधारित क्रांति के आगमन के साथ आया है जिसने सरकार से लेकर बैंकिंग तक सभी क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। डिजाइन के हिसाब से भी यह चलन सदाबहार है, क्योंकि उद्योगों की नई सीमा के लिए ज्ञान और तकनीक-कौशल-आधारित कार्यबल की आवश्यकता होगी।



इसके चलते छात्र इससे जुड़े और कोर्स की मांग कर रहे हैं। साथ ही, एक टिकाऊ करियर की मांग भी है, जो फ्यूचर शॉक प्रूफ हो। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन के क्षेत्र में बढ़ती प्रगति मानव श्रम शक्ति के उन्मूलन का कारण बन रही है, इस चर्चा से हम सभी परिचित हैं। हालांकि, यह खतरा साइबर सुरक्षा और अन्य तकनीकी-आधारित नौकरियों के क्षेत्र में नहीं है क्योंकि इसके लिए नए ढांचे और फायरवॉल के निर्माण के साथ-साथ निरंतर मानवीय हस्तक्षेप और जांच की आवश्यकता होती है, यह आज के रूप में अकेले एआई या एमएल द्वारा कुशलतापूर्वक संभव नहीं है। नतीजतन, हाई स्कूल, सामुदायिक कॉलेज, नीति निर्माता और परिवार तेजी से बदलते भविष्य के लिए बच्चों को तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं, और भारतीय शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारक उन्हें बेहतर तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इंटरनेट और सॉफ्टवेयर एकीकरण ने सभी उद्योगों, क्षेत्रों और उप-क्षेत्रों को कैसे प्रभावित किया है, इसके परिणामस्वरूप एक सक्षम साइबर सुरक्षा जानकार और तकनीकी रूप से ध्वनि कार्यबल की भारी मांग विभिन्न क्षेत्रों में उत्पन्न हुई है, जिससे एक मौलिक परिवर्तन आया है। चीजें की जाती हैं। वित्तीय संस्थान, कानून व्यवसाय, रियल एस्टेट कंपनियां, स्टॉक ब्रोकरेज फर्म, बीमा कंपनियां, और कई अन्य मांग की सीमा और मात्रा के उदाहरण हैं, जिसमें से छात्र चुन सकते हैं। सरकार को तकनीकी पाठ्यक्रमों के महत्व का एहसास हुआ और वे कैसे देश के समाज और अर्थव्यवस्था में योगदान कर सकते हैं। सभी ज्ञान रूपों की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी अध्ययन में बहु-अनुशासन और समग्र शिक्षा नई शिक्षा नीति-2020 की एक प्रमुख विशेषता है।

सरकार ने राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न संस्थानों की स्थापना करके देश भर में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास किया जिसमें 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान शामिल हैं। अनुसंधान और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए योजना (स्पार्क), डिजाइन नवाचार के लिए राष्ट्रीय पहल (एनआईडीआई), विज्ञान में परिवर्तनकारी और उन्नत अनुसंधान के लिए योजना (स्टार), आदि तकनीकी शिक्षा के प्रचार के लिए शिक्षा मंत्रालय में लागू की गई हैं और उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाया दिया जाता रहा है। साइबर सुरक्षा से संबंधित पाठ्यक्रमों और अन्य तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रचार के तेजी से विकास के लिए जिम्मेदार सहायक कारक टेक-फर्स्ट लेबर मार्केट में कुशल प्रतिभा की कमी है, जो सभी क्षेत्रों में संगठनों द्वारा विशाल और विविध मांग के साथ युग्मित है, मौद्रिक पारिश्रमिक काफी आकर्षक है। एक विशिष्ट अनुशासन या साइबर सुरक्षा के उप-क्षेत्र की ओर निर्देशित लघु-अवधि के प्रमाणन कार्यक्रम युवा छात्रों और पेशेवरों दोनों के बीच त्वरित गति और विशद लोकप्रियता प्राप्त कर रहे हैं। ये इन विस्तृत अध्ययनों में एक त्वरित मार्गदर्शक और प्रवेश द्वार के रूप में कार्य कर रहे हैं। आने वाले समय में, भारतीय शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी अध्ययन, व्यावसायिक अध्ययन, और साइबर सुरक्षा पाठ्यक्रम जैसे जोखिम मूल्यांकन, वित्तीय धोखाधड़ी संरक्षण, और सिस्टम ऑडिटिंग से संबंधित गतिशील मांग में वृद्धि देखने को मिलेगी, साथ ही यह संस्थाओं एवं शिक्षा-तकनीकी कम्पनियों में परिलक्षित होगा।

## फरमाया



**भारतीय** रेलवे का आबंटन 2.40 लाख करोड़ हो गया है जो अब तक सबसे ज्यादा तथा 1993 का 6 गुना है।

**- निर्मला सीतारमण**
वित्तमंत्री



**यह** कर्मचारियों या नई भर्ती के लिए है अथवा निजी कंपनियों को बेचने के पहले रेलवे आधुनिकीकरण के लिए है।

**- भूपेश बघेल**
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री



**यह** बजट गरीब-विरोधी व जन-विरोधी है। मैं इसकी निन्दा करती हूं।

**- ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## खतरनाक पाकिस्तान

**पाकिस्तान** में मस्जिद पर हुए फिद्दायीन हमले में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की घटना आतंकवादियों के बढ़ते हौसले का सबूत है। पाकिस्तान को इसे अपने द्वारा ही खोदे गए गड्ढे में खुद ही गिर जाने वाली घटना मानना चाहिए। देश के अंदरूनी हालात बद से बदतर हो रहे हैं, मगर पाकिस्तान का ध्यान अब भी भारत में आतंकवाद की फसल काटने पर ही है। यदि ऐसे हादसों के बाद भी पाकिस्तानी हुक्मरान और सेना अपने आतंकवादियों के प्रशिक्षण केंद्र को बंद नहीं करती हैं तो भविष्य में यह भस्मासुर खुद उसे ही भस्म कर देंगे। संभावना है कि आतंकियों के समर्थक जिहादी व कट्टरपंथी तत्व पाकिस्तान की सत्ता और परमाणु बम तक हथिया लेंगे। यह पाकिस्तान के शासकों के साथ ही दुनिया के उन देशों के लिए भी सबक है जो पाकिस्तान की भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए उसके पुराने पापों को भुला कर उससे गलबहिंयां करने लगते हैं। दुनिया को उस भयावह स्थिति के बारे में विचार करना चाहिए जब पाकिस्तान के आणविक हथियार कट्टरपंथियों के हाथ लग जाएंगे और वे भारत समेत पश्चिमी देशों को नाभिकीय ब्लैकमेल का शिकार बनाने का प्रयास करेंगे। यह उत्तर कोरिया के बाद सर्वाधिक खतरनाक देश होगा।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## राक्षसी प्रवृत्ति

**प्राचीन** समय में निशाचरों को रूप बदलने की विद्या आती थी जिस कारण कालनेमि, मारीच, सूपर्णखा, पूतना, रावण सहित समस्त निशाचर अपना रूप बदलकर ऋषि मुनियों व ईश्वर भक्तों को पीड़ा पहुचाते थे। शायद भारत की वर्तमान राजनीति ने राक्षसों की रूप बदलने की प्राचीन परंपरा को जीवित कर दिया है। अभी भारत की आस्था के केंद्र श्री राम के जीवन पर आधारित रामचरितमानस को लेकर सपा के राष्ट्रीय सचिव स्वामी प्रसाद मौर्या ने ऐसी टिप्पणी की है जिससे देश का हिन्दू समाज आहत है। स्वामी प्रसाद मौर्या अपने बयान पर कायम है और लगातर उसमें नए-नए आयाम जोड़ते जा रहे हैं। शायद अखिलेश यादव सहित समस्त सपाइयों का इसमे सहयोग व पूर्ण समर्थन है। यह केवल राजनीतिक लाभ पाने के लिये भारत की सबसे प्राचीन परंपरा को बदनाम करने की सोची समझी साजिश है ये। यही स्वामी प्रसाद मौर्या जब भाजपा में बड़े मंत्री थे तब इनके मुख से कभी भी कोई टिप्पणी ऐसी नही आई। देखना होगा कि देश-प्रदेश की जनता मौर्य व अखिलेश यादव की अवसरवादिता व राक्षसी प्रवृत्ति का चुनावों में कैसा जवाब देती है।

**-ललित शंकर,** गाजियाबाद

## विपक्षी विलाप

**आम** बजट आम लोगों के साथ ही सभी वर्गों को संतुलित और व्यवहारिक लगा किन्तु विघ्नसंतोषी विपक्षियों को नागवार लगा। इसका प्रमुख कारण यह है कि उन्हें कभी भी सरकार की बात उनके मन को भायी ही नहीं तब बेहतर बजट भी असंतुलित लगना स्वाभाविक ही है। पूर्व वित्तमंत्री पी चिदम्बर ने कहा कि इसमें गरीबी और बेरोजगारी मिटाने के लिए कुछ नहीं, जैसे वित्त मंत्री रहते हुए उन्होंने तो सारी गरीबी और बेरोजगारी मिटा कर ही रख दी थी। मजेदार बात है कि उनके बेटे कीर्ति चिदम्बर ने बजट का स्वागत किया। कुल मिलाकर बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है साथ ही सभी ने इसका स्वागत किया है। विपक्ष ने भाजपा पर चुनावी बजट पेश करने का आरोप भले ही लगाया हो, पर वित्त मंत्री ने जोखिम उठाते हुए भी लोकरंजक योजनाओं से दूरी बनाए रख कर अच्छी राजनीति व अच्छी अर्थनीति में भी संतुलन बनाने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री मोदी देश के बेघरों को घर तथा हर घर को नल से जल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जबकि विपक्ष ने कभी इतना बड़ा सपना देखा ही नहीं था।

**-शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

## जय हनुमान व्यायाम शाला कुम्हारी में आयोजित किया जाएगा

# प्रथम सीएम ट्रॉफी छत्तीसगढ़ राज्य ओपन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 26 फरवरी से

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा संचालित सर्वसुविधायुक्त अत्याधुनिक जय हनुमान व्यायाम शाला कुम्हारी द्वारा 26 फरवरी 2023 को प्रथम सीएम ट्रॉफी छत्तीसगढ़ राज्य ओपन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है इस संबंध में जय हनुमान व्यायाम शाला कुम्हारी द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप झा ने बताया कि प्रदेश में इस प्रकार की खुली प्रतियोगिता बहुत कम होती है उसमें भी विशेषकर निजी फेडरेशन द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिसमें प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर बहुत ही सीमित होता है चूंकि हमारा उद्देश्य मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की परिकल्पना खेलबो, जीतबो, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ पर आधारित है जिसमें प्रतिभागियों को ही नहीं वरन् युवा तथा आमजन को स्वस्थ रहने के साथ ही अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हुए राष्टीय और अंतरराष्टीय स्तर पर प्रदेश और राष्ट का नाम ऊंचाइयों पर ले जाना है। व्यायामशाला की व्यवस्था और आधुनिक खेल सामग्रियों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मेरे विचार से पूरे भारत में शासन द्वारा संचालित अत्याधुनिक सर्व सुविधाओं से युक्त एयर कंडीशंड व्यायामशाला बहुत कम ही गिने-चुने होंगे जिसमें कुम्हारी जय हनुमान व्यायाम शाला प्रथम स्थान पर है। यहां पर सभी प्रकार के व्यायाम के अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि निर्धन युवा खेल प्रतिभाओं को व्यायामशाला की ओर से निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। व्यायाम से संबंधित डाइट्स के खर्चों का वाहन व्यायामशाला के माध्यम से नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों से पालिका के पार्षदों के माध्यम से सहयोग रूप में कराया जा रहा है विगत 6 माह में ही व्यायामशाला के होनहार युवाओं ने प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर महाराष्ट्र के औरंगाबाद में आयोजित राष्ट्रीय शारीरिक सौष्ठव प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त किया है साथ ही अब राष्ट्रीय स्तर के अन्य प्रतियोगिताओं पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं । कुम्हारी नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में अत्यंत तीव्रता से अपनी पहचान बनाते हुए जय हनुमान व्यायाम शाला द्वारा युवाओं के साथ ही महिला युवा खिलाड़ियों को भी आकर्षित किया है और उनमें खेल भावना को विकसित करने के लिए तथा प्रेरित करने के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है । इसी प्रकार दिव्यांग खिलाड़ियों को भी निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है । महिला वर्ग की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने प्रदेश स्तर पर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर साबित कर दिया है कि उन्हें अवसर मिला तो वे इससे भी बढ़कर अपने प्रदर्शन को दोहरा सकती हैं । प्रथम सी एम ट्रॉफी छत्तीसगढ़ राज्य ओपन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु कुल सात लाख रुपए के आकर्षक पुरस्कार आयोजन समिति द्वारा नगर के गणमान्य नागरिकों, व्यवसायियों के सहयोग से विजेता और उपविजेता एवं अन्य प्रतिभागियों को प्रदान किया जाएगा । प्रतियोगिता के नियमों, शर्तों एवं प्रतियोगिता के वर्ग के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का वर्ग (अ) पुरुष ओपन वर्ग (बॉडी बिल्डिंग) 55, 60, 70, 75, 80, 80 किलोग्राम वर्ग का होगा ।



**मेन्स फिजिक-** ओपन कैटेगरीवुमन्स बॉडी बिल्डिंग ओपन कैटेगरी -मास्टर्स बॉडी बिल्डिंग ओपन कैटेगरी,दिव्यांग बॉडी बिल्डिंग ओपन कैटेगरी में आयोजित किया जाएगा।
पुरस्कार के प्रकार पुरुष ओपन (बॉडी बिल्डिंग और मेन्स फिजिक में प्रथम पुरस्कार - एलईडी टीवी एवं नगद पुरस्कार
द्वितीय - वाशिंग मशीन एवं नगद पुरस्कार
तृतीय - मिक्सर ग्राइन्डर एवं नगद पुरस्कार
मिस्टर छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग ओपन स्पोर्ट्स बाईक

**वुमन्स बॉडी बिल्डिंग में**
प्रथम - वाशिंग मशीन एवं नगद पुरस्कार
द्वितीय - मिक्सर ग्राइन्डर एवं नगद पुरस्कार

**तृतीय - इंडक्शन एवं नगद पुरस्कार**
मास्टर्स बॉडी बिल्डिंग और दिव्यांग बॉडी बिल्डिंग प्रथम, द्वितीय, तृतीय विशेष उपहार एवं एवं नगद पुरस्कार विशेष रूप से सभी वर्गों में चौथा और पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले को सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा।
प्रवेश शुल्क अत्यंत अल्प मूल्य रु. 500 के साथ महिला एवं दिव्यांग खिलाड़ियों का प्रवेश निःशुल्क निश्चित किया गया है । इस प्रेसवार्ता में आयोजन समिति अध्यक्ष प्रदीप झा के साथ आयोजन समिति सचिव विकास शुक्ला एवं जय हनुमान व्यायाम शाला के राज्य और राष्ट्रीय स्तर के पदकवीर खिलाड़ी उपस्थित थे।

## इनकम-टैक्स गणना पत्रक के साथ 500 रु मांगना अनुचित : फडरेशन



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू, जिलाध्यक्ष राजकुमार सरजारे व मोहला ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर कोर्राम के नेतृत्व में इनकम-टैक्स गणना पत्रक के साथ 500/- रुपये की राशि जमा करने का मौखिक निर्देश अधिकारियों द्वारा संकुल समन्वयकों को दिया गया था, जिसे संकुल समन्वयकों ने संकुल व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचना प्रसारित किया गया था। जिसको लेकर प्रतिनिधिमंडल ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (जिला शिक्षा अधिकारी) के. के. बंजारा के नाम से ज्ञापन सौंपकर 500/- रुपये की राशि लेना अनुचित व अन्यायपूर्ण बताया था। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन की ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए के. के. बंजारा , विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (जिला शिक्षा अधिकारी) जिला-मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी ने इनकम-टैक्स गणना पत्रक जमा करने के नाम पर प्रत्येक शिक्षक से 500/-रुपये की राशि लिए जाने को अनुचित बताते हुए सभी से निःशुल्क गणना पत्रक जमा करने हेतु आदेश जारी किया गया। जिसमे स्पष्ट लिखा हुआ है कि आयकर गणना पत्रक प्रदान कर जमा करना आहरण संवितरण अधिकारी का दायित्व है। अगर इस प्रकार की शिकायत की पुनरावृत्ति होती है तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्थित की जायेगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल के मांग पर निःशुल्क इनकम-टैक्स गणना पत्रक प्रदान करने व जमा करने हेतु आदेश जारी करने पर के. के. बंजारा को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया है।

## एक दिवसीय दिव्यांग शिविर का आयोजन

**दल्लीराजहरा।** जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग, के तत्वावधान में नगर पालिका परिसर, दल्ली राजहरा में दिनांक 09 फरवरी, दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक एक दिवसीय दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया है. इस शिविर में नगर पालिका क्षेत्र दल्लीराजहरा, नगर पंचायत, चिखलाकसा तथा आसपास के दिव्यांगजनों के नवीनीकरण हेतु लंबित मेडिकल प्रमाणपत्रों का तत्काल नवीनीकरण किया जाएगा, जिनका दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बना है उनका नवीन प्रमाणपत्र बनाया जाएगा। यूडीआईडी कार्ड का नवीनीकरण या नया कार्ड जारी किया जाएगा। दिव्यांगों का परीक्षण कर उनका श्रवण यंत्र, बैसाखी, ट्राईसिकल, मोटराईज्ड ट्राईसिकल वितरण हेतु पंजीयन किया जाएगा. उसके बाद उपलब्ध होने पर दल्लीराजहरा में ही वितरित किया जाएगा।इसके लिए उनको निम्नलिखित दस्तावेज लाने होंगे- नवीनीकरण हेतु लंबित् मूल मेडिकल प्रमाणपत्र, आधार कार्ड 3 फोटो प्रति सहित.नया मेडिकल प्रमाण-पत्र बनवाने हेतु दिव्यांगता दर्शाते हुए फुल साईज की पासपोर्ट साईज की 2 रंगीन फोटो,नवीनीकरण हेतु पुराना यूडीआईडी कार्ड. नया यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु दो पासपोर्ट साईज की रंगीन फोटो, नगर पालिका अध्यक्ष, दल्लीराजहरा/नगर पंचायत, चिखलाकसा, पार्षद, सरपंच या पटवारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र।

## कला जत्था के माध्यम से कर रहे शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देश व कलेक्टर पद्धुम सिंह एल्मा के मार्गदर्शन में जनसंपर्क विभाग बेमेतरा द्वारा कला जत्था के माध्यम से शासन की योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए गांव-गांव में मनोरंजक व ज्ञानवर्धक कार्य म का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा जिले में अनेक जन कल्याणकारी और लाभार्थी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने एवं योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से कलाजत्था के माध्यम से गांवों मे प्रचार-प्रसार कर स्थानीय भाषा में लोगों को समझाया और बताया जा रहा है। बेमेतरा जिले के चारो विकासखण्ड बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ एवं साजा के 50 गांवों में मनोरंजक व ज्ञानवर्धक कार्य म का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक दिन विभिन्न गांवों में लगभग डेढ़ से दो घंटे तक कार्य म की प्रस्तुति दी जा रही है। कार्य म में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं नरवा, गरवा, घुरवा व बारी के अंतर्गत स्थापित गौठान और उससे होने वाले फायदों के बारें में ग्रामीणों को बताया गया। इस योजना से ग्रामीण विभिन्न गतिविधियों से जुड़ कर लाभ उठा रहे है और अर्थिक रूप से सशक्त हो रहे है। इसी तरह हाट बाजार क्लिनिक योजना के तहत ग्रामीणों को जहां एक ओर उनके स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाता है, वहीं दूसरी ओर उनको बीमारियों से बचाव के उपाय बताये जाते है तथा उपचार हेतु दवाईयां भी दी जाती है। इसके अलावा शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजना मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, छत्तीसगढ़ सार्वभौम पीडीएस योजना, छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री मितान योजना, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना, सुराजी गाँव योजना, बिजली बिल हॉफ योजना, पौनी पसारी योजनाओं का कला जत्था के कलाकारों द्वारा जानकारी दी गई और इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया।

## कोदो, कुटकी व रागी की खरीदी 15 फरवरी तक

### कृषक शीघ्र मिंजाई कार्य पूर्ण कर बिक्री करें-चूड़ामणि सिंह

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार वर्ष 2022-23 में गुणवत्तायुक्त कोदो, कुटकी व रागी का ऋय लघु वनोपज संघ द्वारा किया जा रहा है। जिला यूनियन, कवर्धा द्वारा जिले के 39 हाट बाजार स्तरीय महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कोदो, कुटकी व रागी का ऋय किया जा रहा है। जिले के किसान अपने खरीदी केन्द्रों में 15 फरवरी 2023 तक कोदो, कुटकी व रागी का विक्रय कर सकते है। कोदो, कुटकी व रागी वर्ष 2022 का ही होना चाहिए। उसमें अवांछनीय पदार्थ यथा मिट्टी, पत्थर कचरा नहीं होना चाहिए। कृषकों से प्रति एकड़ कोदो-कुटकी 3.50 क्विंटल तथा रागी 2 क्विंटल ऋय किया जाएगा। वन मंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह ने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि बी-1, खसरा अभिलेख, संग्रहण कार्ड, आधार कार्ड अथवा राशन कार्ड साथ में लेकर आए। वन अधिकार पत्र प्राप्त किसान संबंधित वन रक्षक अथवा परिक्षेत्र सहायक से कोदो, कुटकी व रागी फसल 2022 में होने का प्रमाणपत्र के साथ उपार्जन केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जिन कृषकों ने कोदो, कुटकी व रागी की मिंजाई पूर्ण नहीं की है वे तत्काल मिजांई कार्य पूर्ण कर कर लें और निकटवर्ती संग्रहण केन्द्रों पर 15 फरवरी के पूर्व विक्रय करें। उन्हांने बताया कि कोदो 30 रूपए प्रति किलोग्राम, कुटकी-31 रूपए प्रति किलोग्राम और रागी-35.78 रूपए प्रति किलोग्राम है।

### संग्रहण केन्द्रों का विवरण

जिला यूनियन, कवर्धा द्वारा जिले के 39 हाट बाजार स्तरीय महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कोदो, कुटकी व रागी का ऋय किया जा रहा है। जिले के किसान अपने खरीदी केन्द्र चिल्फी, झलमला, समनापुर, रेंगाखार, खारा, उसरवाही, बोक्करखार, खड़िया, बैजलपुर, बोड़ला, बैरख, तरेगांव, दलदली, बांकी, लरबक्की, कुई, भैंसाडबरा, कोदवा, पीपरटोला, धानीखुटा, मिनमिनिया, झंडी, ओड़िया, पंडरीपानी, दियाबार, रौचन 27. कोयलारझोरी 28. जरहानवागांव 29. खोलवा 30. कोयलारी 31. जुनवानी, तेलीटोला, रानीगुड़ा, मोतिमपुर, कामठी, जामुनपानी, नेउर, पोलमी और पंडरिया में अपना कोदो-कुटकी-रागी विक्रय कर सकते है।

## सुरुचि सिंह ने कन्या छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया



**बेमेतरा।** कलेक्टर बेमेतरा पद्धुम सिंह एल्मा के निर्देशानुसार अनुभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा सुरुचि सिंह ने बेमेतरा मे स्थित कन्या छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया। न्यू बस स्टैंड बेमेतरा के पीछे अनुसूचित जाति छात्रावास निरीक्षण के दौरान पाया गया की 44 में से 42 बच्चे छात्रावास में उपस्थित थे। अधीक्षिका अनुमति लेकर अवकाश में गई हुई थी। लक्ष्मण प्रसाद अनुसूचित जनजाति छात्रावास में 35 में से 31 बच्चे उपस्थित पाये गये। कस्तूरबा छात्रावास कोबिया में भी रहने की व्यवस्था, क्लास इत्यादि ठीक पाए गये। यहां के सभी 130 बच्चे उपस्थित पाये गये। वाशरूम की साफ सफाई को ले कर निर्देशित किया गया। सभी छात्रावासों में बच्चों से चर्चा कर दिए जाने 2मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि साबुन, कोलगेट समय पर मिलता है।

## विवि स्तर पर जनभागीदारी समिति पीजी कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला के शिक्षा जगत के इतिहास में विश्व विश्वविद्यालय स्तर पर पहली बार शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा के जन भागीदारी समिति द्वारा किए गए विकास कार्यों के लिए हेमचंद्र यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा प्रथम दिया गया साथ ही महाविद्यालय को सम्मानित करते हुए 21000 नगद राशि का चेक विश्वविद्यालय की ओर से प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय स्तर पर जनभागीदारी समिति शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय बेमेतरा ने प्रथम स्थान प्राप्त इस अवसर पर हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति सुश्री अरुणा पलटा ने जनभागीदारी अध्यक्ष अशोक सलूजा से बात करते हुए कहा कि यह आयोजन बेमेतरा शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज में जनभागीदारी समिति के माध्यम से हुए विकास कार्य को देखते हुए किया गया जिससे अन्य महाविद्यालयों को प्रेरणा मिल सके जनभागीदारी समिति शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय द्वारा किया गया कार्य अनुकरणीय है इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष अशोक सलूजा ने कहा कि यह पुरस्कार महाविद्यालय के इतिहास में मील का पत्थर है विशेष रुप से कहना चाहूंगा बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा की सोच को फलीभूत करने के लिए जो कार्य, शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में किए गए हैं उन्हीं का परिणाम है कि आज 120 महाविद्यालयों के स्पर्धा में महाविद्यालय को प्रथम स्थान मिला हैं कार्यक्रम का आयोजन कृष्णा महाविद्यालय भिलाई में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष उदय मुदलियार थे।

## छत्तीसगढ़ राज्य में कबीरधाम जिला कोषालय बिजली बिल भुगतान ई-पेमेंट करने वाला बना पहला कार्यालय

**कवर्धा।** जिला कोषालय कबीरधाम द्वारा शासकीय कार्यालयों के बिजली बिल का भुगतान अब तत्काल ई-पेमेंट के माध्यम से सीधे विद्युत विभाग को करने के लिए सरल पहल की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य में जिला कबीरधाम कोषालय बिजली बिल ई-पेमेंट के जरिए करने वाला पहला कार्यालय बना है। जिला कोषालय अधिकारी मिर्जा इश्तियाक अहमद बेग ने बताया कि बिजली बिल का भुगतान कोषालय ई-पेमेंट के माध्यम से करने सीधे राशि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के खाते में जमा हो जाए इसके लिए सीएसपीडीसीएल के साइड में जाकर बिल पेमेंट थ्रो आरटीजीएस, एनइएफटी चुनकर एलटी कन्जूमर को क्लिक बीपी नंबर की प्रविष्टि कर पंजीयन करने पर चालान जनरेट होता है, जिसमें बी.पी.नंबर को जोड़कर यूनिक खाता नंबर बनता है, उसी खाता नंबर से ई-बिल में बेनिफिशरीज इंट्री कर सीधे विद्युत कंपनी को भुगतान होता है। उन्होंने बताया कि सभी शासकीय कार्यालयों के बिजली बिल की लंबी प्राक्रिया से बचने के लिए बिजली बिल भुगतान की सरल प्रक्रिया है। जिला कोषालय अधिकारी मिर्जा ने बताया कि इस तरह छत्तीसगढ़ राज्य में जिला कबीरधाम कोषालय बिजली बिल ई-पेमेंट के जरिए करने वाला पहला कार्यालय बना है। उन्होंने बताया कि जिला कबीरधाम के समस्त शासकीय कार्यालयों के बिजली बिल का भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से करने के लिए कोषालय अधिकारी द्वारा पत्र जारी किया गया है एवं ई-पेमेंट के माध्यम बिजली बिल भुगतान करने की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह पद्धति पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय कार्यालयों द्वारा अपनाई जा सकती है।




## दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

# राष्ट्रीय विकास को पूरा करने के लिए शैक्षिक प्रणाली पर चर्चा

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com




निकटवर्ती ग्राम अछोटी (दुर्ग)में सांदीपनी एकेडमी द्वारा शिक्षा अन्वेषण और नवाचार पर आधारित किया गया 1 फरवरी 2023 को शुभारंभ हुआ। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की माननीया कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थीं, वहीं स्पीकर के रूप में प्रोफेसर संजयन टी. एस. दादा विद्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन गोवा से विशेष रूप से पधारे। चेयर पर्सन के रूप में कोलंबिया कॉलेज रायपुर के प्राचार्य डॉ.अरुण कुमार दुबे, ग्रेसियस कॉलेज अभनपुर की प्राचार्या प्रोफेसर रिया तिवारी तथा अरविंदो योगा एवं नॉलेज फाउंडेशन से प्रोफेसर किरण बाला पटेल का शुभ आगमन कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर हुआ। मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया तत्पश्चात संस्था की प्राचार्या डॉ.आभा दुबे एवम विभागाध्यक्ष डॉ.संध्या पुजारी द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। अतिथियों के स्वागत पश्चात अतिथि उद्बोधन में अतिथि डॉ. अरुणा पल्टा मैडम ने सम्मेलन विषय पर आधारित अपने विचार स्पष्ट करते हुए समझाया की विभिन्न पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम की संरचना में किस प्रकार की सुधार की आवश्यकता है, जिससे उन्हें समावेशी शिक्षा प्रदान कर समाज की मुख्यधारा में समायोजित किया जा सके। उन्होंने संस्था द्वारा संचालित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के हाइब्रिड स्वरूप पर संस्था को अनेक बधाइयां दी, जिसमें संस्था के द्वारा इस राष्ट्रीय सम्मेलन का विभिन्न माध्यमों से सीधा प्रसारण की सराहना की गई और इसको एक नया प्रयोग बताया गया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर संजयन टी. एस. द्वारा एंटरप्रेन्योर के माध्यम से भारत में ग्रामीण विकास विषय पर सोशल इंटरेक्शन के माध्यम से ग्रामीण विकास के क्षेत्र में रोजगार के नवीन अवसरों और विकास की संभावनाओं के साथ ही शिक्षा के सदुपयोग पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।

### तत्कालीक भाषण, गेड़ी दौड़, भौरा, ओडिसी नृत्य और फुगड़ी खेल में प्रतिभागियों ने परचम लहराया

# राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में कबीरधाम का दबदबा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



रायपुर साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में तत्कालीक भाषण, गेड़ी दौड़, भौरा, ओडिसी नृत्य और फुगड़ी खेल में कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने फिर से अपनी छत्तीसगढ़िया खेल और विभिन्न विधा में जादू बिखेर दिया है। कबीरधाम जिले के प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ के सभी जिले के खिलाड़ियों पछाड़ते हुए तत्कालीक भाषण में प्रथम स्थान, गेड़ी दौड़ दूसरा और भौरा, ओडिसी नृत्य, फुगडी में तृतीय स्थान पर अपना मुकाम हासिल किया। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में कबीरधाम जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभागियों ने विजय प्राप्त की। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए जिले का नाम रौशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर जनमेजय महोबे से आज राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में विजेता प्रतिभागियों ने सौजन्य भेंट की। कलेक्टर महोबे ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी जिले का गौरव हैं। भविष्य में इसी तरह अपने प्रतिभा से जिले का नाम रौशन करते रहें। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी आकांक्षा नायक, सहायक नोडल अधिकारी राकेश चंद्रवंशी, दल प्रबधक अश्वनी चंद्राकर, कोच नीलम श्रीवास्तव, मैनजर संतोष चंद्रवंशी सहित सभी विजेता प्रतिभागी उपस्थित थे। इन खिलाड़ियों ने लहाराया परचम रायपुर साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में तात्कालिक भाषण में श्री अभिषेक पाण्डेय प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग गेड़ी दौड़ में पुनाराम पनागर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया। वहीं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में भौरा में सीमारानी साहू, फुगड़ी में देवकी पटेल और 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में ओडिसी नृत्य में श्री गजानन मानिकपुरी ने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की।

## भोरमदेव शक्कर कारखाना कवर्धा ने किया गन्ना प्रोत्साहन राशि का भुगतान



**कवर्धा।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के द्वारा पेराई सत्र 2021-22 में कारखाना में गन्ना आपूर्ति करने वाले कृषकों को राजीव गांधी न्याय योजना के तहत प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा रहा है। कारखाना द्वारा प्रथम चरण में राज्य शासन से प्राप्त कुल राशि में से 6500 कृषकां को राशि 7.50 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। शेष राशि 8.15 करोड़ रूपए का भुगतान की प्रकिया जारी है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के एमडी भूपेन्द्र ठाकुर ने बताया कि भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा विगत पेराई सीजन 2021-22 में कुल 345003 मेट्रिक टन गन्ने की खरीदी की गई थी। जिसमें 11.83 प्रतिशत रिकव्हरी के मान से कुल क्विंटल 407572 शक्कर का उत्पादन किया गया था। कुल गन्ना राशि 95.05 करोड़ रूपए एवं अतिरिक्त रिकव्हरी राशि 23.01 करोड़ रूपए का भुगतान कारखाना द्वारा पहले से कर दिया गया है। वर्तमान पेराई सीजन 2022-23 में कारखाना द्वारा आज 02 फरवरी 2023 तक 235799 मेट्रिक टन गन्ना खरीदी कर 11.91 प्रतिशत रिकव्हरी के मान से कुल 252745 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है, जो कि कारखाना स्थापना काल अभी तक सर्वोच्च रिकव्हरी है।

## डीएवी स्कूल टॉपर वेदांश महेश्वरी हुए समान्नित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगड़ डीएवी संस्था प्रमुख प्रशान्त कुमार डिप्टी रिज्जनल ऑफिसर ने वेदांश महेश्वरी को सील्ड, मैडल व सर्टिफिकेट देकर वार्षिकोत्सव में सम्मानित किए। बेमेतरा निवासी स्वर्गीय गोपी किशन महेश्वरी के पौत्र व संदीप महेश्वरी व तरुणा महेश्वरी के सुपुत्र वेदांत महेश्वरी (मैथ संकाय) के छात्र को डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में सम्मानित किया गया। तब से लोग वेदांश को बधाई देने घर पहुँच रहें। संदीप महेश्वरी ने जानकारी साझा किया कि वेदांश बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं वह कक्षा दसवीं में बेमेतरा डिस्टिक(जिला) टॉपर के रूप में अपना वर्चस्व स्थापित कर चुका है उनका कक्षा दसवीं में 97.2 के साथ में बेमेतरा जिला के टॉपर छात्र रहे चुके है एवं शैक्षणिक सत्र 21-22 में डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल से पढ़ाई कर 94 के साथ में स्कूल टॉपर बने है वेदांश महेश्वरी का बहन पलक महेश्वरी भी वर्तमान में डी एवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय की छात्रा है उन्होंने भी अपने भैया की उपलब्धि के लिए बधाई दिए हैं,वेदांश अभी वर्तमान में आई.आई.टी.की तैयारी कर रहे हैं व उनका लक्ष्य है आई.आई.टी. क्रैक करना। डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाँता के प्राचार्य पी. एल. जायसवाल सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्रों ने भी वेदांत महेश्वरी को बधाई व शुभकामनाएं दिए हैं वेदांश महेश्वरी ने टॉपर बनने के अनुभव साझा कर दिए अकं 90 परसेंट से ज्यादा मार्क्स लाने के कहा कि वे हर दिन 3 से 4 घंटे पढ़ाई करते थे।

# हेल्थ सेक्रेट्री प्रसन्ना का दौरा जगह-जगह निरीक्षण कर स्वास्थ्य सचिव ने दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ती जिले के स्वास्थ्य सुविधाओं के निरीक्षण में आए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव आर प्रसन्ना तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक भोस्कर विलास संदीपन ने कलेक्टर सभाकक्ष सक्ती में कलेक्टर नूपुर राशी पन्ना के उपस्थिति में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में स्वास्थ सुविधाओं के सूचकांकों की समीक्षा की स्वास्थ्य सचिव ने सक्ती स्वास्थ विभाग द्वारा संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रगति पर चिंता व्यक्त किया । जांजगीर जिले से पृथक हो नव निर्मित सक्ती जिले में गर्भवती माताओं का पंजीयन, स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव में स्थिति निराशा जनक है जिस पर स्वास्थ्य सचिव ने नई रणनीति बनाकर स्वास्थ्य अधिकारियों/ कर्मचारियों में कार्य करने हेतु निर्देशित किया।इसी तरह सक्ती जिले में लेप्रोसी , फाइलेरिया के मरीजों के तत्काल पहचान करने और उपचार करने पर स्वास्थ्य सचिव ने निर्देशित किया, राज्य स्तर से सक्ती जिले में स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थाना करने हेतु निर्देशित करते हुए स्वास्थ्य सचिव ने आपरेशन थिएटर संचालन, मोतियाबिंद ऑपरेशन चालू करने ,आईसीयू संचालन करने ,ब्लड बैंक स्थापना करने, नवजात शिशु हेतु गहन चिकित्सा इकाई प्रारंभ करने , आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति करने हेतू निर्देशित किया। स्वास्थ्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग सक्ती के समस्त अधिकारी /कर्मचारियों को मुख्यालय में निवासरत हो कर कड़ी मेहनत करते हुए कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में नए स्तर पर किए जा रहे स्वास्थ्य जन जागरूकता जन चौपाल एवं रात्रि चौपाल की सहाराना की।

### स्वास्थ्य सचिव आर प्रसन्ना और सक्ती कलेक्टर ने नंदौर खुर्द गौठान का किया निरीक्षण

जिले के ग्राम नंदौर खुर्द में चल रहे महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा के निरीक्षणार्थ मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन आर प्रसन्ना का आगमन हुआ। ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्र के संदर्भ में विस्तृत चर्चा परिचर्चा की गई जिसमें उन्होंने आचार उत्पादन केंद्र का भी निरीक्षण किया और स्व सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत की महिलाओं ने विस्तार से अपनी योजना एवं विपणन प्रणाली के बारे में बताया,वर्तमान में आंवला टमाटर अदरक मिर्च इत्यादि के सामग्री तैयार कर पैकेजिंग किए जा रहे हैं जिसमें स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। आर प्रसन्ना ने भी सभी महिलाओं एवं प्रशासनिक अमले को सुझाव दिए आमदनी में इजाफा करने एवं एक निश्चित आय सृजन करने को कहा ताकि व्यवसायिक सुरक्षा बनी रहे।

### हाथियों के दिखने पर कलेक्टर ने सावधानी रखने की अपील की

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बाराद्वार एवं आस पास के क्षेत्रों में हाथी से बचने और सावधानी रखने की अपील की है। हाथियों का दल वर्तमान में सक्ती बाराद्वार सीमावर्ती क्षेत्र, ग्राम भालूडेरा, परसदा कला, सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में विचरण कर रहा है। निगरानी एवं बचाव के लिए वन विभाग एवं पुलिस विभाग लगातार क्षेत्र में डटे हुए हैं। पिछले दिनों से हाथियों का झुंड गोला वन क्षेत्र में विचरण कर रहा है। अतः हाथियों के दिखने पर कलेक्टर पन्ना ने सावधानी रखने की अपील की,ग्रामीणों से कलेक्टर ने निवेदन किया है।

## बनेकेला हत्याकाण्ड का मुख्य आरोपी कथित प्रेमी भी पकड़ाया मृतक की पत्नी के साथ मिलकर की हत्या, भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



लैलूंगा के बनेकेला में युवक की हत्या मामले के फरार मुख्य आरोपी भागीरथी राठिया (उम्र 28 साल) को घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम छेड़ोरिया में मुखबीर सूचना पर दबिश देकर हिरासत में लेकर थाना लैलूंगा लाया गया है जिससे पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त टांगी तथा घटना समय पहने कपड़े जप्त कर अभिरक्षा में रखा गया है, कल आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा जाएगा। जानकारी के मुताबिक थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनेकेला में 30 जनवरी की रात्रि गांव के चैतन राठिया (33 वर्ष) के साथ उसकी पत्नी श्रीमती समारी धनवार और भागीरथी राठिया हाथ-मुक्का, ठोस वस्तु व हथियार से मारपीट किये थे। आहत को उसके परिजन ईलाज के लिये लैलूंगा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां दूसरे दिन सुबह आहत चैतन राठिया की मौत हो गई। घटना के संबंध में थाना लैलूँगा में आरोपी महिला समारी धनवार और भागीरथी राठिया पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। घटना के बाद से दोनों फरार थे। थाना प्रभारी लैलूंगा उप निरीक्षक आर.एस. तिवारी द्वारा आरोपियों के सगे संबंधी एवं जान परिचितों से लगातार संपर्क कर लगाये मुखबिर से जानकारी लिया जा रहा था। इसी क्रम में कल आरोपिया समारी धनवार (उम्र 30 साल) निवासी ग्राम बनेकेला थाना लैलूंगा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में पेश करने बाद जेल दाखिल किया गया। देर शाम मुख्य आरोपी भागीरथी राठिया के ग्राम छेडोरिया, थाना घरघोड़ा में देखे जाने की मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी लैलूंगा आर.एस. तिवारी, सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम, आरक्षक हेलारियुस द्वारा दबिश देकर आरोपी भागीरथी राठिया पिता सीताराम राठिया उम्र 28 साल निवासी बनेकेला थाना लैलूंगा को हिरासत में लेकर थाना लाया गया है। आरोपी द्वारा मृतक की पत्नी समारी धनवार के साथ मैत्री संबंध होना और घटना दिनांक को चैतन राठिया (मृतक) ने दोनों को साथ देख लेने पर मिलकर चैतन राठिया की हाथ-मुक्का एवं धारदार ठोस वस्तु (टांगी) से मारकर हत्या करना बताया है। आरोपी भागीरथी राठिया के मेमोरंडम पर घटना में प्रयुत् टांगी एवं पहने कपडे जप्त किया गया है। शीघ्र आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा जाएगा।

## महिला कृषि विस्तार अधिकारी से दुर्व्यवहार फेडरेशन ने कार्रवाई की मांग की, सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



घरघोड़ा में पदस्थ महिला कर्मचारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के साथ मोर भन्ज मरावी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की शिकायत लेकर आज जिला फेडरेशन रायगढ़ ने पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला रायगढ़ के संयोजक शेख कलीमुल्लाह, सचिव अनिल यादव ने बताया कि,कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी घरघोड़ा में पदस्थ सीमा खान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जो कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि कक्ष की प्रभारी हैं के साथ लगभग दोपहर 12 बजे कृषक मोर भंज मरावी के द्वारा कार्यालय में आकर अभद्र व अपमानजनक व्यवहार किया गया। शासकीय कार्य कर रही सीमा खान को धमकाते हुए कृषक मोर भंज मरावी ने कहा कि,ष्तुम मेरा काम नहीं कर रही हो, कई दिन से आ रहा हूं ऐसा कहते हुए उसके द्वारा टेबल में मुक्का मारा गया और कुर्सी को लात मारकर गिरा दिया गया। उक्त किसान शासकीय कार्य कर रही महिला कर्मचारी के साथ अभद्रतापूर्वक व्यवहार करने लगा,दारू पीकर शासकीय कार्य में व्यवधान करने लगा,जिसे सहकर्मी संतोष पैकरा द्वारा समझा-बुझाकर उसे बाहर किया गया। जाते-जाते भी वह अपमानजनक शब्द का प्रयोग कर रहा था, इससे सीमा खान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को गहरा आघात लगा और वह मानसिक प्रताड़ना की शिकार हो गई। सीमा खान द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारी को इसकी सूचना भी दी गई। उपसंचालक कृषि के बाहर रहने के कारण इसकी लिखित शिकायत थाना प्रभारी एवं उप संचालक कृषि से भी की गई है। महिला ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के साथ हुए दुर्व्यवहार की छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन रायगढ़ ने कड़ी निंदा की है तथा पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपते हुए डीएसपी रायगढ़ वेनेडिक्स मिंज से दोषी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## पूर्व माध्यमिक शाला के सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुई नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा

### रेशमा ने कहा-बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति सराहनीय

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



संयुक्त संकुल स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला रेल्वे बाराद्वार में आयोजित किया गया,जिसमें अतिथि रेशमा सूर्यवंशी अध्यक्ष नगर पंचायत बाराद्वार,एम डी दिवान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, शिव कुमार यादव सीएमओ, सुनील जिंदल अध्यक्ष प्रेस क्लब, मायादेवी रूपनारायण राठौर अध्यक्ष शिक्षा समिति कन्या हायर सेकंडरी स्कूल, ज्योति राठौर, दीपक ठाकुर नेता प्रतिपक्ष,बसंत चतुर्वेदी प्रदेश उपाध्यक्ष टीचर एसोसिएशन के द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संकुल स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई सभी अतिथियों सहित उपस्थित जनों ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम को रेशमा सूर्यवंशी,एम डी दिवान, दीपक ठाकुर, बसंत चतुर्वेदी, रूपा यादव तथा पंकज सांवड़िया ने संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए ही बच्चों की प्रतिभा उभरकर सामने आती है साथ ही बच्चों को हमेशा एक बात याद रखनी चाहिए कि लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती और कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती सभी अतिथियों ने भव्य एवं सफल कार्यक्रम के लिए संकुल के सभी शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम का सराहनीय संचालन शिक्षक अवनीश तिवारी तथा ताराचंद बरेठ ने किया।

## अंग्रेजी के शिक्षक ने दो छात्रों की कर दी बेदम पिटाई

### घायल छात्र अस्पताल में भर्ती, मामला पहुंचा थाने

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले के घरघोड़ा ब्लाक में स्थित टेंडा नवापारा हाई स्कूल में सुबह दो छात्रों के साथ शिक्षक के द्वारा मारपीट की घटना सामने आई है। घायल छात्रों को घरघोड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा ब्लाक के अंतर्गत आने वाले टेण्डा नवापारा हाई स्कूल के 10 वी क्लास के दो छात्र योगेश गुप्ता 16 साल, सुरज चैहान 16 साल को स्कूल के अंग्रेजी शिक्षक ईमेल सोरेन ने किसी बात को लेकर उनकी बेदम पिटाई कर दी। घायल छात्रों को परिजनों के द्वारा घरघोडा अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। शिक्षक के द्वारा मारपीट की शिकायत छात्रों ने परिजनों के साथ घरघोड़ा में दर्ज कराया है जिसके बाद छात्रों को मुलाहिजा कराया गया है। दोनों छात्रों के पीठ, कंधे और हाथ में चोट के निशान हैं। इस संबंध में छोटे गुमडा के सरपंच हरिचरण राठिया ने बताया कि सुबह 11 बजे टेण्डा नवापारा स्कूल के अंग्रेजी टीचर ईमेल सोरेन ने छात्रों को कुछ सवाल याद करने को कहा था और कुछ देर बाद फिर से क्लास में आए, और फिर छात्रों को सवाल के जवाब लिखने को कहा। इस दौरान दोनों छात्र पुस्तक बंद करना भूल गए और शिक्षक के दिये गए सवाल का जवाब लिखने लगे। जिसके बाद शिक्षक ने उन दोनों पर नकल करने का आरोप लगाते हुए डंडे से पिटाई शुरू कर दी।

## जनपद पंचायत जैजैपुर का जांजगीर जिला का मोह अभी भी बकरार




पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

यहां दिखने वाली बात यह है ,की नवीन शक्ति जिला को बने पांच माह हो रहे हैं। लेकिन अभी भी जनपद पंचायत जैजैपुर के बोर्ड में जांजगीर जिला लिखा हुआ है जबकि 5 माह गुजर जाने के बाद भी अभी तक जांजगीर के स्थान पर शक्ति जिला संशोधन नहीं किया गया है। यहां पर शिक्षित अधिकारी होने के उपरांत उनकी निगाह शायद जनपद पंचायत जैजैपुर के बोर्ड पर नहीं होने के कारण से आज भी पूर्व जिला जांजगीर का नाम उल्लेख दिखाई दे रहा है। शायद यह भी हो सकता है कि अभी जैजैपुर जो कि जांजगीर जिले से भी काम चल रहा होगा और नवीन जिला शक्ति से भी काम हो रहा होगा। जिनके वजह से आज जो जनपद पंचायत के बोर्ड में जांजगीर जिला का उल्लेख स्पष्ट दिखाई दे रहा है। जनपद पंचायत जैजैपुर की अध्यक्ष रोशनी चंद्रा यदि जनपद पंचायत जैजैपुर आती तो उन्हें पता चलता कि वास्तव में यह शक्ति जिले में या जांजगीर जिले में जनपद पंचायत जैजैपुर आता है, क्योंकि वह यहां केवल बैठक के दिन में ही आती है और केवल औपचारिकता निभा के बैठक को खत्म किया जाता है। दूरदराज से आने वाले अधिकारी क्या समझेंगे कि यह जिला शक्ति में है या जांजगीर में उन पर यथा शीघ्र संशोधन करना चाहिए ताकि सभी आगंतुक यह जान सके कि यह जिला शक्ति जिले में आता है।

### विभिन्न क्षेत्रों में सफलता अर्जित करने वाली हस्तियों का किया विशेष सम्मान

## छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का समापन

- प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने कहा- यूनियन ने पत्रकार हितों के लिए निरंतर किया है कार्य

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन का जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कोरबा जिले के मानिकपुर स्थित एसईसीएल क्लब में आयोजित किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती एवं भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर हुआ, तत्पश्चात जिला इकाई द्वारा आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया, कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथियों में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम, उपाध्यक्ष महेश आचार्य, प्रदेश पदाधिकारी तिलका साहू, पाली तानाखार के विधायक प्रतिनिधि चौहान, यूनियन की कोरबा जिला ईकाई के संरक्षक के चंद्रा,गीता देवी हॉस्पिटल की डायरेक्टर संध्या कवाची, कोरबा शहर कोतवाल रूपक शर्मा, कोरबा जिला जिलाध्यक्ष विजय लाल सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे, कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन देते हुए जिला अध्यक्ष विजय लाल ने कोरबा इकाई द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी पत्रकार साथियों को सक्रियता के साथ संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करने का आग्रह किया,कार्यक्रम को शहर कोतवाल रूपक शर्मा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि यूनियन ने पत्रकारों के हित के लिए कार्य किया है, तथा पुलिस के कार्यों में भी पत्रकार साथी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए लोगों में जन जागरूकता लाने का कार्य करते हैं,कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि चौहान जी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम में विधायक जी के आने का था किंतु रायपुर से मुख्यमंत्री के आकस्मिक बुलावा आने के कारण वे नहीं पहुंच पाए इसलिए मैं उनकी ओर से क्षमा प्रार्थी हूं, कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष महेश आचार्य ने भी संबोधित करते हुए यूनियन के कार्यों पर प्रकाश डाला, तथा सुंदर पंक्तियों एवं कविताओं के माध्यम से कोरबा जिला इकाई के कार्यों की प्रशंसा की।

## वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में 22 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर के शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया. साथ ही, कॉलेज प्रबंधन के द्वारा भी विभिन्न विधा में प्रतियोगिता के तहत छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया. सम्मान के बाद छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह दिखा. इस दौरान वार्षिकोत्सव का भी आयोजन किया गया, जहां छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी और खूब तालियां बटोरी,प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एसडी झा थे. यहां अतिथि के रूप में प्रकाश इंडस्ट्रीज चाम्पा के वाइस प्रेसीडेंट उदय सिंह, वेलफेयर ऑफिसर राजू यादव, लॉ ऑफिसर विनय कुमार दास, विनय कुमार बाजपेयी, शासकीय नवीन महाविद्यालय नवागढ़ के प्राचार्य डॉ. बीके पटेल, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य मुरलीधर चन्द्रम मौजूद थे,वार्षिकोत्सव के पहले कॉलेज के विभिन्न 22 कक्षाओं में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान, वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में किया गया।

### इन 22 छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया

अंजली जैन एमकॉम, नरेंद्र कुमार एमए हिंदी, संध्या एमए दर्शनशास्त्र, ऐश्वर्या राठौर एमए अंग्रेजी, सत्येंद्र कुमार एमए राजनीति शास्त्र, पूजा बरेठ एमए समाजशास्त्र, शिवशंकर साहू एमए इतिहास, अभिषेक कुमार एमए रतजशास्त्र, काजल कुर्रे एमएससी रसायन शास्त्र, गुलजार कश्यप एमएससी गणित, भगवती कश्यप एमएससी भौतिक शास्त्र, रोशनी राठौर एमएससी प्राणीशास्त्र, आकृति पाल सिंह एमएससी वनस्पति शास्त्र, करिश्मा सिंह सिसोदिया एमएससी माइ ेबायोलॉजी, दीपिका सिंह एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, हिमांशी कंवर बीएससी, राजेश्वरी धीवर बीए, चंचल अग्रवाल बीकॉम, निशी अग्रवाल एलएलबी, लक्ष्मी प्रसाद एलएलएम, अमी अग्रवाल डीसीए, प्रगति पीजीडीसीए,विभिन्न विधा में कॉलेज प्रबंधन ने छात्र-छात्राओं का किया सम्मान केश सज्जा स्पर्धा में पिंकी प्रधान प्रथम, भारती राठौर द्वितीय, प्रभा परमहंस तृतीय रही. मेंहदी प्रतियोगिता में प्रीति भास्कर प्रथम, दुर्गेश्वरी बघेल द्वितीय, आराधना यादव तृतीय रही. विज्ञान प्रदर्शनी में अभीजीत प्रथम, रिया पांडेय द्वितीय, मोचन तृतीय रहे. रंगोली प्रतियोगिता में मेघा धीवर, कंचन गोयल, तृप्ति कैवर्त, सूर्यनारायण राठौर, प्रियंका सिदार, डॉली कश्यप, गरिमा केशरवानी, प्रिया पांडेय, अंजली बंजारे, धनेश्वरी पटेल को पुरस्कृत किया गया. सलाद सज्जा में मनहरण साहू प्रथम, प्रज्ञा शर्मा द्वितीय और योगिता कहरा तृतीय रही।

## दुरपा में हुआ ओपन चैलेंज कबड्डी प्रतियोगिता एवं मड़ई मेले का शुभारंभ

### पूर्व विधायक सरोजा राठौर एवं विधानसभा अध्यक्ष प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह रहे मौजूद

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



समीपस्थ ग्राम पंचायत दुरपा में स्व जानकी देवी महंत एवं स्व ग्वालिन यादव की स्मृति में ओपन चैलेंज कबड्डी प्रतियोगिता एवं भव्य मड़ई मेला का आयोजन कबड्डी प्रतियोगिता समिति तथा समस्त ग्रामवासी दुरपा के द्वारा किया गया है। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार इक्तीस हजार रुपए, द्वितीय इक्कीस हजार रुपए, तृतीय ग्यारह हजार रुपए एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को इंक्यावन सौ रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा साथ ही बेस्ट रेडर को पंद्रह सौ रुपए, बेस्ट केचर को पंद्रह सौ रुपए एवं बेस्ट आलराउंडर को इक्तीस सौ रुपए प्रदान किया जाएगा। ओपन चैलेंज कबड्डी प्रतियोगिता एवं भव्य मड़ई मेला के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सरोजा मनहरण राठौर पूर्व विधायक सक्ती , अध्यक्षता गुलजार सिंह ठाकुर (जिला प्रतिनिधि विधानसभा अध्यक्ष), विजय सूर्यवंशी उपाध्यक्ष नगर पंचायत बाराद्वार,डी आर यादव,मोहन राठौर तथा सरपंच दुरपा घायत्री सुखीराम राठौर, जनपद सदस्य सुषमा धन्नू यादव के द्वारा किया गया। ओपन चैलेंज कबड्डी प्रतियोगिता एवं भव्य मड़ई मेला का समापन एवं पुरस्कार वितरण दिनांक को डॉ चरणदास महंत अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा।

### अग्रसेन चौक से स्टेशन रोड सहित प्रमुख मार्गो पर बनाये जाएं सुविधाजनक स्पीड ब्रेकर

## विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जायसवाल को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर के अग्रसेन चौक से स्टेशन रोड में इन दिनों सुबह- शाम मोटरसाइकलो की रफ्तार को देखकर ऐसा नजर आता है कि यहां यहां कोई बाइक रेस आयोजित की गई है, तथा यह नजारा शहर में वर्षों से देखा जा रहा है, किंतु बेलगाम मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से आए दिन दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है, इसी पर चिंता व्यक्त करते हुए नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाड़ीन ने नगरपालिका शक्ति की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल को एक पत्र लिखकर बताया है,शहर के रेलवे स्टेशन मार्ग एवं अन्य मार्गों में वाहन चालकों तथा बाइक चालकों की तेज गति को देखते हुए इस पर गंभीरता के साथ विचार करने की आवश्यकता है, तथा शहर के अग्रसेन चौक से स्टेशन रोड इन दिनों मोटरसाइकिल चालकों की तेज गति के कारण आए दिन इस मार्ग के किनारे रहने वाले रहवासियों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है, तथा इस मार्ग पर ही अनेकों शैक्षणिक संस्थान संचालित है जहां से दिनभर बच्चे स्कूल जाते निकलते एवं यहां से गुजरते हैं किंतु मोटरसाइकिल चालकों को इसकी कतई चिंता नहीं होती जिसे देखते हुए तत्काल इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए सुविधाजनक अत्याधुनिक तकनीक के स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके एवं लोगों के मन में सुरक्षा के प्रति विश्वास की भावना हो,तथा वार्ड क्रमांक-05 के पार्षद पति, कांग्रेस नेता महबूब खान ने भी शहर के प्रमुख मार्गों में सुविधाजनक स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है, उल्लेखित हो कि पूर्व वर्षों में प्रमुख मार्गों पर स्पीड ब्रेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा बनाए गए थे, किंतु बेतरतीब ढंग से बनाए गए स्पीड ब्रेकरो के कारण लोगों को राहत कम उल्टा दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे थे, तथा नागरिकों का कहना है कि वर्तमान समय में अत्याधुनिक तथा बाइक चालकों की सिर्फ स्पीड को नियंत्रित करने के हिसाब से स्पीड ब्रेकर बनाए जाते हैं ऐसे ही स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं वहीं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन के द्वारा विगत दिनों शक्ति कलेक्टर से भी कंचनपुर- बोरदा मोड में फुलवारी चौक में आए दिन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने मांग की गई थी, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल विचार करते हुए स्वयं उपरोक्त स्थल पर जाकर अपने विभागीय अधिकारियों को दिशा- निर्देश दिए हैं साथ ही कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना का भी कहना है कि उपरोक्त समस्या का निराकरण यथाशीघ्र कर दिया जाएगा तथा एनएच में भी सुविधाजनक स्पीड ब्रेकर के साथ ही लाइट की भी व्यवस्था की जाएगी जिससे दुर्घटनाएं ना हो।

# दामाखेड़ा मेला में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस बल

## मेला प्रबंध के साथ-साथ नेशनल हाईवे में भी यातायात की समुचित व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ᐸ बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com





31 से 7 फरवरी तक थाना सिमगा क्षेत्र अंतर्गत कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में संत समागम समारोह माघ मेला कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मेला कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रांतों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण प्रकाश मुनि नाम साहब का दर्शन करने एवं सभा में भाग लेने आते हैं। इसके अतिरिक्त हर दिन चौका आरती एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होते रहता है, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रहती है। दामाखेड़ा मेला में समुचित सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक कुमार झा के निर्देशन, सचिंद्र चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। संपूर्ण मेला परिसर में थाना प्रभारी सिमगा निरीक्षक अमित तिवारी के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा समुचित सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त ग्राम दामाखेड़ा रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे से लगा हुआ, जिस कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी यातायात का दबाव काफी बढ़ जाता है। इस दबाव को दूर करने एवं संपूर्ण नेशनल हाईवे में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने का कार्य अमृत कुजुर पुलिस अधीक्षक यातायात एवं निरीक्षक नरेश चौहान एवं यातायात बल की टीम द्वारा कुशलतापूर्वक संपादित किया जा रहा है। मेला प्रांगण में संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों एवं चोर गिरोह पर सतत निगरानी व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ-साथ सादी वर्दी में भी पुलिस बल तैनात किया गया है, जोकि निरंतर मेला परिसर में लोगों पर सतत् निगाह रख रही है। मेला के दौरान एक विशेष प्रकार की रिपोर्ट बार-बार प्राप्त हो रही थी, कि प्रवचन स्थल से लगे हुए दयासागर तालाब में स्नान करने अथवा अन्य कार्यों के लिए जाने के दौरान लोगों के कपड़े, बैग, मोबाइल, पैसे आदि चोरी कर लिया जा रहा है। यह रिपोर्ट लगातार प्राप्त हो रही थी तथा चोरी की घटना अधिकतर सुबह के समय ही हो रही थी। इस प्रकार की शिकायत को दूर करने एवं आरोपियों को पकड़ना पुलिस के लिए एक प्रकार से चुनौती बनता जा रहा था, क्योंकि तालाब में अधिकतर लोग नहाने के लिए जाते हैं। इस दौरान कपड़ा बैंग वगैरह स्नान करने वाले उसी आदमी का है या किसी दूसरे आदमी का, यह अंदाजा लगा पाना बहुत मुश्किल होता है। इस परेशानी को दूर करने एवं संदिग्ध आरोपियों की धरपकड़ के लिए सादी वर्दी प्रभारी प्रधान आरक्षक ओंकार राजपूत एवं धनंजय यादव की टीम द्वारा दयासागर तालाब एवं इसके आसपास प्रातः 04.00 बजे से ही आने जाने वाले लोगों पर सतत निगाह रखना प्रारंभ किया गया इसका सुखद परिणाम 03. फर.2022 को देखने को मिला, जब पुलिस टीम ने दयासागर तालाब में स्नान करने आए लोगों के पैसे, मोबाइल, कपड़े बैग चोरी करने वाले उत्तर प्रदेश राज्य के जिला गोंडा निवासी 03 अंतराज्यीय चोरों को पकड़ा। यह तीनों चोर बहुत ही शातिर किस्म के हैं। यह तीनों तालाब में स्नान करने आए अकेले अथवा वृद्ध श्रद्धालु को अपना निशाना बनाते थे, जो कि नहाने के लिए अपना कपड़ा आदि रखकर स्नान करने चले जाते थे एवं उसके कपड़े, सामान की देखरेख करने वाला कोई नहीं होता था। तब मौका पाकर यह चोर उनके कपड़े, बैग पार कर देते थे।

निश्चय है यह मेला सुरक्षा प्रबंध में लगे पुलिस बल के लिए बड़ी सफलता है। आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ करने एवं तलाशी लेने पर इनके पास कपड़ों से भरा हुआ कुल 25 नग बैग बरामदकिया गया है। साथ ही चोरी का 08 नग मोबाइल एवं नगदी 12,500 जप्त किया गया है। यह सभी सामान दामाखेड़ा मेला में आए हुए श्रद्धालुओं का है, जिनसे संपर्क कर एवं मेला पुलिस चौकी में प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर सामान को उनके मूल मालिकों को वापस करने का काम भी किया जा रहा है। पकड़े गए तीनों चोर के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# तीन हजार महिलाएं कलश यात्रा में हुईं शामिल

■ 108 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ आज से

पायनियर संवाददाता ᐸ महासमुंद
www.dailypioneer.com

6 फरवरी तक कृषि उपज मंडी पिटियाझर में 108 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ की शुरूआत भव्य कलशयात्रा से हुई। कलश यात्रा में तीन हजार महिलाएं शामिल हुईं। चार दिवसीय महायज्ञ में हर दिन हवन-पूजन के साथ विभिन्न संस्कार संपन्न होंगे। महायज्ञ में हिस्सा लेने जिले सहित अन्य प्रदेशों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

प्रेस क्लब में गायत्री महायज्ञ समिति के रिखीराम साहू,नरेन्द्र नायक, श्याम दुबे, प्रभात उपाध्याय, हेमंत व्यास और मनहरण साहू ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में व्यक्ति, परिवार, समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण के उद्देश्य से यह धर्माअनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ की शुरुआत आज भव्य कलश यात्रा से हुई। जिसमें पीला परिधान धारण कर लगभग तीन हजार महिलाएं सिर पर कलश लेकर गायत्री मंदिर बरौंडा चौक से निकलीं और महामाया मंदिर पहुंचकर कलश में जल लेकर वरूण देव का आह्वान कर कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुईं। कलश यात्रा बिठोवा चौक से कांग्रेस चौक होते हुए पिटियाझर कृषि उपज मंडी पहुंचीं। इस दौरान बैंड बाजे के साथ डफली की धुन में शहर का महौल भक्तिमय हो गया था। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के लिए पंडाल को 4 भागों में बांटा गया है। प्रत्येक भाग में 27 कुंड का निर्माण किया गया है । प्रतिदिन एक बार में लगभग एक हजार लोग एक साथ यहाँ आहूति देंगे। भोजनालय की व्यवस्था की गई है।

विभिन्न संस्कार के अलावा विवाह भी होंगे आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां संस्कारशाला का भी निर्माण किया गया है। 16 संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए जाएंगे। जो प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। सदस्यों ने बताया कि इस दौरान विवाह भी संपन्न होंगे। हमनें 24 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा है अभी तक 5 जोड़ों ने विवाह के लिए पंजीयन कराया है।

# छत्तीसगढ़ राज्य ने एनएसएस उत्कृष्टता के लिए बलौदा कॉलेज का किया चयन

पायनियर संवाददाता ᐸ सरायपाली
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शासन ,उच्च शिक्षा विभाग के राज्य एन एस एस अधिकारी द्वारा जारी आदेश अनुसार डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा संस्था स्तर महाविद्यालय के श्रेणी में पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। ज्ञातव्य हो कि पिछले दिनों शासन द्वारा राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरस्कार राशि व प्रशस्ति पत्र की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी। उपरोक्त पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन को कृष्णा महाविद्यालय जुनवानी ग्राम खमरिया ,जिला दुर्ग में होना है। महाविद्यालय के इस उपलब्धि में विशेष योगदान रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी कमला दीवान का रहा है जिन्होंने डॉ मालती तिवारी (जिला संगठक) के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश में निरंतर समाज सुधार,जागरूकता आदि कार्यक्रम महाविद्यालय और समुदाय में किया ।रासेयो द्वारा स्वच्छता, साक्षरता, मतदान,योग,स्वास्थ्य, विविध प्रकार के व्यसन से बचने के उपाय जैसे जनमानस के कल्याणकारी कार्यक्रम चलाए जाते है।कॉलेज के प्राचार्य अनिता पटेल ने महाविद्यालय के समस्त स्टेकहोल्डर किरण कुमारी, जितेंद्र पटेल, गजानन्द नायक,रमेश पटेल, एंजेला लकड़ा, वासुदेव राणा, माधुरी प्रधान, ऋतुराज भोई, रश्मि निबर्गिया, प्रेरणा प्रधान, जनभागीदारी समिति के सदस्यगण, पालक गण, ग्रामीण जनों को बधाई दी। गौरतलब हो कि बलौदा कॉलेज अभी तक नैक ग्रेडिंग में महासमुंद जिला में सर्वश्रेष्ठ है।

## कोलिहा-सरवाडीह के ग्रामीणों ने ग्रहण की विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल की सदस्यता

**बलौदाबाजार।** ग्राम कोलिहा एवं सरवाडीह के ग्रामीणों ने बजरंगदल लवन खंड संयोजक विजय साहू के नेतृत्व में संगठन की सदस्यता ग्रहण की जिसमें मुख्य रूप से विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक मिकी तिवारी, जिला मंत्री राजेश केशरवानी एवं सरखोर खंड मंत्री मुकेश पटेल,भाजयुमो नगर अध्यक्ष वासुदेव लाला ठाकुर उपस्थित रहे 7 अभिषेक मिकी तिवारी ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए संगठन के विषय में विस्तार से बताया और हिन्दू समाज को भेदभाव मिटाकर एकजुट होकर गांव में धार्मिक, सामाजिक कार्यों को संपन्न कराने का आग्रह किया साथ ही गांव में झा?फूंक कर आमजनों को भ्रमित कर इलाज,भूत बाधा के नाम पर ठगने वालों,डरा धमका कर हिन्दू समाज को दूसरे धर्मों को मानने के लिए बाध्य करने वालों एवं गांव में सेवा कार्य के नाम पर सनातन धर्म के विरुद्ध प्रचार प्रसार करने वाले विधर्मियों का बहिष्कार करने की बात कही ।

# भाजपा जिला प्रभारी लक्ष्मी वर्मा ने ली भाजपा कार्यसमिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ᐸ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला गरियाबंद कार्यसमिति की आवश्यक बैठक मैनपुर में आहुत की गई। इस बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, सहप्रभारी किशोर महानंद, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुरलीधर सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू द्वारा बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल कर किया गया। बैठक में जिला में संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं भाजपा द्वारा पिछले महिने में आयोजित किये गये कार्यक्रम मोर आवास मोर अधिकार, मेरा बूथ सबसे मजबूत, बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने, मोदी जी के परीक्षा पर चर्चा, मोदी के मन की बात एवं सभी कार्यक्रमों का समीक्षा किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला के प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने संगठन की रीति-नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी संगठन की मजबूती के लिए अभी से जुट जाए एवं मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकार की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का कार्य तेजी से करें। उन्होने आगे कहा कि पिछले एक साल से भाजपा के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथो पर भाजपा की विभिन्न गतिविधियों कार्यक्रमो को आयोजित कर कांग्रेस सरकार की वादा खिलाफी व नाकारा पन को बखूबी से बताया है जो सराहनीय है छत्तीसगढ़ मे बैठे कांग्रेस की सरकार ने पिछले 4 साल में एक भी वादा पूरा नहीं किया इसका खमियाजा कांग्रेस को भुगतनी पड़ेगी। इसके अलावा उन्होंने धर्मांतरण और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर प्रदेश सरकार को घेरा है साथ ही उन्होने दावा किया कि इस बार के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा की सरकार बनेगी । जिला सह प्रभारी किशोर महानंद ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को चरितार्थ करते हुए ग़रीबों, वंचितो, किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं देश के सर्वांगीण विकास के लिए हमारे प्रधानमंत्री लगातार नये नये योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे है मुफ्त अनाज अब एक साल के लिये और बढाया गया है आने वाले समय मे प्रधानमंत्री आवास योजना का बड़े लक्ष्य को लेकर मोदी जी काम कर रहे है। उन्होने कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर सतत संपर्क शुरू करने का आग्रह किया।

उन्होने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार से आम जनता परेशान है शराब बंदी करने, बेरोजगारी भत्ता देने एवं विकास का झूठा वादा करने वाली कांग्रेस की सरकार भ्रष्ठ सरकार है जिसका मुखौटा भाजपा के कार्यक्रमों ने सबके सामने लाया है आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बाहर का रास्ता दिखाने छत्तीसगढ़ की जनता पूरी तरह तैयार है।

# अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध के लगातार कर्रवाई जारी, 2 मामलों में एक ही गांव के दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ᐸ लवन
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे एवं उ पु अ मुख्यालय अभिषेक सिंह के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर उप निरीक्षक उमेश वर्मा के नेतृत्व में 02.फर2.23 के शाम को विशेष अभियान चलाया गया एवं टीम गठित कर ग्राम धाराशिव में 2 लोगों पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

पहले मामले में मुखबिर सूचना पर आरोपी रेशम बंजारे के घर पास रेड कार्रवाई करने पर आरोपी के कब्जे से 1 लीटर वाली पानी बॉटल एवं 5 लीटर वाली प्लास्टिक जरकिन में भरी हुई कुल 06 लीटर महुआ शराब कीमती रु. 1200 को बरामद कर जप्त किया गया। दुसरे मामले में मुखबिर सूचना पर आरोपी जनी लाल टंडन के घर पास रेड कार्रवाई करने पर आरोपी के कब्जे से 2 लीटर वाली बॉटल एवं 5 लीटर वाली प्लास्टिक जरकिन में भरी हुई कुल 07 लीटर महुआ शराब कीमती रु.1400 को बरामद कर जप्त किया गया दोनों मामले में आरोपी रेशम बंजारे एवं जनी लाल टंडन के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों के नाम- रेशम बंजारे पिता बर्सन बंजारे उम्र 21 वर्ष निवासी धाराशिव चौकी लवन, जनी लाल टंडन पिता सेवक टंडन उम्र 39 वर्ष निवासी धाराशिव चौकी लवन। उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक विनोद बांधे आरक्षक राकेश पाटले, भीमेन्द्र पैकरा, केशव भट्ट, मुकेश रात्रे, म. आर. लोकेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा।

## परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ाया विद्यार्थियों का मनोबल : महेन्द्र साहू



**लवन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में पूरे देश के विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से सीधे संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया । ग्राम गिर्रा के हाई स्कूल में भी पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने शामिल होकर बच्चों के बीच अपने विचार साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार 6वें साल विद्यार्थियों से रूबरू होकर उनको सफल होने के टिप्स देते हैं, परीक्षा के प्रति उनके भय को दूर कर लक्ष्य प्राप्त करने के उपाय बताते है । प्रधानमंत्री मोदी कहते है परीक्षा पर चर्चा मेरी भी परीक्षा है और देश के कोटि कोटि विद्यार्थी मेरी परीक्षा ले रहे है और मुझे ये परीक्षा देने में आनंद आता है । आप अच्छा करेंगे तो भी हर कोई आपसे नई अपेक्षा करेगा, यदि आप दबाव से मुक्त होकर काम करेंगे तभी सफल हो पायेंगे। उन्होंने आगे कहा जो विद्यार्थी मेहनती है उसकी मेहनत एक दिन अवश्य रंग लाएगी ।

# तिल्दा-नेवरा में स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़ आखिरकार कौन है इसका कसूरवार?

पायनियर संवाददाता ᐸ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com




स्वास्थ्य के नाम पर धोखाधड़ी एवं खिलवाड़ चरम सीमा पर है,वहीं संबंधित विभाग कुंभकर्णी नींद में सोये हुए हैं । आखिरकार स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने व अवैधानिक रूप से चिकित्सालय का संचालन कर लोगों को लूटने वाले कथित डाक्टरो पर कार्यवाही की गाज कब गिरेगी ।कब लोगों के विश्वास के अनुरूप प्रशासन खरा उतरेगी ,लोगों के जेहन में बार बार यही सवाल पैदा हो रहा है कि स्वस्थ्य काया के, अपेक्षा के चलते लोग जिंदगी भर के कमाई को गंवा दे रहे हैं फिर भी उन्हें उचित इलाज मुहैया नहीं हो पा रहा है । जानकारी में आया है कि रायपुर जिला के तिल्दा -नेवरा क्षेत्र में कुकुरमुत्ते की भांती झोला छाप डाक्टर पनप रहे हैं, वहीं कुछ ऐसे निजी हास्पीटल भी संचालित हो रहे है,जो ईलाज के नाम पर लोगो को ठग रहे है । लैब टेस्ट से लेंकर सर्जरी तक के सफर में लोग हजारों रुपए लुटा रहे हैं । इलाज के नाम पर मनमाफिक वसुली की जा रही है । यहां तक की जानकारी में आया है कि कुछ ऐसे मामले भी है जो आपराधिक श्रेणी में आता है उसको भी कुछ हास्पीटल के द्वारा रुपय -पैसे कमाने के फेर में निपटाया जा रहा है । हद तो यहां पार कर गई कि अवैध रूप से हास्पीटलो का संचालन किया जा रहा है और प्रशासन मुख दर्शन की भूमिका अदा कर रही है ।क्या संबंधित विभाग का जवाबदेही नहीं बनता कि अवैध रूप से संचालित ऐसे हास्पीटलो पर ठोस कार्रवाई करें ? जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के नाक के नीचे अवैध हास्पीटलो का संचालन हो रहा है ।वहीं कुछ ऐसे हांस्पीटल प्रबंधन भी है ,जो महज मरीज को एडमिट करने हास्पीटल खोल रखा है ।न ही उस हास्पीटल में अधिकृत डाक्टर बैठता और ना ही भरोसे के अनुरूप चिकित्सा होता । मरीज को कथित हास्पीटलो में भर्ती कर राजधानी रायपुर रिफर कर दिया जाता है जहां पहुंचकर मरीजों को अपनी पूरी जीवन की कमाई खोनी पड़ती है।

# महापौरों और अध्यक्षों से मुख्यमंत्री बघेल करेंगे चर्चा

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आगामी 15 फ़रवरी को राज्य के सभी नगरीय निकायों के निर्वाचित महापौरों और अध्यक्षों से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा इस कार्यक्रम हेतु मुख्यमंत्री जी द्वारा अभिस्वीकृति की जानकारी दी गई है। नगरीय प्रशासन एवम विकास विभाग द्वारा दिनांक 15 फरवरी को नगरीय निकायों के महापौरों और अध्यक्षों हेतु एक दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम हेतु समय दिए जाने हेतु आभार व्यक्त किया है। इस कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी दी जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सबके लिए आवास मिशन, शहरी आजीविका मिशन और संपति कर संग्रहण आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निकायों को मुख्यमंत्री जी द्वारा पुरस्कृत किया जावेगा । नगरीय निकायों में विकास कार्यों के साथ साथ शहरों के तीव्र एवम सुनियोजित विकास की दिशा में कदम बढ़ाने महापौरों और अध्यक्षों के साथ मुख्यमंत्री खुली चर्चा करेंगे और शहरी विकास को गति देने मंथन किया जायेगा।

# लायंस क्वेस्ट किशोरावस्था शिक्षा पर कार्यशाला का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com






लायंस क्लब रायपुर शिखर द्वारा वर्तमान में बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए शिक्षकों के लिए किशोरावस्था शिक्षा पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम संयोजक लायन मधु यादव ने बताया कि सकारात्मक सोच, बच्चों और शिक्षकों के बीच परस्पर वार्तालाप,विद्यालय में नई गतिविधियों के साथ कैसे शिक्षण कार्य करना है। यह प्रशिक्षण अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक योगेश पोटा जी द्वारा दिया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक गवर्नर एम जे एफलायन दिलीप भंडारी, विषेश अतिथि पी एम जे एफलायन तिलोक बरडिया, लायन नितिन सलूजा,डिस्ट्रिक चेयरपर्सन लायन अजय गर्ग रहें। शहर के 6 स्कूलों से 30 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में चार्टर अध्यक्ष लायन सरोज पांडेय, चार्टर सचिव लायन चंद्रकांता ओसवाल ,लायन आशा बारेवार, लायन सोनाली,शर्मा, लायन ऊषा शर्मा, लायन लक्ष्मी बुरड, लायन रेनू गुप्ता,लायन दीपाली पॉल, लायन शोभा मोहता की विशेष सहभागिता रही।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.-अ-2 वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक विजय चन्द्रवंशी, विनय चंद्रवंशी आ. धरनीधर चन्द्रवंशी निवासी ग्राम खरहट्टा तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि लालपुरकला प.ह.नं 37 तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 335/20 रकबा 0.020 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथी 10/02/2023 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 23.01.2023**
**पेशी दिनांक - 10.02.2023**

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है की मैं अबुल फैज़ आ. मुख्तार हुसैन उम्र 36 वर्ष निवासी मकान नं. 180/2, वार्ड क्र. 12, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मनेन्द्रगढ़, जिला - कोरिया (छ.ग.) का सूचित करता हूँ की पूर्व में मुझे अबुल फैज़ ईराकी (ABUL FAIZ IRAQUI) पिता मुख्तार हुसैन ईराकी (MUKHTAR HUSSAIN IRAQUI) के नाम से जाना व पहचाना जाता था परन्तु चूंकि मेरा वास्तविक नाम अबुल फैज़ (ABUL FAIZ) व मेरे पिता का नाम मुख्तार हुसैन (MUKHTAR HUSSAIN ) है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजों में भी दर्ज है।

अतः मुझे अब अबुल फैज़ (ABUL FAIZ) पिता मुख्तार हुसैन (MUKHTAR HUSSAIN ) के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**शपथकर्ता**

# पंचायतों का ऑनलाइन पेमेंट नहीं होने से सरपंच बने कर्जदार

## देनदारी को लेकर परेशान, दुकानदार ब्याज सहित मांग रहे रकम

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com




नवगठित जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत खैरागढ़ व जनपद पंचायत छुईखदान के अधिकतर सरपंच दुकानदार से उधार मे सामान लेकर शासन के महत्वाकांक्षी योजना नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी में निर्माण कार्य सहित सार्वजनिक शौचालय सहित विभिन्न कार्य कराकर ऑनलाइन पेमेंट नही होने से परेशान हो गए हैं।

नए साल 2023 से केसीजी जिले में 15 वे वित्त राशि से ग्राम पंचायतों का ऑनलाइन भुगतान नहीं होने से दुकानदार सरपंचों से ब्याज सहित राशि की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर कई ग्राम पंचायतों में 15वे वित्त की राशि से सामाग्री सहित मजदूरी कार्य का भुगतान नहीं होने से सरपंचो में काफी नाराजगी देखी जा रही है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायतों को मिलने वाले 15वे वित्त की राशि अब तक उपसंचालक जिला पंचायत राजनांदगांव से राशि का ऑनलाइन अप्रूवल किया जाता था। लेकिन अब जिला अलग होने के कारण केसीजी जिले से ही 15वे की राशि का अप्रूवल सहित टेक्निकल कार्य होना है। टेकापार कला सरपंच राजेश सिंह, जालबांधा सरपंच दीनदयाल सिन्हा,पांडादाह सरपंच प्रतिनिधि संजय यदु,भीमपुरी सरपंच जीवन साहू, अवेली सरपंच डोरेलाल साहू, ढोलियाकन्हार सरपंच प्रतिनिधि दीपक साहू सहित अन्य सरपंचो ने बताया कि लगभग 2 माह से 15वे वित्त की राशि का ऑनलाइन भुगतान नहीं होने से बहुत समस्या उत्पन्न हो गई है। साथ ही पूर्व में कराए गए निर्माण कार्य का भुगतान नहीं होने से दुकानदार उधार में सामान नही दे रहे हैं।

वही इस पूरे मामले में खैरागढ़ जनपद पंचायत के सरपंचो ने केसीजी कलेक्टर डॉ. जगदीश सोनकर को भी इस समस्या से निजात दिलाने के लिए सीएम के नाम से ज्ञापन भी सौपा है। मिली जानकारी अनुसार इस समस्या के जल्द निराकरण के लिए पंचायत मंत्री रवींद्र चौबे को भी अवगत कराया गया है लेकिन अभी तक 15 वे वित्त की राशि का ऑनलाइन भुगतान शुरू नहीं हो सका है। अब देखना होगा कि प्रशासन की तरफ से इस समस्या का कब तक निराकरण किया जाता है।

# अभिभावक बच्चे के रुझान को समझें और उन्हें प्रोत्साहित करें : विधायक छन्नी साहू

## जोशीलमती में आयोजित हुई जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छुरिया विकासखंड के ग्राम जोशीलमती में आयोजित जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विधायक छन्नी चंदू साहू शामिल हुईं। यहां पहुंचने पर उपस्थित वरिष्ठ नागरिक व शिक्षकों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि -यह स्पधाएं बच्चों के मानसिक और शारिरिक विकास के लिए बेहद अहम हैं। खेल खेल में ही मिलने वाली शिक्षा जीवन में सदैव काम आती है।

उक्त प्रतियोगिता में विभिन्न शालाओं के बच्चे ने अलग-अलग खेलों में हुनर दिखाया। यहां पहुंची विधायक ने बच्चों से मुलाकात कर उनसे बातचीत की। उन्होंने खेल देखे और खिलाड़ियों की सराहना की। उन्होंने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि -शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। आपके कंधोपर देश के भविष्य का भार है। आप ही उन्हें गढ़ते हैं। आधुनिक युग में यह जिम्मेदारी और बड़ी है। शिक्षा में नवाचार हो रहे हैंऔर यह इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला रहे हैं। हम आप सभी के प्रयासों की सराहना करते हैं।

उन्होंने कहा कि -खेल के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। हमें इस ओर भी काम करने की जरुरत है ताकि गांवों का हुनर आगे निकलकर प्रदेश, देश का नाम रौशन कर सके। इस तरह की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के खेल कौशल को निखारने और उन्हें आगे ले जाने की ओर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि, अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चे के रुझान को समझें और उन्हें प्रोत्साहित करें।

इस दौरान विधायक छन्नी साहू के साथ ही कार्यक्रम में पूर्व विधायक भोलाराम साहू,राजकुमारी सिन्हा,चुम्मन साहू, चन्द्रिका वर्मा, महेन्द पाल, हिरामन पाल, तिलोचन साहू, तामेश्वर साहू, राजेश साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, जोशीलमती सरपंच मुलेश्वरी श्याम, दिनेश साहू, घासी दास सहित ग्रामीण व शिक्षकगण उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली सेव एनर्जी सेव लाइफ स्लोगन की तख्ती लेकर रैली



पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी/हिंदी मीडियम स्कूल के छात्र छात्राओं ने शनिवार को बैग लेस डे के मौके पर राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पर आधारित जन जागरूकता रैली निकाली । रैली स्कूल से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक पहुंची जहां बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण एवं संवर्धन पर अपनी आवाज बुलंद कर नारे भी लगाए।छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर ऊर्जा संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस दौरान लोगों को ऊर्जा संरक्षण के अभियान से भी जोड़ा गया। स्कूल में बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण की जरूरत का संदेश देते हुए चित्र भी बनाए। बच्चों के बीच निबंध, स्लोगन, ड्राइंग, पेंटिंग, वॉल पेंटिंग, रंगोली सहित अन्य प्रतिस्पर्धा भी कराई गई। जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत भी किया जाएगा। संस्था के प्रभारी प्राचार्य आरडी दुबे, पवन कुमार ददरया, स्मिता दास, रामकुमार केवट, ज्योति पोर्ते, राजेश बारले, दिव्या श्रीवास्तव, दीपिका धुर्वे, भुनेश्वरी साहू, सचिन आचले व अन्य शिक्षको को अलग-अलग विषय पर प्रभारी नियुक्त भी किया गया था।

# सांकरदाहरा में राजीव लोचन जयंती समारोह आज




**डोंगरगाव नगर।** अंचल के धर्मस्थली साँकरदाहरा में राजीव लोचन जयंती अंतर्गत आज 5 फरवरी को समारोह आयोजित होने जा रहा है। परिक्षेत्रीय साहू संघ खुज्जी द्वारा सांकरदाहरा पांगरीकला मे आयोजित समारोह में परिक्षेत्र खुज्जी के 22 गांव के सामाजिकजन शामिल होंगे। जयंती समारोह में साहू परिक्षेत्र खुज्जी का आमसभा व सामाजिक सम्मेलन आहुत किया गया है। उक्त समारोह में डोंगरगाव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक छन्नी साहू, पूर्व विधायक भोलाराम साहू, विधायक प्रतिनिधी व किसान नेता चंदू साहू, जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री व तहसील संरक्षक अमरनाथ साहू, दयाल दास साहू व सुन्दर साहू बतौर अतिथि सम्मिलित होंगे। समारोह अंतर्गत दोपहर 12 बजे से ध्वजारोहण, मंगलाचरण, पूजा आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ, अतिथी सत्कार व उद्बोधन के पश्चात महाप्रसादी भंडारा आयोजित है।

# आज पहला सेमीफाइनल : आमने - सामने होंगी ब्राह्मणपारा और मोतीपुर की टीम, फाइनल के लिए संघर्ष जारी

■ महेश नगर ने बसंतपुर को हराया, लेबर कॉलोनी को भी मिली शिकस्त

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में शहीद उदय मुदलियार स्मृति रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के पहलेसेमीफाईनल में ब्राह्मणपारा वार्ड नं. 38 और वार्ड नं. 03 मोतीपुर रविवार को आमने-सामने होंगे। इधर, अंतिम दौर के मुकाबलों में सेमीफाईनल में जगह बनाने शुक्रवार को वार्ड नं. 43 बसंतपुर बनाम वार्ड नं. 44 महेश नगरऔर वार्ड नं. 38 ब्राह्मण पारा विरुद्ध वार्ड नं. 16 लेबर कॉलोनी के बीच मैच खेले गए। राजीव फैंस क्लब के अध्यक्ष नितिन बत्रा व सचिव अमित कुशवाहा ने बताया कि, सेमीफाईनल में जगह बनाने टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिल रहा है। दर्शक खेल का आनंद ले रहे हैं। शुक्रवार को पहला मुकाबल वार्ड नं. 43 बसंतपुर बनाम वार्ड नं. 44 महेश नगर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी बसंतपुर की ओर से अजय ने 31 और नीलू ने नाबाद 35 रन बनाए। टीम का स्कोर 99 रन रहा। जवाब में महेश नगर की ओर से विवेक ने 56 और प्रिंस ने 23 रनों की नाबाद पारी खेली। बसंतपुर के गेंदबाज सफल नहीं रही और महेश नगर ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। विवेक बोरकर को उनके बेहतरीन प्रदर्शन कि लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला वार्ड नं. 38 ब्राह्मण पारा विरुद्ध वार्ड नं. 16 लेबर कॉलोनीके बीच हुआ। लेबर कॉलोनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहली पारी में 81 रन बने। लेबर कॉलोनी की ओर से बॉबी ने 26 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछे करनी उतरी ब्राह्मणपारा टीम की ओर से सलीम ने 29 और यशवंत ने 28 रन की पारी खेली। बल्लेबाजों के जबरदस्त प्रदर्शन के बूते ब्राह्मणपारा ने यह मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम कर लिया। यशवंत मैन ऑफ द मैच चुने गए। आयोजन प्रभारी चेतन भानुशालीव गुरभेज माखिजा ने बताया कि, शुक्रवार को स्पर्धा में अतिथि के रुप में एसडीएमअरुण वर्मा, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता और आईपीएल के आगामी सीज़न में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी अजय मंडलमौजूद थे। अतिथियों ने विजेता टीम और मैन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया।

# रामचरित मानस गान सम्मेलन का शोभायात्रा के साथ समापन

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



नगरवासी एवं नवयुवक मंडल परिवार पंडरिया के तत्वाधान में पांच दिवसीय श्री रामचरित मानस गान सम्मेलन का आयोजन 30 जनवरी सोमवार से प्रारंभ किया गया था जो 3 फरवरी शुक्रवार को विशाल शोभायात्रा के साथ समापन किया गया। यह समिति के आयोजन का 12वा वर्ष है जिसमें 30 आमंत्रित मानस मंडलीयो को आमंत्रित किया गया था जो रायपुर बेमेतरा महासमुंद कबीरधाम धमतरी गरियाबंद कांकेर सहित प्रदेश के कोने कोने से टीम शामिल रहे।

इस नवधा रामायण कार्यक्रम में युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, बाकेलाल वर्मा, मिलन मानिकपुरी, अनिल नामदेव, बालकदास डहरिया, जेटू साहू, कमलेश यादव, बालकिशन यादव शामिल होकर कथा का रसपान किये.प्रत्येक मानस मंडली को सप्रेम भेट कर सम्मान भी किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोगी खम्हन ताम्रकार, अजय अग्रवाल, दिलीप ओगरे, संतोष दास झारिया, चेतन देवांगन, शशि साहू, हेमंत यादव, रमाकांत साहू , टूम्मन साहू, प्रथा जायसवाल, नव युवा मण्डल के पदाधिकारी रेवा राम पटेल, तामेश्वर साहू, उत्तम यादव, नेम झारिया, राकेश साहू ,शशि साहू, यशवंत डहरिया, रामकृपाल, हेमंत झारिया, विजय यदु, रामप्रसाद, रामकुमार साहू, ऐवन साहू, फ्रुरुषोत्तम साहू, अलख साहू का भी सहयोग रहा है।

# आज से नगर में तीन दिवसीय ओपन डबल बैडमिंटन टूनामेंट

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

गंडईपंडरिया के वार्ड नम्बर 07 इंडोर स्टेडियम में आज 5 फरवरी से 7 फ़रवरी तक तीन दिवसीय ओपन डबल बैडमिंटन टूनामेंट का आयोजन बैडमिंटन क्लब गंडई के तत्वाधान में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंकिता शर्मा पुलिस अधीक्षक केसीजी, प्रशांत खांडे एसडीओपी गंडई रहेंगे. अध्यक्षता एम.एल. सिदार एसडीओ फॉरेस्ट करेंगे वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर सर्वेश सिंह अध्यक्ष बैडमिंटन संघ एवं अजय अग्रवाल समाज सेवी रहेंगे। इस टूनामेंट में प्रथम विजेता टीम को 10 हजार रु आयोजक टीम द्वारा, द्वितीय 51 सौ रु अजय अग्रवाल समाज सेवी एवं तृतीय पुरुस्कार 31 सौ रु भागचंद थधानी वरिष्ठ समाज सेवी द्वारा प्रदान किया जायेगा। विशेष सहयोगी यशपाल थधानी, दिलीप ओगरे, रवि भवनानी, डॉ अतुल ताम्रकार, अनिल जैन, दीपेश जैन, बंटी साहू, और सौरभ जंघेल रहेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम के लिए भोजन व्यवस्था आयोजक द्वारा किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में केवल केसीजी जिला के अलावा राजनांदगांव, मोहला मानपुर, कबीरधाम, धमधा के अंतर्गत आने वाले टीम ही प्रतिभागी हो सकते है। प्रत्येक प्रतिभागी टीम का एंट्री फीस 501 रु निर्धारित किया गया है।

# वेदप्रकाश ने किया गिरगांव को गौरवान्वित



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जिला स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में डोंगरगांव ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला गिरगांव के कक्षा 5वीं के छात्र वेदप्रकाश टेकाम आत्मज वासुदेव टेकाम ने अपने गांव व स्कूल को गौरवान्वित किया है। वेदप्रकाश ने विगत 1, 2 व 3 फरवरी को जोशीलमती छुरिया में आयोजित प्रतियोगिता के लम्बीकूद में प्रथम व 80 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला स्तर पर प्राथमिक शाला गिरगांव का परचम लहराया है। विद्यार्थी वेदप्रकाश के इस उपलब्धि पर प्राथमिक शाला गिरगांव के प्रधान पाठक राजकुमार ठाकुर, शिक्षकगण शशांक साहू, शमसुद्दीन अंसारी, टोमन चंद्रवंशी, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक द्वारिका प्रसाद साहू, शिक्षकगण अर्जुन साहू, योगेश निषाद, शिक्षिका सावित्री नेताम सहित सरपंच कुमान नेताम ने बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## आयोजन समिति ने लोक कलाकारों और अतिथियों का किया सम्मान

# नर्मदा महोत्सव : विधायक यशोदा ने किया शुभारंभ, रंगारंग कार्यक्रम में लोकरागिनी ने बांधा समां

■ विधायक ने कहा - ऐसे कार्यक्रम से होता हैसंस्कृति और संस्कार का विकास

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



नर्मदा मेला महोत्सव का शुभारंभ यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्र की विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए, इस ऐतिहासिक महोत्व का उद्घाटन, मां नर्मदा की आरती के साथ किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मां नर्मदा सेवा समिति के संरक्षक लाल टाकेश्वर शाह खुसरो ने किया।

केसीजी जिला मुख्यालय से लगभग 24 किलोमीटर दूरी पर नर्मदा चौक, चकनार में प्रतिवर्ष माघी पूर्णिमा को नर्मदा मेला के रूप में मनाया जाता है। स्थल पर तीन दिनों तक मेला का आयोजन किया जाता है और श्रद्धालु रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते है। इस वर्ष केसीजी जिला बनाने के बाद कलेक्टर डॉ. जदगीश सोनकर ने प्रयास करके, इसे महोत्सव का स्वरूप प्रदान किया है।

प्रथम दिवस नर्मदा मेला महोत्सव का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने कहा कि 'छ. ग. की संस्कृति और संस्कार का विकास नर्मदा मेला महोत्सव जैसे कार्यक्रम के माध्यम से होता है, इसे निरन्तर जारी रखे।'

इसके पूर्व माँ नर्मदा सेवा समिति के अध्यक्ष बी. आर. सिन्हा ने अतिथियों के समक्ष स्वागत उद्बोधन में स्थल की ऐतिहासिकता का उल्लेख किया। लोक कलाकार रिखी क्षत्री के नेतृत्व में भिलाई की 40 सदस्यीय लोकरागिनी के दल ने रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को बांधे रखा। अतिथियों ने इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया।

# जीराटोला में 6 को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता

**गंडईपंडरिया।** नगर के नजदीकी ग्राम पंचायत जीराटोला (चुचरूंगपुर) में आगामी 6 फ़रवरी को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मैच प्रारंभ शाम 4 बजे होगी। मैच में प्रथम स्थान लाने वाले टीम को विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष जिला पंचायत के द्वारा 7001 रु की राशि व शील्ड प्रदान किया जायेगा. द्वितीय पुरुस्कार 5001 रु एवं शील्ड नरसिंग साहू सरपंच ग्राम पंचायत अचानकपुर द्वारा एवं तृतीय पुरुस्कार 2501 रु व कप रमला प्रेमलाल साहू जनपद सदस्य और ममता राजेश पाल जिला पंचायत सदस्य के कर कमलों द्वारा प्रदान किया जायेगा।

# योग प्रशिक्षण शिविर का समापन



पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

जोशी लमती में आयुष विभाग द्वारा आयोजित 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ 30 जनवरी से 03 फरवरी तक जोशी लमती के स्कूल मैदान में आयोजित किया गया। जहां पर रोज बड़ी संख्या में बच्चों सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित होकर इस योग प्रशिक्षण शिविर का लाभ लिए। समापन समारोह में गांव जोशी लमती के सरपंच प्रतिनिधि मणिराम श्याम, यादवराम साहू, रामकुमार साहू, धरम दास जामुर्या शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, योग प्रशिक्षक छगन राम वर्मा, रंजन साहू, जितेंद्र साहू सहित बच्चे भी शामिल हुए। पांच दिवसीय योग शिविर में लगभग 800 लोगो ने योग का लाभ लिये ग्राम में काफी उत्साह का माहौल रहा।

# माघ पूर्णिमा पर्व पर लाखों श्रद्धालु पवित्र चित्रोत्पला-संगम में पुन्नी स्नान कर भगवान नर-नारायण का करेंगे दर्शन

## पंद्रह दिवसीय माघ पूर्णिमा मेले का विधिवत शुभारंभ आज से होगा

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



गुप्त तीर्थ धाम,माता शबरी की पुण्य जन्मभूमि व मंदिरो की नगरी शिवरीनारायण में माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि पर्व तक पंद्रह दिवसीय माघ पूर्णिमा मेले का विधिवत शुभारंभ 05 फरवरी से होगा। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़ा ऐतिहासिक धार्मिक मेले में शिरकत करने एवं पवित्र-संगम में पुन्नी स्नान के लिए पूरे देश भर के काफी संख्या में श्रद्धालु, साधु संत विश्व विधाता स्वामी जगन्नाथ जी के मूल भूमि शबरी धाम पहुंच रहे हैं।जहां पावन धाम के चित्रोत्पला गंगा जिसे पुराणों में निलोत्पल ,महानदी के नाम से अभिहित महानदी में माघ पूर्णिमा में आस्था की माघी पुन्नी का डुबकी लगाकर पुण्य स्नान करेगे और भगवान जगन्नाथ स्वामी स्वरूप भगवान नर- नारायण का दर्शन कर मेला का आनंद उठायेंगे। श्रद्धालुओं के स्नान हेतु नगर पंचायत द्वारा पवित्र- संगम के सभी घाटों की साफसफाई व प्रकाश व्यवस्था की आवश्यक व्यवस्था की गई है। ताकि किसी को असुविधा का सामना करना ना पड़े। महिलाओं के स्नान के समय कपड़ा बदलने घाटों में अस्थाई चेजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। स्नान के समय कोई अप्रिय घटना न हो इस हेतु घाटों पर पुलिस बल एवं गोताखोरों की व्यवस्था पुलिस प्रशासन द्वारा की गई है। इस वर्ष पवित्र संगम स्थल में नौका विहार की विशेष व्यवस्था की गई है इस हेतु लगभग 25 नौकाएं नौका विहार हेतु उपलब्ध है। जिसकी संचालन शाम 6:00 बजे तक किया जाना है। इस हेतु नौका विहार करने वाले पर्यटकों व नौका चालकों को आवश्यक सावधानी बरतने विशेष दिशा निर्देश दिया गया है। नगर के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर सहित धर्म नगरी के सभी मंदिरों को आकर्षक सजाया गया है जो देखते ही बन रहा है। मुख्य मंदिर के पुजारी घराने की ओर से माघ पूर्णिमा के इस महती पावन अवसर पर श्री शिवरीनारायण भगवान की मुख्य मंदिर में भगवान श्री शिवरीनारायण जी की प्रातः और संध्या बेला पर महाआरती की भव्य व्यवस्था की गई है। संध्या शुभ मुहूर्त में भगवान श्री शिवरीनारायण जी की महाआरती ढोल, नगाड़े और शंख की सुमधुर स्वर लहरियों के मध्य किया जाएगा। इस मौके पर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में जोरदार आतिशबाजी किया जाएगा श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में मंदिर मैं भगवान की महाआरती में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

# ग्राम पोंच में जंगली जानवरों का शिकार करने के लिये बिजली का बिछाने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



ग्राम पोंच में जंगली जानवरों का शिकार करने के लिये बिजली चोरी कर तार का जाल बिछाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में बलौदा पुलिस को मिली सफलता। आरोपीयों द्वारा 11000 वोल्ट बिजली से जी आई तार फंसाकर विद्युत की चोरी कर विद्युत विभाग को 426000 रु लगभग का नुकसान कारित किया गया। आरोपी भागवत प्रसाद राठौर के विरूद्ध विद्युत अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 04.02. 2023 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया प्रकरण में सम्मिलित विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड पेश किया गया
मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी एम.के. जायसवाल कनिष्ट यंत्री छ ग.रा.वि.वि.क मर्या. खिसोरा द्वारा 21.01.23 को थाना बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराया की 20.01.23 को रात्रि लगभग 10:15 बजे ग्राम पोंच का सरपंच रमाकांत साहू ने मोबाईल से सूचना दिया की उसके गांव का भागवत प्रसाद राठौर एवं एक अन्य द्वारा ग्राम पोंच के चारागाह के पास 11000 वोल्ट में अवैध रूप से जीआई तार फसा कर जंगली जानवर मारने हेतु तार फैलाया गया है, जिसके संपर्क में ग्रामवासी आने से बच गए जिसकी सूचना पर प्राप्त होने पर अपने स्टाफके साथ मौके पर पहुंचे जहाँ पोंच का सरपंच, कोटवार एवं समस्त ग्राम वासी मौजूद थे, मौके पर निरीक्षण उपरांत पाया गया की चारागाह के समीप मौजूद 11000 वोल्ट लाईन में जी आई तार लगा हुआ जिस पर थाना बलौदा में धारा 135,139 विद्युत अधिनियम 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी भागवत उर्फ राजा राठौर एवं विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा चारागाह के समीप वाले 11000 वोल्ट की लाईन से जीआई तार हुकिंग कर विद्युत चोरी करना जिससे फिडर लगभग 5 घण्टे तक बंद रहा जिससे विद्युत विभाग को 4,26,280 रूपये का नुकसान होना पाये जाने से आरोपी भागवत प्रसाद उर्फ राजा राठौर उम्र 27 वर्ष निवासी पोंच को 04.02.23 के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। प्रकरण में सम्मिलित विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे उप निरी. गोपाल सतपथी थाना प्रभारी , प्र0आर0 अवधेश तिवारी का सराहनीय योगदान रहा।

# पटवारियों को नक्शा बंटाकन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के निर्देशानुसार शनिवार मंत्रणा सभा कक्ष में राजस्व विभाग के पटवारियों के लिए नक्शा बटांकन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिले के 80प्रतिशत पटवारियों की उपस्थिति रही साथ ही इस अवसर पर अपर कलेक्टर लवीना पांडे डिप्टी कलेक्टर विजय प्रताप खेस एसडीएम पत्थलगांव श्रीराम शीला लाल अधीक्षक भूअभिलेख संदीप गुप्ता सहायक अधीक्षक भू अभिलेख रामाश्रय सिंह उपस्थित थे। कार्यशाला में नक्शा बटांकन संपूर्ण की कार्यशाला संपन्न की गई। जिसमें जिसमें आम जनता के अति महत्वपूर्ण कार्य और राजस्व के प्रकरणों का शतप्रतिशत निराकरण करने के लिए कहा गया कार्यशाला को दो भागों में विभाजित किया गया था। पटवारियों को अभिलेख शुद्धता टेक्निकल कारण का निराकरण कर नक्शा बटांकन की प्रगति को बढ़ाए जाने और दूसरी नीति जिसमें फील्ड वर्क ग्रुप इसमें ऐसे पटवारियों का समूह बनाकरऔर दो उनके सहयोगी के रुप में ग्रुप बनाया जाए और ताकि ग्रामों का अधिक नक्शा अध्यती करण किया जा सके जिसमें एक मूल नंबर में से अधिक टुकड़े किए गए हैं जिससे नक्शा बटांकन की प्रतिशत अधिक हो सके का उपयोग किया साथ ही गूगल शीट के द्वारा प्रति पटवारी की दैनिक प्रति का अंकन किया जा सके इसकी लाइव जानकारी प्राप्त की जा सके इसलिए रणनीति तैयार कर नक्शा बटाकन के महत्वपूर्ण कार्य को शत प्रतिशत करने का के उद्देश्य से योजना गत रणनीति तैयार की गई।

# नवपदस्थ कलेक्टर चौधरी ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

## मरीजों की सुविधाओं का रखे विशेष ध्यान : कलेक्टर

- कलेक्टर ने जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड, सर्जरी वार्ड, भोजन व्यस्था सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



नवपदस्थ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सुबह 9 बजे जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर डॉक्टर सहित अन्य स्टाफकी उपस्थिति तथा मरीजों को उपलब्ध कराए जा रहे स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय परिसर के सोनोग्राफी कक्ष, आपात चिकित्सा कक्ष, प्रसव कक्ष, टीकाकरण कक्ष, सर्जरी वार्ड, आइसोलेशन वार्ड, रसोई कक्ष, भोजन व्यवस्था, स्टोर रूम, पैथोलौजी, दवा वितरण कक्ष, मरीजों के बेड व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा जिला चिकित्सालय परिसर में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखे जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखने तथा बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला अस्पताल में प्रशिक्षणरत नर्सिंग छात्राओं से स्वयं अपने ब्लड प्रेशर का जांच कराते हुए उन्हें सभी चिकित्सकीय कार्यों को बारीकी से सीखने हेतु उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के एस एन सी यू शाखा में भर्ती बच्चों के माताओं से उपचार के बारे में विस्तार से चर्चा किए। कलेक्टर ने जिला अस्पताल की खिड़कियों में मरीजों की सुविधा के लिए मच्छर जाली लगाये जाने, मरीजों के बेड चादर को निर्धारित सूची के अनुसार बदले जाने सहित अन्य सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए सिस्टर इंचार्ज को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के सिंह, सिविल सर्जन डॉ. ए के जगत, जिला अस्पताल प्रबंधक डॉ दीप्ति सिंह राजपूत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध शराब बिक्री करने वालों पर की जा रही लगातार कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



अवैध शराब बिक्री करने वालों पर की जा रही लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही मुलमुला पुलिस एवं विशेष पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही 03 आरोपियों से कुल 80 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब किया गया बरामद आरोपी सुग्रीव, लखन एवं बुघुराम के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही 3 फरवरी 23 को थाना मुलमुला क्षेत्र के सबरिया डेरा में अवैध शराब बिक्री करने की सूचना प्राप्त होने पर मुलमुला पुलिस एवं विशेष पुलिस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए दबिश दिया गया जहां आरोपी सुग्रीव उम्र 22 वर्ष के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब, आरोपी लखन उम्र 25 वर्ष निवासी कोसा सबरिया डेरा के कब्जे से कच्ची महुआ शराब जुमला 25 लीटर बरामद किया गया एवं आरोपी बुघुराम उम्र 20 वर्ष सभी निवासी कोसा सबरिया डेरा के कब्जे से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल 80 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। आरोपी सुग्रीव, लखन एवं बुघुराम के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुऐ न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में विशेष टीम के साथ थाना प्रभारी मूलमुला संतोष कुमार शर्मा सहायक उपनिरीक्षक कपिल राम साहू प्रधान आरक्षक बलदेव सिंह राजपूत, विनोद कंवर, जमुना तिवारी आरक्षक राजा रात्रे, राजेंद्र राठौर, अंजनी कश्यप का विशेष योगदान रहा।

# बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एडवाइजरी कमेटी की बैठक हुई

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एडवाइज़री फोरम की दूसरी बैठक शनिवार को कलेक्टोरेट स्थित मंथन सभाकक्ष में हुई। जिसमें स्मार्ट सिटी योजना के तहत चल रहें कार्यों एवं योजनाओं के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए समय सीमा के भीतर पूर्ण हो, इसका ख्याल रखने की बात कही। इसके अलावा स्मार्ट सिटी फंड का सदुपयोग करने पर जोर देते हुए प्रोजेक्ट्स के पूर्ण हो जाने पर उसके रखरखाव के लिए स्त्रोत तैयार करने के सुझाव दिए। इससे पूर्व बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एमडी कुणाल दुदावत द्वारा फोरम के सदस्यों को स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत चल रहें कार्यों एवं योजनाओं के संदर्भ में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई। विदित है की स्मार्ट सिटी योजना में सुझाव एवं मार्गदर्शन के लिए राज्य शासन द्वारा एक एडवाइज़री फोरम का गठन किया गया है। जिसमें बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद, जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के विधायक, महापौर संभाग आयुक्त, रेंज के पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक समेत विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों तथा समाजसेवियों को इस फोरम का सदस्य बनाया गया है। एडवाइज़री फोरम की आज दूसरी बैठक सांसद अरूण साव की अध्यक्षता में की गई जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव,महापौर रामशरण यादव, मस्तूरी विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, कलेक्टर सौरभ कुमार, निगम कमिश्नर एवं एमडी स्मार्ट सिटी कुणाल दुदावत, जिपं.सीईओ जयश्री जैन, डीएफ्ओ निशांत कुमार, सीए मनोज शुक्ला, आर्किटेक्ट श्याम शुक्ला, उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी,लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता, शासकीय इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य, छत्तीसगढ चेंबर आफकामर्स के महामंत्री,आईएमए के अध्यक्ष समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

# बीआरसी कार्यालय प्रशिक्षण हाल में व्याख्याताओं को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



अधिगम अक्षमता एवं बौद्धिक निःशक्ता आधारित समावेशी शिक्षा अंतर्गत व्याख्याताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन बीआरसी कार्यालय बम्हनीडीह के प्रशिक्षण हाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालय के 20 ब्याख्याआतो को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निशक्तजन अधिकार अधिनियम 2016के अनुसार 21दिव्यांगता से परिचय, दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन, समावेशी का अर्थ, परिभाषा, महत्व व उद्देश्य,दिव्यांगता का कारण व रोकथाम के उपाय,दिव्यांगों को पहचानने हेतु विभिन्न प्रश्नावली, दिव्यांग बच्चों से संबंधित कक्षा कक्षा में किए जाने वाले प्रायोगिक कार्य(सांकेतिक भाषा,ब्रेन लिपी प्रशिक्षण) दिव्यांगजनो बच्चों हेतु विकास खंड संसाधन स्रोत केंद्र का परिचय व व्यवस्था, दिव्यांग बच्चों के परीक्षा क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिव्यांगों हेतु संचालित महत्वाकांक्षी योजनाएं, सुगम्य भारत अभियान,समावेशी शिक्षा को सफल बनाने हेतु किए जाने वाले सकारात्मक उपाय, दिव्यांग विद्यार्थियों के चिन्हांकन, मानसिक मंद व अधिगम निशक्तता से प्रभावित छात्रों को प्रशिक्षण के माध्यम से किस प्रकार से सामान्य बच्चों की तरह मुख्यधारा में लाया जा सके। बीआरसीसी एचके बेहार ने कहा कि समावेशी शिक्षा प्रत्येक दिव्यांग बच्चों के लिए उच्च और उचित उम्मीदों के साथ उसकी व्यक्तिगत शक्तियों का विकास करती है।दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ उनकी भावनात्मक क्रियात्मक बोधात्मक संवेगात्मक इत्यादि क्षेत्रों में पुनर्बलन प्रदान करती है। मास्टर ट्रेनर्स शशिबाला सिंह भूपेंद्र चंद्राकर प्रशिक्षण का संचालन डॉ उमेश दुबे ने किया।

# बजट में दपूमरे को इस बार रिकार्ड 8 हजार 4सौ करोड़ की राशि का प्रावधान

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए इस वर्ष 2023-24 में रिकार्ड बजट दिया गया है।. रेलवे में चल रही विभिन्न परियोजनाओं, नई परियोजनाओं, कार्यों एवं मदों के लिए पिछले वर्षों के मुकाबले 19 गुना ज्यादा, 8 हजार 400 करोड़ रूपयों का प्रावधान किया गया है ।. रेलवे के लिए जारी की गई बजट प्रावधान में मुख्यतः वंचितों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर जाने वाली एनर्जी कॉरीडोर हेतु एक नई लाइन कनेक्टिविटी परियोजना स्वीकृत की गई है, जिसकी कुल लागत 80 हजार करोड़ रुपए है। इस एनर्जी कॉरीडोर परियोजना के लिए वर्तमान बजट में 284 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक प्रेसवार्ता को संबोधित कर रेलवे के लिए जारी किये गए बजट प्रावधानों की जानकारी दी। इस दौरान बिलासपुर मुख्यालय, रायपुर एवं नागपुर मण्डल कार्यालय स्थित सभाकक्ष में बड़ी संख्या में रेल अधिकारी व पत्रकार उपस्थित थे। दी गई जानकारी के मुताबिक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 48 स्टेशनों को विकास के लिए चिन्हित किया गया है। इन स्टेशनों में वेटिंग हॉल, फूड स्टाल एवं रिटेल आउटलेट को एकीकृत करके बनाया जाएगा ताकि यात्रियों को एक ही जगह सारी सुविधाएं मिल सके। इन स्टेशनों में लिफ्ट/एस्केलेटर, हाई लेवल प्लेटफार्म, टायलेट्स, वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टाल, स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, स्टेशनों का स्थानीय कला एवं कलाकारों द्वारा सौंदर्यीकरण इत्यादि यात्री सुविधाओं एवं स्टेशन विकास के लिए कार्य किया जाएगा। इन स्टेशनों में भाटापारा, भिलाई पावर हाउस, तिल्दा नेवरा, बिल्हा, भिलाई, बालोद, दल्ली राजहरा, भानुप्रतापपुर, हठबंध, सरोना, बलोदा, मंदिर हसौद, उरकुरा, निपानिया, भिलाई नगर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, इतवारी, कामटी, आमगांव, भंडारा रोड, तुमसर रोड, मंडला फोर्ट, वडसा, चंदा फोर्ट, बालाघाट, नैनपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बेलपहाड़, रायगढ़, बाराद्वार, चांपा, नैला, अकलतरा, कोरबा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, बिजुरी, बैकुंठपुर, अंबिकापुर, ब्रजराजनगर, बिलासपुर प्रमुख है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मुख्यतः 3 स्टेशनों, बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग को स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत चिन्हित किया गया है। इन 3 स्टेशनों का पुनर्विकास एयरपोर्ट की तर्ज पर मल्टी मॉडल इंट्रीग्रेशन रेगुलेटेड ट्रैफिक मूवमेंट, वर्ल्ड क्लास फैसिलिटी, सस्टेनेबल डिजाइन के साथ नई बिल्डिंग का निर्माण किया जायेगा जिसमें कानकोर्स सुविधा, रिटेल शॉप आदि, रेस्टोरेन्ट आदि का भी प्रावधान किया जाएगा।

## दिशा समिति की बैठक में केन्द्रीय योजनाओं की गहन समीक्षा

# शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को समय पर दिलाना करें सुनिश्चत करें

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक यहां जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में सांसद अरूण साव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित योजनाओं में प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में साव ने जिले के सभी अधिकारियों को योजनाओं के तहत् मंजूर किये गये कामों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों की सहूलियत के लिए स्वीकृत किये गये विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए लगातार समीक्षा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता पर असंतोष प्रकट करते हुए और तेज गति से काम करने के निर्देश दिये हैं। जनहित की योजनाओं का शत-प्रतिशत फायदा लोगों को मिलना चाहिए। बैठक में मस्तूरी विधायक कृष्णमूर्ति बांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, महापौर रामशरण यादव सहित सभी जनपद एवं नगरीय निकायों के अध्यक्ष मौजूद थे। कलेक्टर सौरभ कुमार ने योजनाओं की ताजा प्रगति से समिति को अवगत कराया। सांसद साव ने एजेण्डा के अनुरूप बारीकी से योजनाओं की समीक्षा की तथा बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। जिला पंचायत सीईओ जयश्री जैन ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा में 1 लाख 93 हजार 374 पंजीकृत परिवारों को जॉब कार्ड जारी किया गया है। मनरेगा के तहत् 413 वन अधिकार पट्टाधारी परिवारों ने 100 दिवस का रोजगार पूरा किया है। मनरेगा के तहत इस वित्तीय वर्ष में अब तक 93 करोड़ 76 लाख रूपए का व्यय किया गया है। जिसमें मजदूरी पर 62 करोड़ 17 लाख रूपए से अधिक की राशि व्यय की गई है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन का कार्य लोगों के लिए लाभप्रद होना चाहिए। मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने कहा। लिमतरा से कर्रा मार्ग सहित योजना के तहत अधूरे पड़े कार्यो को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी आवास योजना को दुरूस्त करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि यह गरीबों के स्वयं के मकान होने के सपने को साकार करने वाली योजना है। इसमें किसी तरह की कोताही स्वीकार नहीं की जायेगी। लोगों को आवास के लिए भटकना न पड़े। सांसद ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गरमी के मौसम में ग्रामों में पेयजल की समस्या न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा गांवों में पेयजल की दिक्कतों का तत्परता से निराकरण के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत संचालित कामों की ठीक से मॉनीटरिंग करने के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अनुसूचित जाति बहुल गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए चलाई जा रही है। फिलहाल 50 ग्रामों में यह योजना लागू है। गांवों में योजना की जानकारी देने के लिए होर्डिंग्स लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने योजना का प्रचार-प्रसार व्यापक रूप में करने कहा। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पेंशन योजना, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक के अंत में आभार प्रकट किया।

# किसान क्रेडिट कार्ड और गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की दी गई जानकारी



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कांसाबेल विकास खंड के ग्राम नकबार में ग्राम जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें उपसंचालक कृषि जशपुर एम आर भगत के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड की योजना के बारे मे विस्तार से किसानों को जानकारी दी गई। इसके अलावा शासन के द्वारा संचालित अन्य योजना गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, शाकंभरी योजना,किसान समृद्धि योजना, स्प्रिंकलर के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। चौपाल में राजेंद्र सिंह प्र. व. कृषि वि. अधि. कांसाबेल, पूनम लाल केरकेट्टा कृषि वि.अधि.कांसाबेल, पूनम चंद यादव ग्रा. कृषि वि.अधिकारी नक़बार उपस्थित रहे।




भगवान शिवरीनारायण की पुण्य धरा में

**श्रीमती अंजनी तिवारी**
अध्यक्ष
नगर पंचायत, शिवरीनारायण

पधारे समस्त श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन

**मनोज तिवारी**
पार्षद एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि
नगर पंचायत, शिवरीनारायण

---

छत्तीसगढ़ के प्रयागराज शिवरीनारायण मेला में पधारे समस्त श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन

**सोम पैथालॉजी लैब**
खून, पेशाब जांच सुविधा

**एस.एन.साहू**
रपटा मार्ग, शिवरीनारायण तीर्थ

---

शबरी की पावन धरा में पधारे
समस्त श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन

**सिंघानिया प्रोवीजन**

**प्रो. प्रहलाद सिंघानिया**
तुस्मा रोड, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास, शिवरीनारायण

---

शबरी की पावन धरा में पधारे
समस्त श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन

**रवि ट्रेडर्स**

छड़ सीमेंट,टाईल्स,मार्बल,टीन,पाईप एवं सेनेटरी सामानों के विक्रेता
तुस्मा रोड, शिवरीनारायण

---

तीर्थ नगरी **शिवरीनारायण** में पधारे समस्त श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन

**लक्ष्मण चौहान**
पार्षद वार्ड क्र.- 13, नगर पंचायत शिवरीनारायण

---

शिवरीनारायण मेला में पधारे
समस्त श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन

**शिवशंकर सोनी**
पार्षद वार्ड क्र. - 08, नगर पंचायत शिवरीनारायण

---

शिवरीनारायण मेला में पधारे
समस्त श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन

**सुबोध शुक्ला**
अध्यक्ष
अन्नपूर्णा विपणन सहकारी समिति
पामगढ़, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

विनीत : संचालकगण व कर्मचारीगण
विपणन समिति पामगढ़

---

शिवरीनारायण मेला में पधारे समस्त श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन स्वागत

**कान्हा जी ट्रैवेल्स**
बसना से प्रयागराज, व्हाया-शिवरीनारायण, बिलासपुर
(टिकट बुकिंग के लिए संपर्क करें एसी सेमी स्लीपर बस सर्विस)

**कान्हा जी फैमिली रेस्टोरेंट**
केरा चौक बस स्टैंड शिवरीनारायण

कान्हा यादव

डेली बस सर्विस, संपर्क : 91444-11123

---

शिवरीनारायण मेला में पधारे
समस्त श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन

**भोलू भाई ट्रेडिंग**
शिवरीनारायण
सभी प्रकार के ट्रांसपोर्ट कार्य हेतु सम्पर्क करें

यशवंत केशरवानी, मो.: 83495-66476

---

शिवरीनारायण मेला में पधारे समस्त श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन

**डॉ. विश्वास क्लीनिक**
हाइड्रोसिल, बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज
रपटा मार्ग, शिवरीनारायण तीर्थ, मो.-8109407158

**बंगाली मूर्तिकार**
सभी प्रकार के देवी-देवताओं, गणेश,दुर्गा,काली, विश्वकर्मा आदि के आकर्षक मूर्ति बनाये जाते है

रपटा रोड, शिवरीनारायण (छ.ग.)

---

संकलनकर्ता: अश्वनी केशरवानी, संवाददाता - शिवरीनारायण, मो.: 79991-61955

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403